RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 88
नई दिल्ली, बुधवार, 1 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com






जैसी भी पिच मिले उससे कोई शिकायत नहीं
स्पोर्ट्स-12


# निर्यात मोर्चे पर चुनौती से धीमी हो सकती है अर्थव्यवस्था की रफ्तार

## वित्तीय वर्ष 2024 में भारत के आर्थिक विकास की दर 7 से घटकर 6.5 फीसदी होने का अनुमान

- महामारी, लॉकडाउन के कारण वैश्विक उत्पादन में गिरावट, रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते विभिन्न देशों में बढ़ी महंगाई
- इसके बावजूद भारत बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले तीव्र आर्थिक वृद्धि हासिल करने वाला देश बना रहेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आर्थिक समीक्षा**



**वित्तीय** वर्ष 2024 में भारत के आर्थिक विकास की दर 7 से घटकर 6.5 फीसदी होने का अनुमान है। रूस और यूक्रेन की जंग के कारण वैश्विक आर्थिक उठापटक के कारण पूर्व वित्तीय वर्ष में देश के निर्यात पर बुरा प्रभाव पड़ा। इसके बावजूद भारत देश दुनिया में बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले तीव्र आर्थिक वृद्धि हासिल करने वाला बना रहेगा। संसद में मंगलवार को पेश की गई आर्थिक समीक्षा में भारत के सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुमान 6.1 फीसदी ज्यादा रहने का अनुमान लगाया गया है। मौजूदा वित्तीय वर्ष (अप्रैल 2022 से मार्च 2023) देश का आर्थिक विकास सात फीसदी था जबकि इससे पहले के साल में 8.7 प्रतिशत था।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में आर्थिक सर्वे 2022-23 को पेश किया। कल वे केंद्रीय बजट 2023-24 पेश करेंगी। रिपोर्ट मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने तैयार की है। नागेश्वरन ने कहा, वर्ष 2020 से कम-से-कम तीन झटकों ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को झकझोरा है। उन्होंने कहा कि इसकी शुरूआती महामारी और उसकी रोकथाम के लिए लगाए गए लॉकडाउन के कारण वैश्विक उत्पादन में गिरावट से हुई। उसके बाद पिछले साल से रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण दुनिया के विभिन्न देशों में महंगाई बढ़ी। उसके बाद अमेरिकी फेडरल रिजर्व समेत विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों ने मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिए नीतिगत दरें बढ़ाई।

अमेरिकी केंद्रीय बैंक के नीतिगत दर बढ़ाने से दूसरे देशों से पूंजी अमेरिकी बाजार में गई और इससे दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में मजबूती आई। इससे भारत जैसे शुद्ध आयातक देशें में चालू खाते का घाटा और मुद्रास्फीति दबाव बढ़ा। समीक्षा में कहा गया है, हालांकि महामारी से प्रभावित होने


(शेष पेज 8)


**प्रमुख बातें**

- क्रय शक्ति समता (पीपीपी) आधार पर भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।
- महामारी के दौरान अर्थव्यवस्था ने जो गंवाया था, उसे लगभग फिर से प्राप्त कर लिया गया है।
- देश ने महामारी के बाद जो पुनरुद्धार हासिल किया, वह अपेक्षाकृत तेज था।
- रुपए की विनिमय दर में गिरावट को लेकर चुनौती बरकरार।
- बाह्य मोर्चे पर स्थिति अभी काबू करने लायक।
- देश के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार। इससे चालू खाते के घाटे की भरपाई हो सकती है।
- पीएम किसान, पीएम गरीब कल्याण योजना जैसी योजनाओं ने गरीबी कम करने में योगदान दिया है।
- पुरानी मांग के सामने आने और बिना बिके मकानों की संख्या कम होने के साथ घरों के दाम बढ़ रहे हैं।

# एलओसी व एलएसी पर दुस्साहस का दिया मुंहतोड़ जवाबः राष्ट्रपति

- राजनीतिक व आर्थिक रूप से मजबूत भारत में ही कायम रहेगी स्थिरता और शांति
- एक तरफ तीर्थों और ऐतिहासिक धरोहरों का विकास, तो दूसरी ओर भारत बन रहा अंतरिक्ष ताकत



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सरकार ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) से लेकर वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) तक हर दुस्साहस का कड़ा जवाब दिया गया है। सरकार ने देशहित को सदैव सर्वोपरि रखा और नीति-रणनीति में संपूर्ण परिवर्तन की इच्छाशक्ति दिखाई।

राष्ट्रपति ने बजट सत्र के पहले दिन ऐतिहासिक केंद्रीय कक्ष में मंगलवार को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए अपने पारंपरिक अभिभाषण में यह बात कही। उन्होंने अपने संबोधन में किसी देश का नाम नहीं लिया, परंतु उनकी यह टिप्पणी पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ भारत के सीमा विवाद और जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद की चुनौतियों के बीच आई है।

राष्ट्रपति अभिभाषण वह महत्वपूर्ण वक्तव्य होता है जिसमें देश एवं शासन, रक्षा, विदेश नीति आदि प्रमुख मुद्दों पर सरकार के रुख की झलक मिलती है। लगभग एक घंटे के अभिभाषण में देश की पहली आदिवासी समुदाय से ताल्लुक रखने वाली राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने समाज के वंचित वर्गों की आकांक्षाओं को पूरा किया है। अभिभाषण में राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी सरकार का स्पष्ट मानना है कि स्थाई शांति तभी संभव है, जब हम राजनीतिक और रणनीतिक रूप से सशक्त होंगे। यही वजह है कि देश अपनी सैन्य शक्ति के आधुनिकीकरण पर निरंतर बल दे रहा है।

किसी देश का नाम लिए बिना राष्ट्रपति मुर्मू ने यह भी कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर आतंकवाद पर कठोर प्रहार तक, एलओसी से लेकर एलएसी तक हर दुस्साहस के कड़े जवाब तक, अनुच्छेद 370 को हटाने से लेकर तीन तलाक तक, मेरी सरकार की पहचान एक निर्णायक सरकार की रही है। भारत ने सितंबर 2016 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाते हुए सर्जिकल स्ट्राइक की थी। पिछले दिनों कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल


(शेष पेज 8)


# अडाणी समूह के शेयरों में मिला-जुला रुख

- कारोबारी सत्र के अंत में ग्रुप की 10 में से तीन कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ हुए बंद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अडाणी** समूह के शेयरों में मंगलवार को भी भारी उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी रहा। अमेरिका की शॉर्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में अडाणी समूह पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। यह रिपोर्ट आने के बाद से समूह की कंपनियों के शेयर लगातार नीचे आ रहे हैं और यह लगातार चौथा सत्र है जब इनमें गिरावट आई है।

अडाणी समूह की कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस घटनाक्रम के बीच लगभग 5.5 लाख करोड़ रुपए या 29 प्रतिशत घट गया है। हिंडनबर्ग की यह रिपोर्ट अडाणी एंटरप्राइजेज की तरफ से 20,000 करोड़ रुपए का अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) लाने के ऐन पहले 24 जनवरी को आई थी। हालांकि, इस रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों को अडाणी समूह ने खारिज किया है। मंगलवार के कारोबारी सत्र के अंत में अडाणी समूह की 10 में से तीन कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। अडाणी टोटल गैस का शेयर 10 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। वहीं अडाणी पावर 4.99 प्रतिशत और अडाणी विल्मर पांच प्रतिशत नीचे बंद हुआ।

हालांकि, अडाणी समूह की अन्य कंपनियों... अडाणी ग्रीन एनर्जी 3.06 प्रतिशत, अडाणी ट्रांसमिशन 3.73 प्रतिशत, एनडीटीवी 1.35 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 2.67 प्रतिशत, अडाणी एंटरप्राइजेज 3.35 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स 3.50 प्रतिशत और एसीसी का शेयर 3.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि मंगलवार को अडाणी एंटरप्राइजेज के एफपीओ (अनुवर्ती सार्वजनिक पेशकश) को पूर्ण अभिदान मिलने से निवेशकों की धारणा को बल मिलेगा।

# दो हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों की पदोन्नति की सिफारिश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय कॉलेजियम ने मंगलवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल और गुजरात हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरविंद कुमार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के तौर पर प्रोन्नति करने की केंद्र से सिफारिश की। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किए गए प्रस्ताव के अनुसार देश के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में कॉलेजियम के सभी छह सदस्यों ने एकमत से न्यायमूर्ति बिंदल के नाम की सिफारिश की। इसमें कहा गया है कि हालांकि, न्यायमूर्ति केएम जोसेफ को न्यायमूर्ति कुमार के नाम की सिफारिश करने में आपत्ति थी। प्रस्ताव में कहा गया है कि इलाहाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की नियुक्ति के संबंध में कॉलेजियम के सभी सदस्य एकमत थे। हालांकि, गुजरात हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की नियुक्ति के संबंध में न्यायमूर्ति जोसेफ ने इस आधार पर अपनी आपत्ति व्यक्त की है कि उनके नाम पर बाद में विचार किया जा सकता है।

# भारत ने पाक में बम धमाके की निंदा की

- पीड़ितों और परिवारजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की, मरने वालों की संख्या 100 हुई
- संयुक्त राष्ट्र ने भी की हमले की निंदा

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली, पेशावर



पेशावर में विस्फोट स्थल पर जांच करते पाकिस्तानी अधिकारी

**पाकिस्तान** के पेशावर शहर में हुए आतंकी हमले की भारत ने मंगलवार को कड़ी निंदा की और पीड़ितों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना जताई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत हमले में मारे गए लोगों के परिजन के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है।

वहीं संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस और सुरक्षा परिषद ने पाकिस्तान के पेशावर शहर में मस्जिद में हुए आत्मघाती हमले की निंदा की है। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने कहा कि देशों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके क्षेत्र का इस्तेमाल आतंकवादी कृत्यों के लिए न हो। गुतारेस ने एक बयान में सोमवार को हुए विस्फोट की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह काफी घिनौना है क्योंकि हमला एक धार्मिक स्थल पर किया गया।

दूसरी ओर पाकिस्तान के पेशावर में सोमवार को एक मस्जिद में नमाज के दौरान हुए आत्मघाती हमले में मृतकों की संख्या बढ़कर 100 हो गई है। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, हमलावर दोपहर की नमाज के समय अग्रिम पंक्ति में था, जब उसने विस्फोट कर खुद को उड़ा लिया। विस्फोट से मस्जिद की छत गिर पड़ी, जिससे नमाज पढ़ने वाले मलबे के नीचे दब गए। लेडी रीडिंग हॉस्पिटल (एलआरएच) के प्रवक्ता मोहम्मद असीम ने कहा कि अस्पताल में 100 शव लाए गए। असीम ने कहा कि 53 घायलों का अभी इलाज जारी है, जबकि सात को गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर घायल खतरे से बाहर हैं। घटना में हताहत हुए ज्यादातर लोग पुलिसकर्मी थे।


(संबंधित समाचार पेज 10)


# व्यभिचार के लिए सशस्त्र बल कर सकते हैं अधिकारियों पर कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को व्यवस्था दी कि सशस्त्र बल व्यभिचार के लिए अपने अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर सकते हैं। अदालत ने व्यभिचार को अपराध की श्रेणी से बाहर करने वाले 2018 के ऐतिहासिक फैसले को स्पष्ट करते हुए कहा कि उस समय का कोर्ट का फैसला सशस्त्र बल अधिनियमों के प्रावधानों से संबंधित नहीं था।

न्यायमूर्ति के एम जोसेफ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अनिवासी भारतीय जोसेफ शाइन की याचिका पर 2018 में व्यभिचार के अपराध से जुड़ी भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 497 को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया था। मंगलवार को अपने फैसले में पीठ ने कहा कि उस समय का निर्णय सशस्त्र बल अधिनियमों के प्रावधानों से संबंधित नहीं था। पीठ में न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी, न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस, न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार भी शामिल थे। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल माधवी दीवान ने 2018 के फैसले पर स्पष्टीकरण का अनुरोध किया।

रक्षा मंत्रालय ने 27 सितंबर, 2018 के फैसले से सशस्त्र बलों को छूट देने के लिए शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसमें कहा गया था कि यह उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई में बाधा बन सकता है, जो इस तरह के कार्यों में लिप्त हैं और सेवाओं के भीतर अस्थिरता पैदा कर सकते हैं। अर्जी में कहा गया कि उपरोक्त (2018 के) फैसले के मद्देनजर, चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने परिवारों से दूर काम कर रहे सैन्य कर्मियों के मन में हमेशा अप्रिय गतिविधियों में परिवार के शामिल होने के बारे में चिंता रहेगी।

**बाजार**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,549 | ↑ 49 | |
| निफ्टी | 17,662 | ↑ 13 | |
| सोना | 56,780 | ↓ 105 | /10g |
| चांदी | 68,418 | ↓ 379 | /kg |

**क्विक न्यूज**

### एयर इंडिया पेशाब कांड के आरोपी को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने न्यूयॉर्क से दिल्ली आने वाली एयर इंडिया की एक उड़ान में एक महिला सहयात्री पर पेशाब करने के आरोपी शंकर मिश्रा को मंगलवार को जमानत दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरज्योत सिंह भल्ला ने एक लाख रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही रकम की जमानत राशि पर यह राहत दी। मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा जमानत से इनकार के बाद आरोपी ने अपील दायर की थी। मिश्रा को छह जनवरी को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया था और यहां की एक अदालत ने सात जनवरी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। मिश्रा ने पिछले साल 26 नवंबर को एयर इंडिया की एक उड़ान के बिजनेस क्लास में नशे की हालत में 70 वर्षीय एक महिला पर कथित तौर पर पेशाब किया था।

# धनबाद की इमारत में भीषण आग, 14 की मौत

- 12 से अधिक लोग घायल, विवाह कार्यक्रम में दीये से आग लगने की आशंका

**पायनियर समाचार सेवा।** धनबाद

**झारखंड** के धनबाद जिले में शक्ति मंदिर रोड स्थित आशीर्वाद अपार्टमेंट में मंगलवार शाम लगी भीषण आग में 14 लोगों की मौत हो गई और 12 से अधिक लोग घायल हो गए। राज्य की राजधानी रांची से करीब 160 किलोमीटर दूर धनबाद में जोड़ाफाटक इलाके के आशीर्वाद टावर में शाम छह बजे आग लगी।

झारखंड के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने बताया कि आशीर्वाद अपार्टमेंट के एक फ्लैट में विवाह का कार्यक्रम चल रहा था और आशंका है कि इसी दौरान दीपक के कारण लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिससे बच्चों एवं महिलाओं समेत 14 लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में 12 से अधिक लोग घायल हुए हैं और उन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सुखदेव सिंह ने बताया कि अग्निशमन दल ने रात्रि लगभग नौ बजे तक आग पर काबू पा लिया, लेकिन राहत एवं बचाव का कार्य अभी जारी है।

उन्होंने बताया कि मृतकों की संख्या में वृद्धि की आशंका है। इससे पहले, धनबाद के उपायुक्त संदीप सिंह ने कहा था कि आग लगने की घटना में कम से कम आठ लोगों की मौत हुई है। उन्होंने साथ ही कहा था कि हताहतों की सटीक संख्या अभी पता नहीं चल पाई है।

# कबाड़ से बनेगा चिड़ियाघर, डायनासोर के साथ दहाड़ेगा शेर

- नोएडा के सेक्टर 94 में 25 एकड़ में 500 टन लोहे से विकसित होगा 4-डी पार्क
- एनसीआर के लोगों को मिलेगा एक अनूठा आधुनिक पिकनिक स्पॉट

**रिंकू यादव।** नोएडा





**एनसीआर** के महत्वपूर्ण शहर नोएडा में लोहे के कबाड़ से एक अनोखा चिड़ियाघर बनाने का प्रस्ताव है। शहर के सेक्टर-94 में लगभग 25 एकड़ में 500 टन लोहे से बनने वाले इस 4-डी चिड़ियाघर में यूं तो सभी जानवर की आकृतियां लोहे से गढ़ी जाएंगी।

लेकिन ऐसी तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा कि पहली बार एक साथ डायनासोर और शेर की दहाड़ सुन पाएंगे। इतना ही नहीं, इसमें जंगली जानवरों को हिलते-डुलते और टहलते हुए देख सकेंगे। फोर-डी तकनीक पर आधारित चिड़ियाघर में असली जानवरों जैसी आवाजें सुनाई देंगी, जिसे सुनकर कोई भी रोमांचित हो उठेगा। प्राधिकरण अधिकारियों के मुताबिक एनसीआर का पहला नेचुरल ट्रेल ऑफ आर्टिफिशियल जू थीम पार्क का निर्माण नोएडा में होगा। इसके निर्माण के लिए चयनित कंपनी के साथ प्राधिकरण बांड साइन करेगी। कंपनी फोर-डी कांसेप्ट पर आधारित पार्क का निर्माण फरवरी से शुरू कर देगी। इस पार्क को बनाने वाली कंपनी ही संचालन और देखरेख के साथ रख रखाव भी करेगी।

सेक्टर-94 में करीब 25 एकड़ भूमि पर 500 टन कबाड़ के लोहे से फोर-डी तकनीक पर आधारित चिड़ियाघर के निर्माण के लिए तीन कंपनियां आगे आईं थीं, जिनमें से एक कंपनी का चयन प्राधिकरण ने किया है। उम्मीद जताई जा रही है कि चयनित कंपनी फरवरी में कार्य शुरू कर एक वर्ष में फोर-डी कांसेप्ट जू पार्क तैयार कर देगी। जानकारी के मुताबिक पार्क में आने वाले लोगों के लिए टिकट रखा जाएगा। पार्क में लोगों को आकर्षित करने के लिए ही इसे सेक्टर-94 के पास बनाया जा रहा है ताकि नोएडा के साथ ही दिल्ली, ग्रेटर नोएडा और फरीदाबाद के लोग भी यहां आसानी से आ सके। पार्क को मास्टर प्लान-2031 में रिक्रिएशनल ग्रीन के तहत बनाया जाएगा। इसमें जो जंगली जानवर कबाड़ से बनाए जाएंगे, वे दिखने में असली जैसे लगेंगे, लेकिन उनकी प्रतिक्रिया असली जानवरों जैसी नहीं होंगी। वे हिलेंगे-डुलेंगे तो, लेकिन असली जानवरों की तरह चलने-फिरने और कूदने में सक्षम नहीं होंगे। असली जानवरों की तरह ही उनके शरीर में प्रतिक्रिया होगी और ये आवाज भी करेंगे। करीब 15 करोड़ रुपये खर्च होंगे। कबाड़ लोहे को प्लांट में री-साइकिल कर स्कल्पचर बनाए जाएंगे। इसके अलावा प्लास्टिक वेस्ट का प्रयोग भी किया जाएगा। जिस एजेंसी को निर्माण करने का कार्य सौंपा जाएगा, वह एजेंसी 20 वर्ष तक इसका संचालन और रखरखाव का कार्य भी करेगी।

### रेस्तरां, फूड कोर्ट के साथ मिलेंगी कई सुविधाएं

**इस** 4-डी चिड़ियाघर के कुछ हिस्से में लोहे से बने जानवर लगाए जाएंगे, और एक प्रतिशत हिस्से में रेस्तरां, फूड कोर्ट, वेंडिंग जोन, इंडोर गेम, रिटेल दुकानें भी होंगी, ताकि यहां आने वाले दर्शकों को किसी तरह की दिक्कत न हो और वे घर से बाहर घूमने के साथ-साथ खाने-पीने का लुत्फ उठा सकें। इन सुविधाओं का निर्माण कुल ग्रीन एरिया का एक प्रतिशत हिस्से में किया जाएगा। बाकी पूरे हिस्से में हरियाली होगी, जो लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करेगी।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की डाटा सेंटर स्कीम लांच

## 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश और 10 हजार लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने निवेशकों की मांग को देखते हुए डाटा सेंटर के लिए 10 भूखंडों की योजना लांच कर दी है। इस योजना के लिए सोमवार से ही ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। 20 फरवरी तक पंजीकरण किए जा सकते हैं। अगर सभी 10 भूखंड आवंटित हो जाते हैं तो इससे करीब 30 हजार करोड़ के निवेश और 10 हजार युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने का अनुमान है।



ग्रेटर नोएडा डाटा सेंटर के हब के रूप में तेजी से उभरा है। देश का सबसे बड़ा डाटा सेंटर हीरा नंदानी ग्रुप ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क फाइव में चल रहा है। कई बड़ी कंपनियां ग्रेटर नोएडा में निवेश करना चाह रही हैं। इसे देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने डाटा सेंटर भूखंडों की योजना जल्द लाने के निर्देश दिए थे। सीईओ की पहल पर संस्थागत विभाग ने डाटा सेंटर के 10 भूखंडों की स्कीम लांच कर दी है। इनमें से पांच भूखंड सेक्टर टेकजोन और पांच भूखंड सेक्टर नॉलेज पार्क फाइव में स्थित हैं। ये भूखंड 8080 वर्ग मीटर से लेकर 1.07 लाख वर्ग मीटर एरिया तक के हैं। इस स्कीम की समस्त जानकारी सहित ब्रोशर को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट और भारतीय स्टेट बैंक के वेब पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। इस स्कीम में पोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। ब्रोशर डाउनलोड करने की सुविधा सोमवार से ही शुरू कर दी गई है। 20 फरवरी तक पंजीकरण किया जा सकता है। प्रोसेसिंग फीस जमा करने की अंतिम तिथि 22 फरवरी है। डॉक्यूमेंट जमा करने की अंतिम तारीख 24 फरवरी है।

भूखंडों का आवंटन ई-ऑक्शन के जरिए होगा। अगर ये सभी 10 भूखंड आवंटित हो जाते हैं, तो करीब 30 हजार करोड़ का निवेश और 10 हजार युवाओं को प्रत्यक्ष और 15 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने का आकलन है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी का कहना है कि ग्रेटर नोएडा डाटा सेंटर के हब के रूप में तेजी से उभरा है। यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टीविटी से निवेशक बहुत प्रभावित हैं। यहां डाटा सेंटर फील्ड में बड़े पैमाने पर निवेश की उम्मीद है।

# टेंडर में बदलाव के बाद भूमिगत पार्किंग संचालन के लिए 12 कंपनियां सामने आई

**● क्लस्टर-1 और 6 की सात फरवरी और क्लस्टर-8 की 14 फरवरी को प्री क्लासिफिकेशन बिड को खोली जाएगी**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा ट्रैफिक सेल एनटीसी की ओर से जारी किए गए एक, तीन, पांच की भूमिगत पार्किंग टेंडर के लिए 12 कंपनियां आई है। इन कंपनियों में किसी एक कंपनी का चयन किया जाएगा। जो तीनों पार्किंग का संचालन करेगी। इनके प्रपत्रों की जांच की जा रही है। इसके बाद फाइनेंशियल बिड खोली जाएगी।

इससे पहले भी कई कंपनियां आई थी। लेकिन अधिकांश कंपनियां दागी थी। नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल.1 के वरिष्ठ प्रबंधक डोरी लाल वर्मा ने बताया कि टेंडर नीति में बदलाव कर दिया गया है। दागी एजेंसी व ठेकेदारों को प्राधिकरण से बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। इसलिए भूमिगत पार्किंग का टेंडर दोबारा से जारी किया गया है। इसी तरह सरफेस पार्किंग को लेकर तीन क्लस्टर एक, छह और आठ के टेंडर जारी किए गए है। इनमें से क्लस्टर-1 और 6 की सात फरवरी और क्लस्टर-8 की 14 फरवरी को प्री क्लासिफकिशन बिड को खोली जाएगी। बता दें कि नोएडा ट्रैफिक सेल एनटीसी की ओर से शहर में व्यवस्थित पार्किंग के लिए 54 स्थानों पर सरफेस पार्किंग का दो बार टेंडर जारी किया है। पहली बार में 17 एजेंसियों ने आवेदन किया, लेकिन सभी एजेंसियों चरित्र प्रमाण पत्र में फेल हो गई।

कुछ तो प्राधिकरण में 23 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया नहीं चुका पाने में डिफॉल्ट श्रेणी में खड़ी हो गई, जिन्हें बाहर का रास्ता दिखाया गया।

दूसरी बार टेंडर में 12 एजेंसियों ने आवेदन किया, स्थिति पूर्व की भांति रही। ऐसे में अब फिर से टेंडर प्रक्रिया की जा रही है। इन दोनों तरह की पार्किंग के लिए फरवरी में कंपनी का चयन कर लिया जाएगा। इसके बाद पार्किंग का संचालन किया जाने लगेगा। क्लस्टर-1 में वर्क सर्किल-1 इसमें सेक्टर-2,6,8,15 और 16 है।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम् सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।

| | | |
|---|---|---|
| HR03C2515, | DL8CV1354, | DL8SG1230, |
| DL6CB5459, | DL2CAC4819, | DL4SAE8920, |
| DL3CAF3759, | UP16A8681, | DL6SL0905, |
| DL9CJ5451, | DL4CAF3282, | DL4SAN5763, |
| DL4CR3502, | DL9CS2054, | DL8SL6321, |
| DL4CR3692, | DL4CAV0598, | DL8SY1783, |
| DL2CL9015, | DL9CH3505, | DL8SH4533, |
| DL4CR8204, | HR29AC9479, | DL8SZ6461, |
| DL4CR8450, | DL4CAB4875, | DL3SAK8166, |
| BLL811, | DL6CD1534, | DL8SAJ0401, |
| DL9CM6832, | HR26Y2612, | DL8SF6908, |
| DL4CNA1305, | DL9CJ9125, | DL4SAU6852, |
| DL9CS0390, | DL8CL6638, | DL4SG8905, |
| HR439242, | DL1CL3025, | DL8SAF3552, |
| DL9CQS3875, | DL2CK8449, | DAF7263, |
| DL4CNB5503, | DL9CT1550, | DL6SS9095, |
| DL2CL8487, | DL9CQS4023, | DL4SU9876, |
| DL4CQ1071, | DL4CAA8007, | DL4SBE3531, |
| DL4CAV0895, | PB13H2727, | DL1SR1224, |
| DL3CAP8454, | DL4CND1404, | DL4SAM9191, |
| HR26AM7343, | DL2CA0811, | DL4SAG4191, |
| DL4CAH3599, | UP14AC8259, | HR20B9080, |
| DL4CJ6563, | DL7CC6905, | DL4SBJ2861, |
| DL2FGM0026, | DL1SH9881, | DL4SBH7551, |
| HR26K6452, | DL2SE5768, | DL4SNB4979, |
| DL3CBN0734, | DL7SAH2387, | DL8SAE8621, |
| DL2CU1212, | DL3SS2548, | DL4SAM0733, |
| DL3CAD0774, | UP14M4009, | DL4SAY7402, |
| DL3CAL3277, | DL3SAK4533, | DL6SL1363, |
| DL3CA9788, | DL5SB1483, | DL7SAP4105, |
| DL8CD5995, | DL3SAQ2503, | DL4SBC0119, |
| DL4CNC2017, | DNE5237, | DL4SAR6057, |
| DL6CK4346, | MH02AZ5365, | DDR5838, |
| PB35E7026, | DL7SAC5662, | DL4SS7343, |
| DL4CR1441, | DL3SAB2100, | DL9SD4663, |
| DL2CC2051, | DL7SAA3071, | DL4SL9478, |
| DL9CP8164, | DDK7893, | DIV4624, |
| DL4SAA0074, | DL6SW1581, | DDR9406, |
| DL6CK3286, | UP51H1722, | HR26AL8299, |
| SB308- | DL4SW1865, | DL8SN9633, |
| IN850045, | CH01L9386, | DL4ST0619, |
| DL3CAJ2330, | DL8SZ5814, | DL4SAL1548, |
| DL4CNA5273, | DL8SY4996, | DL6SL4639, |
| DL9CP8529, | DL8SAQ0223, | DL4SAR9072, |
| HR51AT0079, | DL7SAX9121, | DL7SAA4455, |
| MH02AU599, | PB11AC0776, | DL3SAQ9810, |
| WVWD12605- | DL4SBA0329, | DL4SAE8076, |
| CT044175, | DL8SAL0585, | DL2SE7492, |
| HR136017, | DL1SA6319, | DL4SQ1932, |
| DL8CH3784, | DL6SS3348, | DL4SAC8180, |
| DL9CQS3723, | DL7SAH2753, | DL4SR8835, |
| DL9CQS0536, | DL4SAF9955, | DL6SJ4510, |
| PB10DD5790, | DL4SAE2586, | DL9SA6565, |
| DL4CS5734, | DL7SAR3635, | DL1SR4600, |
| DL9CJ1058, | DL4SAB9922, | DL3SZ5552, |
| DL2CAE7956, | HR36F9119, | DL4SAM5162, |
| DL10CB4752, | 30C112372, | DL4SZ7700, |
| DL8CN5518, | DL4SAA0324, | DL4SAK8966, |
| MA3FKEB1S- | DL3SF9066, | DL2SM0908, |
| 00281855, | UK07BR4740, | DL4SAQ7037, |
| DL1CB6216, | DL4SX8467, | DL4SAZ2383, |
| DL1LG8556, | DL4SAF0591, | DL9SL3309, |
| DL9CE9898, | DL4SAK6158, | DL4SAW1629, |
| HR51AL2397, | DL4SX7377, | DL9SU4586, |
| DL2FHX0111, | DL4SAL9112, | DL4SAZ8072, |
| RJ02933, | DL4SR8104, | DL9SS1539, |
| HR20L5442, | DL4SAM1598, | DL3SAS1877, |
| DL4CT0111, | DL4SBE5360, | DL4SBJ4602, |
| DL2CV5767, | DL7SAZ8941, | DL4SAJ9994, |
| WB02V4632, | DL3SBB2726, | DL4SBE8562, |
| HR29R6498, | DL4SBC4443, | DL6SU4535, |
| DL2CAC5469, | DL6SL1830, | DL4SAZ5657, |
| DL9CP8662, | DL6SR7712, | DL7SV2453, |
| DL9CP4994, | DL4SBF4767, | HR01S1804, |
| DL9CN3790, | DL4SAM3628, | DL8SZ0386, |
| HR26Z1668, | DL4SAD4951, | DL7SAN5360, |
| DL4CS6977, | DL4SS5640, | DL3SAE6569, |
| DL2FGU0022, | DL5SH2428, | WB20F4867, |
| DL4CG7226, | DL6ST0313, | DL4SAQ9601, |
| DL9CP7988, | DL1SN4916, | DL6SS3102, |
| DL2CAD1437, | DL6ST6102, | DL4SAW6878, |
| UP16E7092, | DL6SS2041, | DL5SW0409, |
| HR26BC7460, | DL7SF9980, | DL4SW5723, |
| HR20AT9509, | DL4SAW3582, | DL4SAD4490, |
| DL8CQ0770, | DL9SH3108, | DL4SQ1990, |
| DL2CAH2862, | HR03B3007, | DL9SK5369, |
| DL3CAW3839, | DL8SI1580, | DL7SAE8662, |
| DL9CQS3425, | DL9SN1600, | RJ21SB1141, |
| DL4CN0268, | GA06B5363, | DL3SL7184, |
| DL1CB0438, | DL9SK3437, | DL6SP2059, |
| DL3CAD7859, | DEV719, | DL8SAH1453, |
| DL4CAB7491, | DL4SAN0441, | DL4SAU5793, |
| DL4CP3538, | DL4SAN3338, | DL4SBJ6735, |
| DL9CK7465, | DL4SAL4710, | DL8SF8691, |
| DL4CP8797, | DL4SH3780, | DL4SU7776, |
| HR26AZ7571, | DBJ8714, | RJ32M8051, |
| DL2CN0730, | DL9SM6845, | DL8SU2311, |
| DL2CAH3343, | DL4SAW9243, | DL8SL3122, |
| DL4CAA6937, | DL4SBE1797, | DBS2316, |
| DL4CAH1100, | DL8ST9948, | DL8SAH3012, |
| DL4CP1083, | DL8SAE6489, | DL8SL5222, |
| DL2CAC5506, | DL8SH5336, | DL8SAF2555, |
| DL4CP2109, | DL8SAK5081, | DL8SNB0729, |
| DL4CR3744, | DL4SAN8766, | DL4SAM5375, |
| DL3CAJ5568, | DL8SAG8300, | DL4SAA4414, |
| DL9CM7898, | DL5SW3800, | DL6SR9235, |
| DL9CK3570, | DL6SY0554, | DL8SAD4130, |
| DL9CQS1006, | HR10E4125, | DL4SAY6288, |
| DL4CK3612, | DL4SAZ1292, | DL4SK3694, |
| DL4CAG8094, | DL8SAH2244, | MFQ1825, |
| CHE6635, | DL4SBE4270, | HPA1848, |
| DL4CS7701, | DL3SAZ3217, | DL6SE9463, |
| DL4CAG5173, | DL4SAZ8005, | DL4SBF2004, |
| DL1D0086, | DL8SNA2370, | DDL292, |
| DL8CX5818, | DL8SY0126, | NOREG77 |

# ट्रैफिक पुलिस कर्मी ड्यूटी पर सिर्फ इमरजेंसी के दौरान कर सकते मोबाइल फोन का प्रयोग

**● स्टंट करने वाली गाड़ियों को जब्त करने के दिए निर्देश**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में ट्रैफिक पुलिस कर्मी ड्यूटी के समय इमरजेंसी होने पर ही मोबाइल फोन का प्रयोग कर सकेंगे।

स्टंट करने वाले वाहनों को सीज किया जाए। चौराहे के आस-पास 100 मीटर तक कोई वाहन खड़ा नहीं होने दिया जाए। आमजन से मृदु भाषा का प्रयोग करेंगे। यातायात उपनिरीक्षक बॉडीवार्न कैमरे का अवश्य प्रयोग करे।

साथ ही वाहनों पर अवैध पास, लाल-नीली बत्ती व हूटर.सायरन लगाने वाले चालकों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। ये निर्देश आज डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव ने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के साथ आयोजित सम्मेलन के दौरान दिए। ये सम्मेलन सेक्टर.108 में पुलिस आयुक्त कार्यालय में आयोजित किया गया। सम्मेलन में करीब 130 ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में उपस्थित सभी पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी ली गई और उनकी समस्याओं के निपटारा करने के निर्देश भी दिए गए।

इस मौके पर बीएमटी एनजीओ के सहयोग से पुलिस कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही सभी पुलिस कर्मियों को मैप माई इंडिया के कर्मचारियों द्वारा मैपल ऐप का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में यातायात कर्मियों को मोबाइल में मैप माई इंडिया एप को अपने फोन में डाउनलोड कराया गया। ऐप के माध्यम से सड़क दुर्घटना, इमरजेंसी हैल्प, रास्तें में होने वाली यातायात स्थिति के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी मिलती रहेगी।

# बस अड्डा, मेट्रो और रैपिड रेल के स्टेशनों को जोड़ेगे रोपवे

**● कार्ययोजना बनाने में लगा जीडीए**

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



सिटी में वैसे तो कई रोप-वे बनाने का प्लान है, मगर सबसे पहले नया बस अड्डा मेट्रो स्टेशन और हाईस्पीड ट्रेन के स्टेशन को जोड़ने के लिए रोपवे बनाया जाएगा।

इसके लिए जल्दी ही जीडीए और आरआरटीएस के बीच वार्ता हो सकती है। इसके बाद ही इस प्रोजेक्ट के लिए ज्वाइंटवेंचर में कार्य होने की उम्मीद है। इस रोपवे के बन जाने के बाद हाईस्पीड ट्रेन और नया बस अड्डा मेट्रो के बीच नीचे सड़क पर बिना उतरे ही ऊपर से ऊपर यात्री एक से दूसरे स्टेशन जा सकेंगे। अभी अगर आरआरटीएस प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद हाई स्पीड ट्रेन चलती है तो यात्रियों को सडक से इधर से उधर चलकर नया बस अड्डा और हाईस्पीड ट्रेन स्टेशन तक जाना होगा। जीडीए का प्लान है कि शहर में कई रोपवे बनाए जाएं। इसके लिए पहले कई तरह के प्लान पर चर्चा की गई है।

हालांकि, अभी किसी प्लान के लिए सरकार या जीडीए बोर्ड ने कोई फैसला नहीं लिया है। वहीं, दूसरी ओर जीडीए के एक अधिकारी का कहना है कि शहर में कहां-कहां रोप.वे बनाए जाएंगे इसपर फैसला बाद में होगा, लेकिन नया बस अड्डा मेट्रो और हाईस्पीड ट्रेन के स्टेशन को जोडने के लिए रोप.वे बनाना अनिवार्य है। उनका कहना है कि कई हजार लोग हाईस्पीड ट्रेन और नया बस अड्डा मेट्रो स्टेशन से दूसरी ट्रेन को पकडने के लिए जब सडक से पैदल चलेंगे तो यहां ट्रैफिक के लिए समस्या होगी।


ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पुष्पमंगलम एस्टेट, एनएच बायपास रोड, एडापल्ली, कोचीन- 682024

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

**[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]**

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ ज़मानतदार/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्तियों निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्रीमान सुभाष (कर्ज़दार), श्रीमती विनीता बी (सह-कर्ज़दार) ऋण खाता संख्या LBKOL00005114435 | 4.65 Ares (11.49 सेंट), ब्लॉक नंबर 27, आरई एसवाई नं 211/ 13/2/1, एनादिमंगलम गाँव, अडूर तालुक, पठानमथिट्टा, संपत्ति का खाली भूमि क्षेत्र 5005 वर्ग फुट है | रु. 25,08,199/- (जनवरी 27, 2023 तक) | रु. 23,30,000/- / रु. 2,33,000/- | फरवरी 17, 2023 को दोप. 02:00 बजे से दोप. 04:00 बजे तक | मार्च 14, 2023 को सु. 10:30 से बजे सु. 11:30 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **मार्च 13, 2023** को **शाम 04:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पुष्पमंगलम एस्टेट, एनएच बायपास रोड, एडापल्ली, कोचीन- 682024** में **मार्च 13, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **मार्च 13, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पुष्पमंगलम एस्टेट, एनएच बायपास रोड, एडापल्ली, कोचीन- 682024** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **मार्च 13, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **कोचीन** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8138023587/ 9004474395** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : फरवरी 01, 2023**
**स्थान : गुडगाँव**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

**[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]**

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं:-

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ ज़मानतदार/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्तियों निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | रूप नारायण कौशिक (कर्ज़दार), चंचल कौशिक, फ्रेम्स ट्वेंटी फोर कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड (सह-कर्ज़दार) ऋण खाता नं. LBFDB00003334292 | प्लॉट नंबर ए 10ए, बेसमेंट फ्रंट साइड ग्रीन पार्क, दिल्ली 110016, क्षेत्रफल : 800 वर्ग फुट | रु. 3,71,87, 556.03/- (जनवरी 25, 2023 तक) | रु. 50,00,000/- / रु. 5,00,000/- | फरवरी 13, 2023 को दोप. 12:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | फरवरी 23, 2023 को 12:00 बजे तक |
| 2. | श्रीमती चरनजीत धंजल (कर्ज़दार), संदीप धंजल (सह-कर्ज़दार) ऋण खाता नं. LBDEL00004207004, LBDEL00005032728 & LBDEL00005335581 | डीडीए फ्लैट नंबर-139-डी, तीसरी मंजिल पॉकेट-एजी-1 विकासपुरी, दिल्ली, पिन कोड:-110018। क्षेत्रफल : 753.47 वर्ग फुट | रु. 85,81, 071.8/- (जनवरी 25, 2023 तक) | रु. 68,00,000/- / रु. 6,80,000/- | फरवरी 10, 2023 को दोप. 01:00 बजे से दोप. 03:00 बजे तक | फरवरी 23, 2023 को 12:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **फरवरी 22, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** मे **फरवरी 22, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **फरवरी 22, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **फरवरी 22, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **दिल्ली** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8126013708/ 7304914763** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड व 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : फरवरी 01, 2023**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**


# मनचले ने महिला को भेजा खून से सना लेटर, गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट थाना क्षेत्र की एक कालोनी में रहने वाली एक महिला को मनचला काफी दिन से छेड़छाड़ कर परेशान कर रहा है। वह भी अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करने की बात कहता है तो कभी नया मोबाइल फोन मांगता है। उसकी मांग पूरी नहीं होने पर उसने खून से सनी एक चिट्ठी व ब्लेड महिला को भेज दिया।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित पूर्व में दूसरी महिला के साथ छेड़छाड़ के मामले में भी जेल जा चुका है। सिहानी गेट थाना क्षेत्र की एक कालोनी की रहने वाली पीड़िता का कहना है कि विश्वकर्मा कालोनी का हैदर अली खान पिछले कई दिन से उन्हें परेशान कर रहा है। आरोपित आते-जाते उनका पीछा करता है। आरोपित चिट्ठी लिखकर वह उनकी कार के दरवाजे के हैंडिल में फंसाकर चला गया। चिट्ठी में उसने अपना मोबाइल नंबर और खाता नंबर लिखा था। एक-एक कर वह चार चिट्ठी लिख चुका है।

# मौलाना पर लगा बच्चे से कुकर्म का आरोप

**● पीड़ित के पिता ने दर्ज कराई शिकायत, आरोपी फरार**

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

लोनी कोतवाली क्षेत्र की एक कालोनी के मदरसे में 12 वर्षीय बच्चे के साथ मौलाना द्वारा किए कुकर्म का मामला सामने आया है। वहीं, मौलाने पर बच्चे को इस बारे में किसी को बताने पर हत्या करने की धमकी का आरोप है।

पीड़ित के परिवार के लोगों ने मौलाना के खिलाफ लोनी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपित मौलाना फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। बागपत जिले के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने अपने बेटा का दाखिला लोनी के मदरसे में कराया था। बच्चा मदरसे में रहकर अरबी की तालीम ले रहा था। आरोप है कि रविवार रात करीब 12 बजे मौलाना ने उसे अपने पास बुलाया और उनके साथ जबरन कुकर्म किया। सोमवार सुबह बच्चे की तबीयत बिगड़ गई। उसने अपने पिता को फोन कर मौलाना की करतूत के बारे में बताया। इसके बाद स्वजन मदरसे पहुंचे।

स्वजन को को देखकर मौलाना फरार हो गया। इसके बाद स्वजन बच्चे को लेकर थाने पहुंचे और मौलाना के खिलाफ तहरीर दी। सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया तहरीर के आधार पर आरोपित हाफिज मामून के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बच्चे का मेडिकल कराया गया है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी है। आशंका है कि आरोपित मौलाना ने अन्य बच्चों के साथ ही अश्लील हरकत की होगी। ऐसे में पुलिस अन्य बच्चों से मौलाना की हरकत के बारे में जानकारी करेगी।


**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS PINTU KUMAR, CS No. 3006/21 | Vehicle No. DL14CE1943, Make and Model – NISSAN DATSUN REDIGO, Manu Year -2018. |
| ICICI BANK LTD VS AKSHAY GIRI, OA 494/2019, IA 2240/2019 | Vehicle No. UP14GT8288, Make and Model– SWARAJ MAZDA LTD SAMRAT, Manu Year -2017. Reserve Price: Rs. 2,00,000/-, EMD: Rs.20,000/- |

**Auction Date: February 16, 2023 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Auction Type :Open Auction**
**Place of Auction:** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec –17, Sukhrali, Gurugram - 122022
**Contact Person – Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS ESRAR, CS (Comm.) No.4460-2021 | Vehicle No. DL10CT1001, Make and Model – MAHINDRA & MAHINDRA LTD REXTON, Manu Year -2014 |
| ICICI BANK LTD VS NIRDESH KUMAR, CS SCJ 2490/17 | Vehicle No. DL1LV1048, Make and Model – TATA ACE, Manu Year -2014.Reserve Price Rs.35,000/-, EMD :- Rs.5,000/- to be made in favour of ICICI Bank Limited payable at Delhi |
| ICICI BANK LTD VS SANCHIT, CS (Comm)-785/2019 | Vehicle No. UP14GT1840, Make and Model – MARUTI CELERIO, Manu Year -2017 |
| ICICI BANK LTD VS Ashutosh Yadav, CS (Comm) No. 4467-21 | Vehicle No. HR35Q6454, Make and Model– JEEP COMPASS, Manu Year -2018 |

**Auction Date: February 09, 2023 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Auction Type : Online Auction**
**Last Date of DD Submission: February 09, 2023 before 5:00 PM**
Auction Portal Name & URL Link: Bid Karo www.bidkaro.net
Contact Person – Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS BHARAT SOMASTAMB, RC/312/2014 IN OA/308/2013 | Vehicle No. HR51Y0945, Make and Model – BENZ E 280 CDI, Manu Year -2006. |

**Auction Date: February 21, 2023 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Auction Type : Online Auction**
Auction Portal Name & URL Link: Bid Karo www.bidkaro.net
Contact Person – Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents to participate in the auction.

The online auction will be conducted on website (URL Link- https://www.bidkaro.net) of our auction agency Bid Karo. Successfully bidder shall have to deposit sale amount ( excluding EMD wherein applicable) within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. If you fail to deposit sale amount within 5 days, your EMD (wherein applicable) shall be forfeited.

The intending bidders may visit **ICICI Bank Ltd, Shal Towers, Plot No. 23, New Rohtak Road Karol Bagh Delhi – 110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles


## संक्षिप्त समाचार



पुलिस उपायुक्त कार्यालय सेक्टर-6 नोएडा पर आए आगंतुकों से वार्ता कर उनकी शिकायतों का निस्तारण करते पुलिस अधिकारी।

### ऑटो गैंग ने फाइव स्टार होटल के शेफ को लूटा

**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट बनने के बाद जनपद में लूट, झपटमारी, हत्या व चोरी जैसी संगीन वारदातों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। ऐसा कोई दिन नहीं गुजर रहा कि जब अपराधी संगीन वारदातों को अंजाम न दे रहे हों। आये दिन होने वाली संगीन वारदातों की श्रृंखला में एक कड़ी और उस समय जुड़ गई जब बेखौफ ऑटो गैंग ने फाइव स्टार होटल में तैनात शैफ ललित कुमार निवासी बागू क्रॉसिंग रिपब्लिक को एनएच-9 पर विजयनगर थाना क्षेत्र में लूट लिया। बदमाश ललित कुमार को चलते ऑटो से धक्का देकर भाग गए।

### चलाने के बहाने युवक ले उड़ा बुलेट

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में साई मंदिर के पास फिल्मी स्टाइल में हुई वारदात के दौरान एक शातिर अपराधी शक्तिनगर मुरादाबाद हाल पीआर 210 सुपरटेक आइकॉन न्यायखंड फर्स्ट निवासी उत्कर्ष त्यागी की बुलेट बाइक एक शातिर अपराधी लेकर चंपत हो गया। उत्कर्ष त्यागी ने पुलिस को बताया कि एक शख्स ने ओएलएक्स के माध्यम से उससे संपर्क करके उसकी बुलेट बाइक खरीदने की बात कही। इसके बाद वह युवक उससे साई मंदिर के पास मिला और चलाने के बहाने उसकी बुलेट लेकर वहां से गायब हो गया। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करके बदमाश को आईडेंटीफाई करने के प्रयास शुरू कर दिये हैं।

### ग्रामीण जोन में बदले गये 14 दरोगा

गाजियाबाद। पुलिस को और अधिक एक्टिव एवं स्ट्रॉन्ग बनाने की कवायद के तहत डीसीपी ग्रामीण रवि कुमार ने एक दर्जन से अधिक दरोगाओं को इधर से उधर किया है। कुमार ने दरोगा नन्दलाल सरोज, बीरपाल सिंह व भवर सिंह को लोनी, राजकुमार, नीरज कुमार व महिला उप निरीक्षक उषा रानी को मोदीनगर, ब्रजपाल सिंह को लोनी बॉर्डर व बालकराम सिंह को ट्रोनिका सिटी थाने में तैनात किया है। इसके अलावा कुमार ने रामकुमार को मसूरी, वीर सिंह को मुरादनगर व तहजीबुल हसन को एसएसआई क्रॉसिंग रिपब्लिक बनाया है। वहीं चौकी प्रभारी संगम विहार लोनी बॉर्डर प्रहलाद सिंह को क्रॉसिंग रिपब्लिक और क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में तैनात दरोगा विनय कुमार को संगम विहार चौकी प्रभारी बनाया है। इसके अलावा कुमार ने दरोगा सोनवीर सिंह अपना पीआरओ बनाया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तो और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# देश के सबसे आधुनिक सरकारी स्कूल में इसी सत्र से पढ़ाई

## छठी मंजिल पर तैराकी पूल और छत पर खेलेंगे बास्केटबाल, टेनिस और वॉलीबॉल

### उपमुख्यमंत्री ने मेहराम नगर में बन रहे स्कूल का किया निरीक्षण, सभी क्लासरूम होंगे स्मार्ट बोर्ड से लैस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

देश का सबसे अत्याधुनिक स्कूल जुलाई में बनकर तैयार हो जाएगा। इस स्कूल में स्विमिंग पूल से लेकर छत पर बास्केट बॉल, टेनिस, वॉलीबॉल खेलने की सुविधा के साथ ही ओपन एमपी थियेटर और ऑडिटोरियम भी होगा। सभी क्लास रूम स्मार्ट बोर्ड से लैस होंगे। स्कूल में 55 क्लासरूम के साथ-साथ सभी तकनीकों और संसाधनों से लैस 8 लैब बनाए जाएंगे। साथ ही स्कूल की बिल्डिंग में रेन-वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जैसे आधुनिक सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएगी।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को मेहराम नगर में बन रहे डॉ.बी.आर.अम्बेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस के निर्माण कार्यों का



मेहराम नगर में बन रहे स्कूल का निरीक्षण करते उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया।

जायजा लिया। मनीष सिसोदिया ने स्कूल में मुहैया कराने वाली सुविधाओं का जानकारी देते कहा कि स्कूल में 750 लोगों की क्षमता वाले एक ऑडीटोरियम के साथ साथ एक 1000 लोगों के बैठने की क्षमता वाले ओपन एम्फी थिएटर का निर्माण भी किया जाएगा।

यह स्कूल जुलाई तक बनकर तैयार हो जाएगा जिसमें बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ खेल संबंधी सभी विश्वस्तरीय सुविधाएं होंगी। गर्मियों में स्कूल को ठंडा रखने के लिए रेडीएंट कूलिंग तकनीक का उपयोग किया जायेगा जिससे क्लासरूम का तापमान सामान्य तापमान से 8-10 डिग्री तक कम होगा। इस स्कूल की भवन का डिजाइन बच्चों के ओवरआल डेवलपमेंट को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है।

ये स्कूल बिल्डिंग आम स्कूलों से अलग होगा और स्कूल की पूरी बिल्डिंग बच्चों के लर्निंग प्रोसेस में शामिल होगी। सिसोदिया ने कहा कि वर्ष 2015 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शिक्षा प्रणाली को बदलने को प्राथमिकता दी है। यही कारण है कि आज दिल्ली में न केवल विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे वाले सरकारी स्कूल बन रहे हैं, बल्कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी दी जा रही है।

### अत्याधुनिक क्लासरुम और लैब

*इस स्कूल में 55 क्लासरुम होंगे। सभी क्लासरुम पढ़ाई लिखाई की सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे। स्मार्ट क्लासरुम डिजिटल लर्निंग के लिए भी मुफीद होंगे। बच्चों की जरुरतों के मुताबिक उनमें सभी सुविधाएं होंगी। इस स्कूल में 8 लैब होंगी। चार मंजिल की सकूल की इमारत में हर फ्लोर पर 2 लैब होंगे। इस तरह से स्कूल में कुल 8 लैब होंगे। सभी लैब में आधुनिक सुविधाएं होंगी।*



### भविष्य के ओलंपियंस के लिए स्कूल में तैयार होगा स्विमिंग पूल



स्कूल में विश्वस्तरीय सेमी ओलम्पिक साइज का स्विमिंग पूल तैयार किया जाएगा। जिसमे हीटिंग और कुलिंग फैसिलिटी मौजूद होंगी। इस स्विमिंग पूल की लम्बाई 25 मीटर व चौड़ाई 12.5 मीटर होगी ताकि एक बार में ज्यादा से ज्यादा बच्चे स्विमिंग का अभ्यास कर सकें।

# शिक्षकों को फिनलैंड भेजने के लिए फिर लिखा एलजी को पत्र

### उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने उपराज्यपाल से की 10 दिन से अटकी फाइल को मंजूरी देने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

शिक्षकों को फिनलौंड प्रशिक्षण पर भेजने का मामला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है।

दिल्ली सरकार शिक्षकों को विदेश भेजने की मांग पर अड़ी है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को एक बार फिर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए फिनलैंड भेजे जाने के प्रस्ताव को जल्द अनुमति देने की मांग की है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी एलजी से अनुरोध करते हुए कहा है कि टीचर्स को ट्रेनिंग के लिए विदेश जाने की अनुमति दी जाए। सीएम ने कहा कि एलजी ने खुद कहा था कि वह इसके खिलाफ नहीं हैं। मनीष सिसोदिया ने उपराज्यपाल को लिखे पत्र में कहा है कि एलजी के टेबल पर दस दिनों से शिक्षकों की फिनलैंड ट्रेनिंग की फाइल पड़ी है, लेकिन अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। अक्तूबर 2022 से टीचर्स को ट्रेनिंग के लिए फिनलैंड भेजे जाने की फाइल एलजी के दफ्तर के चक्कर काट रही है और एलजी से अनुमति नहीं मिलने के कारण मार्च 2023 में प्रस्तावित 30 शिक्षकों की ट्रेनिंग रद्द होने की कगार पर है।

सिसोदिया ने एलजी से अनुरोध किया है कि ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए और टीचर्स को फिनलैंड ट्रेनिंग पर भेजे जाने की तुरंत अनुमति दी जाए। एलजी को भेजे अपने पत्र में कहा है कि स्कूलों के प्राइमरी टीचर्स की ट्रेनिंग के लिए फिनलैंड भेजे जाने संबंधित फाइल एलजी के टेबल पर 20 जनवरी से पड़ी है।

आपने न तो इस प्रस्ताव को अपनी सहमति दी है और न ही इस पर असहमति जताते हुए निर्णय लेने के लिए माननीय राष्ट्रपति के पास भेजने की प्रक्रिया शुरू की है। इस दौरान दो बार स्पष्टीकरण माँगने पर आपने फाइल वापस भेज दी।

# शहर को कचरा मुक्त बनाने को एमसीडी ने बनाया रोडमैप

### कचरा मुक्त शहर 3 स्टार रेटिंग के लिए किया आवेदन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम ने शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए रोडमैप तैयार किया और कचरा मुक्त शहर (गार्बेज फ्री सिटी) 3 स्टार रेटिंग के लिए स्वच्छतम पोर्टल पर आवेदन कर रहा है। भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन 2.0 द्वारा कचरा मुक्त शहर स्टार रैंकिंग के अनुरूप, प्रोटोकॉल के तहत दिल्ली नगर निगम का स्व-मूल्यांकन किया जा रहा है। संबंधित सैनिटरी इन चार्ज ने जीएफसी (गार्बेज फ्री सिटी) कचरा मुक्त शहर प्रोटोकॉल के तहत दिल्ली नगर निगम को 3-स्टार शहर घोषित करने के संबंध में अपनी स्व-घोषणा ( सेल्फ़ डिक्लेरेशन) प्रस्तुत की गई।

स्वच्छता के लिए उपलब्ध बुनियादी ढांचे, सफ़ाई सैनिकों व कॉन्सेशनर द्वारा किए गए प्रयासों के आधार पर, निगम ने प्रोटोकॉल के तहत स्वयं को 3-स्टार सिटी घोषित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में दिल्ली नगर निगम ने नागरिकों से भी आपत्तियां और सुझाव मांगे गए हैं।





# बारहवीं कक्षा के छात्र की चाकू मारकर हत्या

### बेटी की शादी के जश्न की जगह बेटे के अंतिम संस्कार की तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

ओखला इलाके में छात्रों के दो समूहों बीच हुए झगड़े में 12वीं कक्षा के एक छात्र की चाकू घोंपकर हत्या कर दी।

वहीं पीड़ित परिजन छह फरवरी को बेटी की शादी की तैयारी के बजाय बेटे के अंतिम संस्कार में जुटे हैं। पुलिस ने बताया कि 18 वर्षीय छात्र मोहन ओखला फेज़-2 के जेजे कैंप का निवासी था और कालकाजी स्कूल में पढ़ता था। पीड़ित परिजनों ने कहा कि किशोर शारीरिक शिक्षा विषय की परीक्षा देने स्कूल गया था और विद्यालय से निकलते समय लड़कों के एक समूह ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट करने लगे, इस दौरान उनमें से एक ने चाकू निकालकर उसके सीने में घोंप दिया। पुलिस को शक है कि यह झगड़ा किसी लड़की से बात करने को लेकर हुआ है। पुलिस के अनुसार, हंसराज सेठी पार्क के पास छात्रों के दो समूहों के बीच झगड़ा हुआ, जिसमें कथित तौर पर एक लड़के के सीने पर चाकू से वार किए गए। उसे पूर्णिमा सेठी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

मोहन के परिवार के सदस्यों ने कहा कि उसकी बहन की फरवरी के पहले हफ्ते में शादी होनी है और पूरा परिवार इसकी तैयारियों में लगा हुआ था। मृतक की मां गीता ने कहा कि मेरा बेटा स्कूल गया था लेकिन वह वापस नहीं आया। मेरी बेटी की शादी छह फरवरी को होनी है। हम शादी के जश्न में शामिल होने के बजाय अब अपने बेटे के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे हैं। वह अब नहीं रहा। मुझे अपने बेटे के लिए इंसाफ चाहिए। उसकी हत्या करने वालों को बख्शा नहीं जाना चाहिए।

# राष्ट्रपति के अभिभाषण का बहिष्कार करने से आप बेनकाब : वीरेंद्र सचदेवा


वीरेंद्र सचदेवा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

संसद का बजट सत्र मंगलवार से शुरू हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण दिया। आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण का किया बहिष्कार किया था। इसको लेकर भाजपा ने आप आदमी पार्टी पर हमला बोला है।

प्रदेश भाजपा को कार्यकारी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि राष्ट्रपति मुर्मू के अभिभाषण के बहिष्कार से आम आदमी पार्टी का आराजक चेहरा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेनकाब हुआ है। वीरेन्द्र सचदेवा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा है कि अब तक आम आदमी पार्टी उपराज्यपाल, अधिकारियों से टकराती थी। विधानसभा में विपक्ष का दमन तो नगर निगम सदन में हंगामा करती थी और धीरे धीरे दिल्ली में एक आराजक पार्टी के रूप में जाने जानी लगी थी पर आज संसद की संवैधानिक कार्यवाही के सबसे महत्वपूर्ण अंग राष्ट्रपति के अभिभाषण का बहिष्कार कर आम आदमी पार्टी ने अपना आराजक चेहरा खुद ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेनकाब कर दिया। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की एक बड़ी अर्थ व्यवस्था है और बजट सत्र और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सारे दुनिया की नजर रहती है। ऐसे में सारी दुनिया ने आज आम आदमी पार्टी को संवैधानिक प्रक्रिया का बहिष्कार करते देखा।

सचदेवा ने कहा है की आज जब दुनिया के बड़े बड़े देश आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं और उनकी अर्थ व्यवस्थाएं ठहरी हुई है ऐसे समय संसद में रखी गई आर्थिक सर्वे की रिपोर्ट ने दिखाया है की भारत आज भी दुनिया की सबसे तेजी से ऊपर उठती हुई अर्थव्यवस्था है। यह प्रधान मंत्री के आठ वर्ष के आर्थिक सुधारों का परिणाम है की कोविड काल के तुरंत बाद देश विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तो बन ही चुकी है और वित्त वर्ष में और उसके बाद भी अगर अर्थव्यवस्था 6.5 फीसदी की दर से आगे बढ़ती रही।

### सरकारी स्कूलों में 10वीं कक्षा में घट रही छात्रों की संख्या : भाजपा



*__नई दिल्ली।__ दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि सरकारी स्कूलों में जिस तरह नौवीं कक्षा से पास होकर छात्र आगे दाखिला नहीं ले रहे, उसमें बड़े घपले की आशंका पैदा हो रही है। बिधूड़ी ने कहा है कि नौवीं क्लास से पास होने के बाद भी हजारों छात्र दसवीं कक्षा में प्रवेश क्यों नहीं ले रहे, सरकार को इस सवाल का जवाब देना होगा। इसके अलावा नौवीं कक्षा में बड़ी संख्या में छात्रों के फेल होने के पीछे भी क्या कारण है, यह बताना होगा। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग ने स्वयं एक आरटीआई के जवाब में जो आंकड़े दए हैं, उनसे पता चलता है कि हजारों छात्र दसवीं कक्षा में पास होने के बावजूद आगे पढ़ाई जारी नहीं रख रहे। 2018-19 में सरकारी स्कूलों में नौवीं कक्षा में 2,67,617 छात्र रिकॉर्ड में थे लेकिन उनमें से 76,523 को फेल कर दिया गया। इसके बाद 1,53,938 छात्रों ने आगे की पढ़ाई जारीरखी जबकि 37 हजार से ज्यादा छात्रों ने पढ़ाई छोड़ दी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि छात्रों को बड़ी संख्या में नौवीं कक्षा में ही फेल कर दिया जाता है ताकि दसवीं कक्षा में उन्हीं छात्रों को भेजा जाए जिनके बोर्ड परीक्षा में पास होने की उम्मीद हो। इससे सरकार बोर्ड के नतीजों को बेहतर बनाने का दावा कर सकती है। इसीलिए पिछले सालों में बड़ी संख्या में छात्र फेल हुए हैं।*

# भारत जोड़ो यात्रा से लौटे राहुल का स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भारत जोड़ों यात्रा से लौटे राहुल गांधी का उनके तुगलक रोड स्थित निवास पर भव्य स्वागत किया। दिल्ली वालों की ओर से राहुल का आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा को देशभर में जो जनसमर्थन मिला है उससे साबित हो गया है कि देशवासी एक बार फिर राहुल गांधी के नेतृत्व और कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास दिख रहा है। अनिल कुमार से कहा कि राहुल गांधी के स्वागत के लिए आऐ भारी संख्या में दिल्ली के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी यह साबित करती है कि अन्याय, नफरत, निरंकुश और जनविरोधी भाजपा सरकार के खिलाफ लड़ने वाले अपने नेता के प्रति उनके दिल में प्रेम और स्नेह है। इस मौके पर पूर्व सांसद रमेश कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जय किशन, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज समेत सभी निगम पार्षद, जिला अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस व एनएसयूआई के कार्यकर्ता मौजूद थे।


# पूर्व कानून मंत्री शांति भूषण का 97 साल की आयु में निधन

### प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री और प्रख्यात न्यायविद शांति भूषण का मंगलवार को दिल्ली स्थित आवास पर निधन हो गया। वह 97 साल के थे।

वरिष्ठ अधिवक्ता शांति भूषण वर्ष 1977 से 1979 तक मोरारजी देसाई कैबिनेट में कानून मंत्री रहे थे। शांति भूषण के निधन पर प्रधानमंत्री ने दुख जताया है। उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि उन्हें कानूनी क्षेत्र में उनके


शांति भूषण

योगदान और वंचितों के हक में आवाज उठाने के जुनून के लिए याद किया जाएगा। उनके निधन से दुखी हूं। उनके परिवार के प्रति संवेदना।

शांति भूषण के बेटे जयंत और प्रशांत भूषण भी अग्रणी अधिवक्ता हैं। शांति भूषण हाल तक कानूनी पेशे में सक्रिय थे।

### राजधानी के कई हिस्सों में प्रभावित रहेगी जलापूर्ति

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड के भूमिगत जलाशय की सालाना सफाई करने के कारण पश्चिमी, बाहरी और दक्षिणी दिल्ली के इलाकों में बुधवार को जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।

इन क्षेत्रों में जनकपुरी, महरौली, मंगोलपुरी, रोहिणी, शालीमार बाग, विजय नगर, रूप नगर, रिठाला और ओल्ड राजिंदर नगर शामिल हैं। इनके अलावा, सर गंगा राम अस्पताल और दिल्ली विश्वविद्यालय इलाके में भी जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।

दिल्ली जल बोर्ड ने मंगलवार को ट्वीट कर बताया कि भूमिगत जलाशय और बूस्टर पंपिंग स्टेशन की सालाना सफाई के कारण 31 जनवरी और एक फरवरी को जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अदाणी समूह के खिलाफ निष्पक्ष जांच हो : आप



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने अदाणी समूह के खिलाफ सबसे बड़ी वित्तीय धोखाधड़ी के आरोपों को मंगलवार को सबसे बड़ा घोटाला करार दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मामले की निष्पक्ष जांच का आदेश देने का अनुरोध किया। प्रधानमंत्री को लिखे एक पत्र में आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने अदाणी समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष गौतम अदाणी के साथ-साथ सभी संबद्ध महत्वपूर्ण लोगों के पासपोर्ट जब्त करने की भी मांग की है, ताकि वे जांच पूरी होने तक देश छोड़ कर नहीं जा सकें। आप के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, नरेंद्र मोदी के करीबी मित्र द्वारा किया गया यह सबसे बड़ा घोटाला है। निवेशकों को इसके चलते लाखों-करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ। अदाणी समूह के खिलाफ लगाए गए आरोप बहुत गंभीर हैं और देश के करोड़ों लोगों में चिंता पैदा कर दी है। सिंह ने कहा कि आप मामले की निष्पक्ष जांच करने का आदेश देने की मांग करती है, ताकि सच्चाई राष्ट्र के सामने आ सके।

### मानसिक अस्वस्थ व्यक्ति ने केजरीवाल को दी धमकी

**नई दिल्ली।** मानसिक रूप से अस्वस्थ 38 वर्षीय व्यक्ति ने कथित तौर पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस को कथित तौर पर देर रात करीब 12 बजकर पांच मिनट पर धमकी संबंधी फोन आया। पुलिस ने बताया कि मामले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है क्योंकि व्यक्ति मानसिक रूप से अस्वस्थ है।

### मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम को कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के मध्य क्षेत्र ने निर्माण स्थलों पर मच्छरों के प्रजनन की रोकथाम और नियंत्रण के लिए सिविल इंजीनियरों और ठेकेदारों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अमित शर्मा उपायुक्त मध्य क्षेत्र ने किया। प्रशिक्षण सत्र को राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान (एनआईएमआर) के विशेषज्ञों की टीम एवं उप स्वास्थ्य अधिकारी ने संबोधित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थलों सहित निर्माण स्थलों पर मच्छर जनित बीमारियों की पूर्णत: रोकथाम के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कार्य करना था। प्रतिभागियों को जीरो एसयूपी अभियान लागू करने की आवश्यकता के बारे में भी जागरूक किया गया।

# सिविल सेवा परीक्षा के लिए दो अवसर और देने की मांग

### कोरोना से हुई क्षतिपूर्ति के लिए भूख हड़ताल पर बैठे छात्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




कोरोना महामारी से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के रूप में सिविल सेवा परीक्षा में दो अतिरिक्त अवसर की मांग को लेकर पीड़ित छात्र आंदोलन, प्रदर्शन और प्रधानमंत्री कार्यालय समेत कई जन प्रतिनिधियों तक अपनी मांग पहुंचाने के बाद छात्र अब भूख हड़ताल पर उतर आए हैं।

छात्रों का कहना है कि इन्हें शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए भी दिल्ली पुलिस की अनुमति नहीं मिल रही है। इसलिए वर्तमान में 27 जनवरी से दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में कुछ अभ्यर्थी अपने कमरे में ही आमरण अनशन कर रहे हैं। इनमें से कुश चतुर्वेदी नामक अभ्यर्थी की हालत नाजुक हो चुकी है।

पर इनका कहना है कि जब तक सरकार हमारी युक्तिसंगत माँग मान नहीं लेती तब तक हम कोई भी आहार नहीं लेंगे। सरकार यदि इस जन्म में हमें हमारा खोया अवसर नहीं लौटाती है, तो मैंने तय किया है कि अब दूसरा जन्म लूँगा।

# जी-20 सम्मेलन : मथुरा रोड से लेकर रिंग रोड तक का होगा कायाकल्प

## फुटपाथ व सेंट्रल वर्ज होंगे खूबसूरत, सुधरेगा ड्रेनेज सिस्टम, 17.5 करोड़ रुपये मंजूर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए तैयार हो रही दिल्ली। इसके मद्देनजर सड़कों का कायाकल्प किया जा रहा है। इसी कड़ी में मथुरा रोड से लेकर रिंग रोड़ का पुनर्निर्माण होगा। उपमुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने आईटीपीओ काम्प्लेक्स के इर्द-गिर्द मथुरा रोड, भैरों मार्ग व रिंग-रोड के सौन्दर्यकरण व मरम्मत के लिए 17.5 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी है।

इस परियोजना के तहत मथुरा रोड पर डब्ल्यू-पॉइंट से दिल्ली दिल्ली पब्लिक स्कूल तक, भैरों मार्ग व रिंग रोड पर आईपी फ्लाईओवर से भैरों मार्ग टी-पॉइंट तक की 5.8 किलोमीटर की सड़क का सौंदर्यीकरण का काम किया जाएगा। परियोजना के तहत इन सड़कों की रिसर्फेसिंग, फुटपाथ व सेंट्रल वर्ज का सौन्दर्यीकरण व मौजूदा ड्रेनेज सिस्टम को बेहतर बनाना शामिल है।



उपमुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को परियोजना संबंधी सारा काम मार्च तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान आम लोगों को किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़े। सेफ्टी-सिक्योरिटी और क्वालिटी के सभी मानकों का सख्ती से पालन हो।

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा जी-20 की मेजबानी करना सभी के लिए गर्व और सम्मान की बात है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लोगों को सड़कों पर चलने का बेहतर अनुभव प्रदान करने और जी-20 की तैयारियों के मद्देनजर सड़कों को बेहतर बनाने की दिशा में मिशन मोड में काम कर रहे हैं। इसी के तहत पीडब्ल्यूडी द्वारा मथुरा रोड पर डब्ल्यू-पॉइंट से दिल्ली पब्लिक स्कूल तक, भैरों मार्ग व रिंग रोड पर आईपी फ्लाईओवर से भैरों मार्ग टी-पॉइंट तक की सड़क का सौंदर्यीकरण का काम किया जाएगा।

साथ ही सड़क के दोनों तरफ हरियाली का भी खास ध्यान रखा जाएगा। उनकी सरकार लोगों को सुरक्षित, सुगम और सुंदर सड़क मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

सरकार का विजन अपने नागरिकों को विश्व स्तरीय सड़कें उपलब्ध करवाकर यात्रा का बेहतर अनुभव देना है। इस कारण इन सड़कों के मजबूती के लिए पीडब्ल्यूडी आधुनिकतम तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। जिससे सड़कें यात्रियों की आवाजाही के लिए अधिक सुरक्षित बन सकें। इससे शहर की सड़कों पर भीड़भाड़ तो कम होगी ही यात्रा समय को कम करने और ईंधन बचाने में मदद मिलेगी।

### सौन्दर्यीकरण का रखा जाएगा खास ध्यान

फुटपाथ व सेंट्रल वर्ज का रखरखाव किया जाएगा। मानकों के अनुसार की जाएगी रोड मार्किंग, पैरापेट की दीवारों, रेलिंग आदि का पेंट वर्क भी किया जाएगा। सेंट्रल वर्ज व रोड के दोनों ओर हराभरा किया जाएगा। पैदल मार्ग विकसित किए जाएंगे। एलईडी लाइट्स भी लगाई जाएंगी।

# गुरुग्राम में हेलीपोर्ट स्थापित होने से दिल्ली के एयर स्पेस को मिलेगा नया विकल्प

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** सरकार गुरुग्राम के सेक्टर-84 में हेलीपोर्ट स्थापित करेगी। इस हेलीपोर्ट की स्थापना से दिल्ली के एयर-स्पेस को ना केवल एक नया विकल्प मिलेगा, बल्कि हरियाणा के साथ लगते राज्यों के शहरों के लिए एक अच्छी कनेक्टिविटी भी साबित होगा। इसी तरह से रिजनल कनेक्टीविटी स्कीम (आरसीएस) के तहत हरियाणा के विभिन्न शहरों को उत्तरी राज्यों के शहरों के साथ जोड़ा जाएगा।

नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में केन्द्र सरकार की संस्था पवनहंस, एयर इंडिया व हरियाणा के उड्डयन विभाग के अधिकारियों की एक बैठक में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा और एनसीआर के लोगों को हेलीकाप्टर की सेवाएं देने के लिए जल्द ही गुरूग्राम के सैक्टर 84 में एक हेलीपोर्ट स्थापित किया जाएगा। इस योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए कार्यवाही अंतिम चरण में है। इस बैठक में हेलीपोर्ट को स्थापित करने के लिए केन्द्र सरकार की संस्था पवनहंस के अधिकारियों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा और विचार-विमर्श भी किया गया।

**हेलीपोर्ट में होंगी विभिन्न सुविधाएं** : बैठक में बताया गया कि गुरुग्राम में बनाए जाने वाले हेलीपोर्ट में 100 यात्रियों के लिए एक टर्मिनल को बनाने का प्रावधान किया गया है। गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे के साथ लगते इस हेलीपोर्ट में विभिन्न प्रकार की सुविधाएं होंगी, जिसमें छोटे व बड़े हेलीकाप्टर को रखने के लिए हैंगर, पार्किंग, मरम्मत इत्यादि सुविधाएं शामिल हैं।



हरियाणा भवन में केन्द्र सरकार की संस्था पवनहंस, एयर इंडिया व हरियाणा के उड्डयन विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

**जल्द लैंडिंग व टेक ऑफ की होगी सुविधा** : उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि इस हेलीपोर्ट के बनने से दिल्ली और आसपास के इलाकों के उड्डयन ट्रैफिक में कमी होगी और दिल्ली के एयर स्पेस को एक नया विकल्प भी मिलेगा। इस हेलीपोर्ट में 300 मीटर का रनवे और 6 लैंडिग स्पोट व पार्किंग भी होंगें। यह हेलीपोर्ट हेलीकाप्टर को जल्द से जल्द लैंडिंग और टेक ऑफ की सुविधा भी देगा। भविष्य में इस हेलीपोर्ट को 24 गुणा 7 संचालित करने के लिए रात्रि सुविधा के अलावा अन्य विकल्पों पर भी बैठक में व्यवहार्यता पर विचार किया गया।

**आरसीएस स्कीम के अंतर्गत केन्द्र को भेजा प्रस्ताव** : बैठक के दौरान दुष्यंत चौटाला ने बताया कि रिजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस) के तहत आगे बढ़ते हुए हरियाणा लीड कर रहा है। इस दिशा में हिसार, अंबाला और करनाल से देश के उत्तरी राज्यों के शहरों के बीच उड्डयन कनेक्टिविटी करने के लिए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजे गए हैं। इस स्कीम हरियाणा सहित पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, जम्मू कश्मीर और उत्तर प्रदेश शामिल है।

उन्होंने बताया कि इन राज्यों के लिए एयर स्पेस को जोड़ा जाएगा और एक राज्य के शहर से दूसरे राज्यों के शहरों में एयर कनेक्टिविटी स्थापित की जाएगी। इस स्कीम को आगे बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार भी आगे बढ़ रही है। बैठक में बताया गया कि प्राथमिक तौर पर इस स्कीम के अंतर्गत हिसार से जैसलमेर, हिसार से जयपुर, हिसार से आगरा, अंबाला से वाराणसी, अंबाला से गोरखपुर इत्यादि शहरों को कनैक्ट करने की योजना है।

# गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में आज से शाम के समय भी ओपीडी

## रोस्टर बनाकर डॉक्टर्स व अन्य स्टाफ की ड्यूटी निर्धारित

## शाम 4 बजे से 6 बजे तक रहेगा ओपीडी का समय

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम




सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल।

**समय** को लेकर कोई भी व्यक्ति सरकारी अस्पताल में चिकित्सा सेवाएं लेने से वंचित ना रहे। इसके लिए गुरुग्राम जिला स्वास्थ्य विभाग ने निर्णय लिया है कि अब शाम के समय भी अस्पताल में ओपीडी लगाई जाएगी। ऐसा इसलिए कि कंपनियों में काम करने वाले या किसी अन्य मजबूरी में सुबह की पारी में अस्पताल आ पाने में असमर्थ लोग शाम के समय अपना उपचार करा सकें। बुधवार एक फरवरी 2023 से नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में सांध्यकालीन ओपीडी शुरू हो जाएंगी। ओपीडी का समय शाम 4 से 6 बजे तक रहेगा।

प्रधान चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) कार्यालय की ओर से सांध्यकालीन ओपीडी का रोस्टर तैयार करके संबंधित स्टाफ को प्रेषित कर दिया गया है। सांध्य ओपीडी में सप्ताह के छह दिन (सोमवार से शनिवार तक) अलग-अलग विभागों के स्पेशियलिस्ट डॉक्टर्स की ड्यूटी लगाई गई।

ईएनटी विभाग में हर सोमवार को डा. असरूद्दीन, जनरल सर्जरी में डा. अमनदीप, डा. विवेक, गायनीकोलॉजी में डा. रितु नांदल, डा. रश्मि, डा. सुषमा, डा. सुमन, मेडिसिन ओपीडी में डा. नवीन, डा. भारती, डा. रेखा व डा. प्रियंका सांगवान, प्रत्येक मंगलवार को नेत्र ओपीडी में सप्ताह के पहले मंगलवार को डा. शीबा, दूसरे को डा. मनीषा, तीसरे को डा. माधा व चौथे मंगलवार को डा. नूपुर की ड्यूटी रहेगी। मंगलवार को डेंटल ओपीडी में डा. साक्षी, डा. विक्रम, डा. मोनिका, डा. कीर्ति क्रमश: पहले, दूसरे, तीसरे व चौथे मंगलवार को ड्यूटी देंगी।

बुधवार के दिन नेत्र ओपीडी में डा. मनीषा, डा. अंजू कटियार, डा. माधा व डा. नूपुर ड्यूटी देंगी। इसी दिन बच्चों की ओपीडी में डा. सुनील कुमार ड्यूटी देंगे। मेडिसिन में डा. काजल, डा. नजमा, डा. सहिस्ता, डा. सोनिया ओपीडी लेंगी। शुक्रवार के दिन डेंटल ओपीडी में डा. मोनिका, डा. साक्षी, डा. विक्रम, डा. कीर्ति, गायनी में डा. अपूर्वा, डा. सरिता, डा. सुनीता, डा. मीनाक्षी, ऑर्थो में डा. विक्रम डागर की ड्यूटी रहेगी। शनिवार को बच्चों की ओपीडी में डा. बीना सिंह, मेडिसिन में डा. संदीप गोयल, डा. प्रशांत, डा. नीतू, की ड्यूटी रहेगी। इनके अलावा ई-संजीवनी स्पेशियलिस्ट की भी ड्यूटियां तय की गई है। सभी डॉक्टर्स के महीने में अलग-अलग ड्यूटी के दिन तय किए गए हैं। डॉक्टर्स के अलावा पंजीकरण काउंटर, डिस्पेंसरी, रेडियोग्राफर (एक्सरे), रेडियोलॉजिस्ट (अल्ट्रासाउंड), लैब तकनीशियन, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भी ड्यूटी निर्धारित की गई हैं।

### कारगर साबित होगी स्वास्थ्य विभाग की यह व्यवस्था

**इस** तरह से पूरी तैयारियों के साथ अब सांध्यकालीन ओपीडी की शुरुआत पहली फरवरी से की जा रही है। गुरुग्राम से पहले यह प्रयोग पंचकूला में सफलतापूर्वक किया जा रहा है। सायं की ओपीडी का सबसे बड़ा फायदा यह भी होगा कि सुबह के समय होने वाली भीड़ भी कम होगी। जो लोग मजबूरी में अपने काम-धंधे छोड़कर ओपीडी के तय समय पर सुबह पहुंचते हैं, अब वे शाम के समय भी उपचार करा सकेंगे। गुरुग्राम महानगर का जिस तरह से विस्तार हुआ है, उस हिसाब से स्वास्थ्य विभाग की यह व्यवस्था यहां के लिए कारगर साबित होगी।

# सुंदर लाल का मानेसर निगम के गांवों में बेहतर सुविधाओं का वायदा



मानेसर नगर निगम के गांव गढ़ी-हरसरू में जनसम्पर्क करते सरपंच सुंदर लाल।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**मानेसर** नगर निगम में मेयर के चुनाव की तैयारी में जुटे सरपंच सुंदर लाल यादव द्वारा चलाए जा रहे आपका बेटा-आपका भाई आपके द्वार कार्यक्रम में सुंदर लाल यादव गांवों के समग्र विकास की बात कह रहे हैं। निगम के अंतर्गत आने वाले गांवों में बेहतर सुविधाएं देने का भी उन्होंने ग्रामीणों के बीच वायदा किया है।

मंगलवार को अपने जनसम्पर्क अभियान के तहत सुंदर लाल ने गांव गढ़ी-हरसरू का दौरा किया। इस अभियान में उनके साथ सरपंच लक्ष्मण यादव नखड़ोला, विजयपाल यादव सरपंच नाहरपुर, हरजस यादव सरपंच रामपुरा, अजय यादव सरपंच कुकड़ोला भी शामिल रहे। गांव के बुजुर्गों, युवाओं के बीच जाकर उन्होंने आशीर्वाद और सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि मानेसर नगर निगम गठित होने के बाद पहली बार चुनाव होगा। पहले जहां गांवों का पंचायतों के माध्यम से विकास होता था, अब वह नगर निगम के माध्यम से होगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम के चुनाव के लिए वे सहयोग और आशीर्वाद की अपील कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि गढ़ी-हरसरू के ग्रामीणों का उन्हें पूर्ण सहयोग रहेगा।

गांव की तरफ से संजय यादव, महाबीर, सन्नी, अंगद, हैप्पी, सुनील, राजू, पंकज, रवि, देविंदर, रॉकी व सुरेंद्र समेत अनेक बुजुर्गों, युवाओं की ओर से उन्हें विश्वास दिलाया गया कि नगर निगम के चुनावों में उनका पूर्ण सहयोग और समर्थन रहेगा। बाकी गांवों में भी अपने संबंधों का लाभ उन्हें दिलाएंगे। ग्रामीणों के इस आश्वासन पर सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि हर गांव में बेहतर सुविधाएं दिलाना ही उनका उद्देश्य है। बतौर सरपंच उन्होंने सिकंदरपुर बढ़ा गांव में जिस तरह से विकास किया है, उससे भी अधिक मेहनत से वे मानेसर नगर निगम के हर गांव का विकास की सोच रखते हैं। आईएमटी मानेसर को छोड़ दें तो मानेसर नगर निगम में ज्यादातर गांव ही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम पुलिस के 2 पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस से मंगलवार को दो पुलिसकर्मी को सेवानिवृत हुए। पुलिस लाईन में गुरुग्राम पुलिस विभाग के ऑनरी/निरिक्षक शेर सिंह तथा उप-निरीक्षक अजीत सिंह की सेवानिवृत्ति विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त होने वाले दोनों पुलिसकर्मियों को इनके अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना के साथ विदाई दी गई। सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को उनके कार्यकाल के दौरान किए गए विभिन्न अच्छे कार्य के लिए समय-समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा प्रशंसा पत्र के साथ सम्मानित किया गया था।

### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने का एक शातिर अपराध पुलिस के हत्थे चढ़ा है। उसके पास से वारदात में प्रयोग किया गया एक मोबाईल फोन व 1 सिम भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार 18 जनवरी 2023 को एक व्यक्ति ने थाना साईबर अपराध पश्चिम में एक शिकायत दी थी कि एक व्यक्ति ने खुद को जियो रिप्रेजेंटेटिव बताते हुए उसे जिओ में नौकरी दिलाने की बात कही। इसकी ऐवज में उससे 4 जनवरी 14650 रुपये व 5 जनवरी को 26100 रुपये ठग लिए। इस शिकायत की जांच के बाद साइबर थाना में केस दर्ज किया गया। पुलिस थाना साईबर अपराध पश्चिम, गुरुग्राम की पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उपरोक्त अभियोग में फोन कॉल करके नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने की वारदात को अंजाम देने वाले 1 आरोपी को सेक्टर-22, गुरुग्राम से काबू किया है। आरोपी की पहचान नीतीश कुमार (22) के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला है कि वह मूलरूप से बिहार का रहने वाला है। वहीं से लोगों को नौकरी दिलाने व लोन दिलाने के नाम पर कॉल करता है। लोगों को अपने विश्वास में लेकर उनसे रेजिस्ट्रेशन व अन्य औपचारिकताओं के नाम पर उन्हें झांसा देकर बैंक खाते में रुपए ट्रांसफर करवा लेता है। जिससे यहां ठगी की, उससे आरोपी की फेसबुक पर दोस्ती हुई थी। इस तरह से ठगी की वारदातें वह पिछले 6 महीने से कर रहा था।

### अब कन्या भ्रूण हत्या व लिंग जांच करने वालों की खैर नहीं

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि कहा कि गर्भ में कन्या भ्रूण हत्या हमारे समाज पर एक कलंक है और इसका जिला फरीदाबाद में जड़मूल से उन्मूलन करने के लिए प्रशासन और पुलिस, शिक्षा तथा महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग को जन प्रतिनिधियों को शामिल करके संयुक्त रूप से मिलकर सक्रियता से शिकायतों का गम्भीरता से क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह बुधवार को जिला में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत भ्रूण हत्या और लिंग जांच को रोकने के लिए और आम जनता को जागरूक करने के लिए की जाने वाली विभिन्न गतिविधिओं की समीक्षा कर रहे थे।

### जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में छात्रों ने लिया फर्स्ट एड का ज्ञान



**गुरुग्राम।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा, चण्डीगढ़ एवं रेडक्रास सोसायटी गुरुग्राम के सयुंक्त तत्वाधान द्वारा जिला उपायुक्त गुरुग्राम निशांत कुमार यादव के दिशा-निर्देशन व रेडक्रास सचिव विकास कुमार के मार्गदर्शन में 5 दिवसीय जूनियर रेडक्रास ट्रेनिंग कैम्प की शुरुआत मंगलवार से हुई। 31 जनवरी से 4 फरवरी तक यह शिविर चलेगा। शिविर में सरकारी स्कूलों के 100 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। कैम्प का शुभारम्भ मुख्य अतिथि इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा चण्डीगढ़ की कोषाध्यक्ष सुषमा शर्मा, सचिव विकास कुमार व जिला प्रशिक्षण अधिकारी जितिन कौशिक द्वारा हैनरी डयूनॉट की प्रतिमा पर फूलों को अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन जिला प्रशिक्षण अधिकारी व कैंप डायरेक्टर जितिन कौशिक द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि सुषमा शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य, सेवा और दोस्ती का मिशन लेकर रेडक्रॉस काम करता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर सेवाएं देते हुए मिलकर रेडक्रॉस के सदस्य सेवाएं देते हैं। विशिष्ट व्यक्तियों का स्वागत करते हुए सचिव विकास कुमार ने बताया कि इस 5 दिवसीय जूनियर रेडक्रास ट्रैनिंग कैम्प के दौरान बच्चें रेडक्रास से जुड़ी जानकारी के साथ-साथ अपने भविष्य के मार्गदर्शन के लिए समय का सदुपयोग करेगें। उन्होनें आगे बताया कि ट्रैनिंग कैम्प के अन्तर्गत बच्चों को रक्तदान, स्वास्थ्य से जुड़ी हुई जानकारी, प्राकृतिक आपदाओं से बचाव, प्राथमिक चिकित्सा, रोड सेफ्टी, फायर सेफ्टी, बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता एवं अच्छे नागरिक में होने वाले गुणों, वृद्धों की सेवा आदि विषयों से सम्बन्धित जानकारी कैम्प के दौरान दी जाएगी, जिससे बच्चों का सर्वांगीण एवं कौशल विकास में ज्ञानवर्धन हो। शिविर के दौरान विशेषज्ञों द्वारा भी हैल्थ सम्बन्धित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। फर्स्ट एड ट्रैनिंग लैक्चरर हरफूल सैनी ने प्राथमिक सहायता व चिकित्सा सम्बन्धित जानकारी से अवगत कराया। इस अवसर पर एक उड़ान संस्था से कल्याणी सचान, रेडक्रास सोसायटी टीम से अतुल पराशर, आकांक्षा, श्यामा राजपूत, आशीष व टी आई प्रोजेक्ट टीम से रजनी कटारिया सुषमा, विनीता पीटर एवं कामकाजी महिला आवास वार्डन कविता सरकार, सरोज, कमला, अजय, जयभगवान आदि ने अपना विशेष सहयोग किया।

# अब वैक्सीन से लेकर वेपन तक खुद बना रहा भारत



**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रमुख डा. संजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भता की राह बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। आज हर भारतीय का आत्मविश्वास शीर्ष पर है। दुनिया का भारत को देखने का नजरिया बदला है। कभी विदेशों पर निर्भर रहने वाला भारत अब वैक्सीन से लेकर वेपन तक बना रहा है। हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन आत्मनिर्भर भारत का सबसे बड़ा प्रमाण है।

बजट पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का बजट विजनरी होता है, जिसमें 25 से 50 वर्षों तक प्लानिंग होती है। लगभग 60 वर्षों में कांग्रेस देश के विकास के लिए पैसा नहीं जुटा पाई, देश के बजट का आकार केवल 16 लाख करोड़ तक सीमित था। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मात्र 8 साल में देश के बजट को दोगुना से ज्यादा कर दिया। पिछले बजट का आकार 39 लाख करोड़ था। श्री शर्मा का कहना है कि 2014 से पहले 5 लाख रुपये की इनकम पर 30 हजार रुपये इनकम टैक्स लगता था और अब शून्य लगता है। देश में बेरोजगारी कम करने के लिए पीएम मोदी की सरकार ने कंपनियों के टैक्स रेट को कम किया। भाजपा सरकार देश की आधारभूत संरचना को मजबूत करने पर 100 लाख करोड़ खर्च कर रही है।

# खुशखबरी: नवीन गोयल के प्रयास से उत्तराखंड तक रोडवेज बसें चलने का रास्ता साफ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** से उत्तराखंड तक हरियाणा रोडवेज की बसों के संचालन की कुमाऊं भ्रातृ मंडल के कार्यक्रम में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के समक्ष नवीन गोयल द्वारा रखी गई यह मांग अब सिरे चढ़ गई है। गुरुग्राम रोडवेज डिपो महाप्रबंधक की ओर से उत्तराखंड में अलग-अलग रूटों पर दो बसों के संचालन पर मुहर लगा दी गई है।

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के समक्ष मांग रखी थी कि उत्तराखंड के धार्मिक स्थलों तक गुरुग्राम से रोडवेज की बसों का संचालन किया जाए, ताकि यहां से लोग आसानी से वहां की यात्रा कर सकें। इस मांग पर परिवहन मंत्री ने ठोस आश्वासन दिया था कि इस कार्य को पूरा किया जाएगा। मंत्री के आश्वासन को लेकर ही नवीन गोयल ने मंगलवार को कुमाऊं भ्रातृ मंडल के प्रधान सुरेश चंद काला, महासचिव करण सिंह बिष्ट, संयुक्त सचिव सुरेंद्र रावत, ठाकुर दत्त शर्मा को लेकर गुरुग्राम रोडवेज डिपो के महाप्रबंधक (जीएम) विकास नरवाल से मुलाकात की।



रोडवेज डिपो के जीएम को मांग पत्र सौंपते नवीन गोयल।

जीएम ने उनकी मांग पर सहमति जताते हुए फिलहाल दो बसों के संचालन का आश्वासन दिया। हरियाणा रोडवेज गुरुग्राम डिपो की ये दो बसें गुरुग्राम बस अड्डे से सुबह 6 या 7 बजे चलेंगी। गुरुग्राम से एक बस रामनगर (जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क) पहुंचेगी। दूसरी बस गुरुग्राम से उत्तराखंड के टनकपुर के लिए चलेगी। यह रास्ता आगे पहाड़ी है, इसलिए किसी यात्री को पिथौरागढ़, नेपाल बॉर्डर तक जाना होगा तो वे वहां के स्थानीय परिवहन सुविधाओं का लाभ लेंगे। उसी रूट पर पाताल भुवनेश्वर मंदिर भी है, जिसकी बड़ी मान्यता है। नवीन गोयल ने उत्तराखंड के लोगों को यह परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा और गुरुग्राम डिपो के महाप्रबंधक विकास नरवाल का आभार जताया है। यह परिवहन सुविधा शुरू होने से उत्तराखंड तीर्थ करने व व्यक्तिगत तौर पर जाने वाले यात्रियों को काफी लाभ होगा। कुमाऊं भ्रातृ मंडल के पदाधिकारियों ने इस कार्य के लिए नवीन गोयल का आभार जताया। प्रधान सुरेश चंद काला ने कहा कि आमजन की समस्याओं, सुविधाओं को लेकर नवीन गोयल सदा अग्रणी रहते हैं। बसों की शुरुआत कराने के लिए कुमाऊं भ्रातृ मंडल उनका आभार रहेगा।

# ज़ी टीवी अपने दर्शकों के लिए पेश करने जा रहा है Bzinga की अनूठी मस्ती

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**प्रोडक्ट** एंगेजमेंट और डिस्कवरी प्लेटफॉर्म के तौर पर मशहूर Bzinga अपने दर्शकों के लिए रोमांच से भरपूर एक हिंदी गेम शो लेकर आ रहा है। Bzinga नामक यह शो हर रविवार को शाम 5 बजे से प्रसारित किया जाएगा। इस अनोखे और मस्ती भरे शो जरिए दर्शकों को एक से बढ़कर एक इनाम जीतने और अपने सपनों को साकार करने का मौका मिलेगा। शो में बड़े पर्दे और मोबाइल एप्लिकेशन का इंटरेक्टिव संगम भी देखने को मिलेगा।

दर्शक अपने मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से इस गेम में हिस्सा लेकर उम्दा इनाम हासिल कर सकते हैं। ज़ी केरलम पर इस वक्त प्रसारित किये जा रहे Bzinga फ़ैमिली फ़ेस्टिवल के दूसरे सीज़न में अब तक अनेक लोगों ने आकर्षक इनाम हासिल किये हैं। दर्शकों ने इस शो के माध्यम से महज 10 रुपये खर्च कर आईफोन, कार, टेलीविजन सेट जैसे तमाम तरह के इनाम जीते हैं।




लोगों की इसी दीवानगी को देखते हुए अब Bzinga ने इसे हिंदी दर्शकों के सामने पेश करने का फैसला लिया है। Bzinga के चीफ बिजनेस ऑफिसर समीर गुप्ता कहते हैं कि हम लोगों द्वारा अपनी जिंदगी में कुछ हासिल करने के उनके जज्बे को सलाम करते हैं। हम हमेशा से एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार करने के लिए प्रयत्नशील रहे हैं जो ना सिर्फ लोगों में रोमांच पैदा कर उनका मनोरंजन करे बल्कि उनमें कुछ हासिल करने का सपना पूरा करे। शो की लोकप्रियता हमारी कोशिशों की तस्दीक करता है। हम आगे भी दर्शकों के इस यकीन पर खरा उतरने और भाषाओं के परे जाकर सभी लोगों का मनोरंजन करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

शो के पहले सीजन के होस्ट जाने-माने अभिनेता केविन दवे और अभिनेत्री सुनीता रजावर हैं। दोनों ही कलाकारों की दर्शकों पर अच्छी पकड़ है। यह पहला मौका होगा जब दोनों किसी शो को एक साथ होस्ट करते हुए नजर आएंगे। अभिनेता केविन दवे ने अपनी खुशी को जाहिर करते हुए कहा कि एक कलाकार के तौर पर मेरा सफर काफी रोमांचक और सफल रहा है इसके लिए मैं दर्शकों का आभार जताता हूं। उम्मीद है कि एक एंकर के तौर पर मैं इस नई पारी के साथ न्याय करने में सफल होऊंगा। सुनीता रजावार जैसी एक उम्दा अभिनेत्री के साथ काम करने को लेकर भी बेहद उत्सुक हूं।

शो का फॉर्मेट रोमांचक है, यकीन है दर्शकों को यह शो खासा पसंद आएगा। सुनीता रजावर कहती हैं कि नैशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में एक्टिंग का अभ्यास करते हुए मुझे रंगमंच और लाइव ऑडियंस के सामने परफॉर्म करने से बेहद लगाव हो गया था। इससे पहले भी मैंने ज़ी के साथ काम किया है और ऐसे में Bzinga के साथ काम करना मेरे लिए घर वापसी जैसा है। मुझे पूरा भरोसा है कि केविन के साथ शो को होस्ट करना मेरे लिए एक बेहद मजेदार अनुभव साबित होगा। ऐसे में आप भी जल्द आ रहे है मस्ती भरे शो Bzinga को ट्यून इन करें और देखें हमारा यह बेहद मज़ेदार शो जो 12 फरवरी को शुरू होने जा रहा है।

# बिजली उपभोक्ता कनेक्शन को पीपीपी आईडी से लिंक कराएं



**फरीदाबाद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के उपभोक्ताओं को परिवार पहचान पत्र से लिंक किया जाएगा। प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने बताया कि सरकार की योजनाओं के अनुसार बिजली निगम के उपभोक्ताओं को उनके परिवार पहचान पत्र के साथ लिंक किया जाना है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के 4039322 कनेक्शन के उपभोक्ताओं की परिवार पहचान पत्र से मैपिंग की जाएगी। अभी तक 2641403 उपभोक्ताओं के कनेक्शनों की परिवार पहचान पत्र के साथ मैपिंग की जा चुकी है। उन्होंने सभी ऑपरेशन सर्कल के अधीक्षण अभियंताओं को निर्देश दिए कि इस कार्य में तेजी लाएं और प्रतिदिन रियल टाइम ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट हो। प्रत्येक ऑपरेशन सर्कल, डिवीजन और सब डिवीजन के अधिकारी अपने एरिया के तहत आने वाले नए व पुराने सभी बिजली उपभोक्ताओं को परिवार पहचान पत्र के साथ लिंक करवाएं।

# फोनपे भारत में स्थापित होने की जोरदार तैयारी में

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के सबसे बड़े फिनटेक प्लेटफार्मों में से एक फोनपे की ओर से मंगलवार को लाइव सत्र आयोजित किया गया। इसमें फोन पे के सहसंस्थापक व सीईओ समीर निगम और सहसंस्थापक व सीटीओ राहुल चारी ने हाल ही में कंपनी की ओर से जनरल अटलांटिक से 350 मिलियन फंड उठाने, सिंगापुर से भारत तक कंपनी का पुनर्निवास और भारत की सबसे मूल्यवान फिनटेक कंपनी के लिए भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

सत्र की शुरुआत में समीर ने कहा कि मुझे लगता है कि फोनपे का मिशन आगे बढ़ रहा ह जो बड़े पैमाने पर वित्तीय समावेशन और डिजिटलीकरण के लिए तैयारी कर रहा है। भारत में स्थान परिवर्तन करना सही कदम था। भारत से हमने शुरुआत की थी और यहां हमारा ध्यान केंद्रित है। मुझे लगता है कि हम अगले कुछ दशक तक यहां रहेंगे। एक उच्च विनियमित इकाई होने और अंतत: यहां लिस्ट होने जैसे विभिन्न कारणों से, एक व्यवसाय और एक कंपनी के रूप में फोनपे के लिए भारत में मूल स्थान का परिवर्तन सही है। समीर ने कहा कि हमारे निवेशकों ने हमें भारत वापस आने की अनुमति देने के लिए लगभग 8000 करोड़ रुपये का कर चुकाया है। फ्लिपकार्ट से हालिया अलग होने पर उन्होंने कहा कि जब हमने फोनपे के लिए डोमिसाइल शिफ्ट के बारे में बात की तो हमें न केवल अपने बोर्ड और प्रत्यक्ष शेयरधारकों को बल्कि फ्लिपकार्ट को बहुसंख्यक शेयरधारक, उनके बोर्ड और उनके निवेशकों के रूप में संरेखित करना था। यह समय, धन और प्रयास का एक बड़ा निवेश है। और जब हमने दीर्घकालिक दृष्टिकोण पर चर्चा शुरू की, तो यह स्पष्ट हो गया कि ये दोनों कंपनियां रणनीतिक रूप से और साथ ही बाजार के लिहाज से काफी अलग ट्रैक पर हैं। इसलिए दोनों संस्थाओं को अलग करना ज्यादा समझदारी भरा कदम था। हाल ही में फंड उठाने और 12 बिलियन डॉलर के मूल्यांकन के बारे मे कहा कि फोनपे



को एक डेकाकॉर्न और भारत की अग्रणी फिनटेक कंपनी बना दिया। जनरल अटलांटिक वास्तव में एक अच्छा ब्लू चिप वैश्विक निवेशक है, जो कंपनियों पर एक लंबा दृष्टिकोण रखता है, जो हमें लचीलापन, बीमा, उधार, ब्रोकिंग या ओएनडीसी जैसे नए क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश करने में सक्षम करता है। फोनपे की भविष्य की रणनीति के बारे में राहुल ने कहा कि हम एनपीसीआई, आरबीआई और संपूर्ण फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र के साथ भारत में डिजिटल भुगतान को एक दिन में एक अरब लेनदेन तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहते हैं। हम नए उत्पादों और ऑफर को लॉन्च करने पर विचार कर रहे हैं, चाहे वह व्यापारी की ओर से लोन देना हो, उपभोक्ता की ओर से लोन देना हो, अकाउंट एग्रीगेटर और ओएनडीसी जैसी कई नई खुली एपीआई पहल हों। मुझे लगता है कि भारत सिर्फ डिजिटल मोर्चे पर धमाका करने जा रहा है।

# बदलता मौसम लोगों को कर रहा है बीमार

कविता। फरीदाबाद

**पिछले** दिनों आई बरसात और कभी सर्दी तो कभी गर्मी बढ़ने के कारण लोग मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। जिस कारण लोगों को अस्पताल से लेकर मेडिकल स्टोर के चक्कर काटने को मजबूर होते देखा जा रहा है। बुखार, जुकाम और खांसी के मरीज लगातार अस्पतालों में पहुंच रहे हैं।

शरीर में दर्द, कंपकंपी के साथ तेज बुखार लोगों की सेहत खराब कर रहा है। जिसके चलते कई मरीजों को तो अस्पताल में भर्ती कराना पड़ रहा है। सरकारी और निजी अस्पतालों के

## सबसे ज्यादा आ रहे खांसी, जुकाम और बुखार के मरीज

मेडिसिन वार्डों में मौसमी बीमारियों के मरीज भर्ती हैं। नागरिक अस्पताल के फ्लू ओपीडी में रोजाना 40 से ज्यादा बुखार, खांसी, जुकाम के मरीज उपचार कराने पहुंच रहे हैं।

इन दिनों सिविल अस्पतालों की ओपीडी में सबसे अधिक वायरल बुखार, सर्दी व खांसी के मरीज आ रहे हैं। मौसम में आए बदलाव के कारण रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने की वजह से सर्दी, जुकाम और



फ्लू ओपीडी में मरीजों की जांच करती डॉ. श्वेता।

बुखार लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। ऐसे मौसम में खानपान और दिनचर्या पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। अस्पताल खुलने से पहले ही मरीजों की भीड़ लगनी शुरू हो जाती है। आम दिनों में प्रतिदिन करीब 150 बुखार से पीड़ित मरीज ही अस्पताल में आते थे, लेकिन अब अस्पताल में रोजाना करीब 250 से अधिक बुखार के मरीज ओपीडी में इलाज कराने पहुंच रहे हैं। इसके अतिरिक्त जुखाम और खांसी के मरीज भी आ रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि पिछले दो हफ्तों से ओपीडी में मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। इसका कारण मौसम में परिवर्तन है। लोगों को अपने खान-पान पर ध्यान रखना चाहिए।

रोजाना 40 मरीज: बीके अस्पताल की फ्लू ओपीडी में तैनात डॉ. श्वेता ने बताया कि दिन में तो मौसम गर्म होता है। सुबह और रात को मौसम बदल जाता है। ऐसे में पहनावे का ध्यान रखना चाहिए। साथ ही ठंडी चीजों से परहेज रखें। मौसम परिवर्तन के कारण बच्चों को पानी उबाल कर या फिल्टर कर पिलाना चाहिए। शरीर में पानी की कमी से डिहाइड्रेशन हो सकता है। छोटे बच्चों के गीले कपड़े समय पर बदलते रहें, जिससे उनको सर्दी, जुकाम व खांसी से बचाया जा सके।

यह है लक्षण: डॉ. श्वेता ने बताया कि मौसम बदलने के साथ सर्दी, जुकाम, खांसी, गले में दर्द, सिरदर्द, शरीर में दर्द, तेज बुखार हो रहा है। वायरल बुखार तेजी से फैल रहा है। मौसम के अनुसार पूरे कपड़े पहनें। चिकित्सक की सलाह पर ही दवा का सेवन करें। यदि किसी व्यक्ति को खांसी या जुकाम है तो उससे दूरी बनाकर रखें।

# गेम खेलने के लिए फोन न देने पर दोस्त ने की थी इरफान की हत्या

## सेक्टर 21 डी में हुई युवक की हत्या की गुत्थी सुलझी आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर**-21 डी के ठेके के पीछे 28 जनवरी की रात को हुई बड़खल गांव निवासी इरफान की हत्या की गुत्थी को अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने सुलझा लिया है। गेम खेलने के लिए फोन देने से इनकार करने इरफान के दोस्त ने पीछे से वार कर उसकी हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का शोएब है आरोपी फरीदाबाद के बड़खल का रहने वाला है। क्राइम ब्रांट टीम निरीक्षक राकेश कुमार,



मर्डर का आरोपी शोएब पुलिस गिरफ्त में।

उ.नि. अनिल कुमार, उ.नि. कप्तान, स.उ.नि. कुलदीप, मुख्य सिपाही आनंद, सिपाही नसीब, सिपाही अनिल कुमार, सिपाही विनीत कुमार, सिपाही सुनील, सिपाही अजित चालक ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से बडखल से हत्या के मामले में गिरफ्तरा किया है। आरोपी मृतक इरफान को पिछले 4/5 साल से जानता है। आरोपी के खिलाफ मृतक के पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

शिकायत में बताया कि 28/29 जनवरी की रात को पुलिस को एशियन हस्पताल सेक्टर-21ए से सुचना मिली कि इरफान की चोट लगने से मृत्यु हो चुकी है। हॉस्पिटल में मृतक के पिता अब्दुल करीम ने बताया कि इरफान अपने दोस्त शोएब के साथ घर से निकला था। इरफान का सिर खुन से लथ-पथ था। जिसको डॉक्टर ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि दोनों अच्छे दोस्त थे।

रात के समय दोनों बियर पिने ठेके पर आए थे। बियर पीते हुए फ़ोन पर ऑनलाइन गेम खेल रहे थे। गेम खेलते हुए दोनों में लड़ाई हो गई। इसी बीच इरफ़ान की पत्नी का फ़ोन आ गया। आरोपी ने मृतक से गेम खेलने के लिए फोन माँगा तो इरफ़ान ने अपना फ़ोन गुस्से में आकर तोड़ दिया। जिससे गुस्से में आकर आरोपी ने मृतक के सिर के पीछे से पत्थर मार दिया। साथ ही पकड़कर सड़क पर दे मारा। आरोपी को मामले में पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

# सांठगांठ से 134ए की तरह चिराग योजना भी हुई फेल

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**हरियाणा** सरकार द्वारा 134ए खत्म करके गरीब बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाई कराने के लिए शुरू की गई नई योजना चिराग पूरी तरह से फेल हो गई है। इस योजना में ना तो प्राइवेट स्कूल संचालक कोई रुचि नहीं ले रहे हैं और ना अभिभावक। इस योजना के पोर्टल पर आखिरी तारीख 31 जनवरी तक एक भी निजी स्कूल ने अपने को रजिस्टर्ड नहीं किया है। जब कि सरकार की ओर से इस योजना में रजिस्ट्रेशन के लिए एक माह पहले ही पोर्टल खोल दिया गया था। हरियाणा अभिभावक एकता मंच का आरोप है यह सब सरकार व स्कूलों की आपसी सांठ-गांठ के चलते हो रहा है। मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा व संरक्षक सुभाष लांबा ने कहा है सरकार ने पहले 134ए को खत्म किया जब इसका चौतरफा विरोध हुआ तो सरकार दिखावे के तौर पर यह चिराग योजना लाई। जिसका कोई औचित्य ही नहीं था। मंच का कहना है कि एक ओर सरकार यह

## मंच का आरोप सरकार धीरे-धीरे सरकारी स्कूलों को करना चाहती है समाप्त

दावा कर रही है कि उनके सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का स्तर सुधरा है और अभिभावक अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिला कराने में रुचि ले रहे हैं तो दूसरी ओर चिराग योजना के तहत अपने ही सरकारी स्कूलों के बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में दाखिला करवाने का प्रयास कर रही है। सरकार धीरे-धीरे सरकारी स्कूलों को समाप्त करना चाहती है।

मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा व लीगल एडवाइजर एडवोकेट बीएस विरदी ने कहा है कि सरकार हमेशा गरीब परिवारों के बच्चों के साथ छलावा करती है और प्राइवेट स्कूलों की सशक्त लावी के दबाव में काम करती है। कैलाश शर्मा ने कहा है कि सरकार अभिभावक व अध्यापक संगठनों की आपसी फूट का फायदा उठा रही है।

# सनशाइन इलेवन ने स्काईहॉक्स को 27 रन से हराया




मैन ऑफ द मैच का खिताब पाते हुए तरूण।

**फरीदाबाद।** रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड पर सनशाइन इलेवन और स्काईहॉक्स इलेवन के बीच मैच हुआ। सनशाइन इलेवन ने स्काईहॉक्स इलेवन को 27 रन से हराया।

बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया 20 ओवर के मैच में सनशाइन इलेवन ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 177 रन का लक्ष्य दिया। शुभम ने 33 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 40 रन, तरुण ने 28 गेंदों पर 4 चौकों और 1 छक्के की मदद से 40 रन, अमजद खान ने 19 गेंदों पर 3 चौकों मदद से 26 रन बनाए। स्काईहॉक्स की ओर से गेंदबाजी करते हुए आकाश राणा ने 4 ओवर 37 रन देकर 2 विकेट, बब्बी, गौरव, करन, गौरव छाबड़ा ने 1/1 विकेट हासिल किये। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए स्काईहॉक्स इलेवन ने 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 150 रन बनाकर ढेर हो गई। स्काईहॉक्स की ओर से गौरव छाबड़ा ने 19 गेंदों पर 4 चौकों और 1 छक्के की मदद से 28 रन और लवीश ने 35 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से 33 रन बनाए। सनशाइन इलेवन की ओर से गेंदबाजी करते हुए तरुण ने 4 ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट, अंकित 3 ओवर में 27 रन देकर 2 विकेट, अनुभव ने 4 ओवर में 35 रन देकर 2 विकेट और अशोक और अभय ने 1/1 विकेट हासिल किए। इस मैच का मैन ऑफ द मैच तरुण को घोषित किया गया।

# सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले के लिए पुलिस ने की चाक चौबंद व्यवस्था

## बुलेट प्रूफ जिप्सी, डॉग स्कवाड टीम, मोबाईल जैमर, स्वेट कमॉडों से भी की जाएगी मेले की सुरक्षा, ऑटोमेटिक गन सहित हरियाणा पुलिस के स्पेशल कमांडो होंगे तैनात

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने आगामी तीन से 19 फरवरी को सूरजकुंड में शुरू होने वाले 36वे अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर तैनात पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। इस अवसर पर उनके साथ मेले के तमाम सुरक्षा प्रबंधों के सुपरवाइजर के अधिकारी पुलिस उपायुक्त मुख्यालय नीतीश अग्रवाल भी मौजूद रहे।

पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस आयुक्त ने सुरक्षा के मध्यनजर दौरा किया है सूरजकुंड मेले की बाउंड्री, वीआईपी पंडाल, वीआईपी गेट के अलावा अन्य सभी गेट व सभी जोन व पार्किंग स्थल को चैक किया गया। उन्होंने मेले में मौजूद सभी पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। मेले की सुरक्षा व्यवस्था के मध्यनजर 8 जोन/सेक्टर में बांटा गया है। मेले की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस कर्मीयों की सिफट वाईज डयूटी लगाई गई है। ताकि डयूटी दुरस्त तरीके से की जा सके। सभी गेटो पर मेटल डिटेक्टर व डीएफएमडी होंगे, मेले की सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने व अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जाएगी। सुरक्षा के मध्यनजर अपराधिक तत्वों व मंचलो पर नजर रखने के लिए महिला रेपीडेक्स पुलिस, स्वेट कमांडो व सिविल कपडो में पुलिस कर्मी तैनात किए गए है। इसके अलावा दूरबीन से भी मंचलो पर नजर रखी जाएगी।



बैठक को सम्बोधित करते सीपी।

पुलिस कर्मी मेले के चारो और उंची-उंची पहाडियों पर भी असले के साथ तैनात होंगें। उन्होंने बताया कि बुलेट प्रूफ जिपसी, डॉग स्कवाड टीम, मोबाईल जैमर, स्वेट कमॉडों एवं सुरक्षा के मध्यनजर सीआईडी टीम का बम निरोधक दस्ता, एंटी स्बोटेज टीम, भी तैनात होगी। मेले की सुरक्षा को चाक-चौबंद करने के लिए हरियाणा पुलिस के स्पेशल कमांडो बुलेट प्रूफ जैकेट एवं ऑटोमेटिक गन सहित तैनात किए जाएंगे। टिकट काउंटर, वीआईपी पार्किंग, मचान इत्यादि पर भी हथियार सहित पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे।

मेला की सुरक्षा के मध्यनजर करीब 3000 से अधिक पुलिस कर्मी की डयूटी लगाई गई है जिसमें फरीदाबाद पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के अलावा अन्य जिलों से भी पुलिस बल तैनात किया गया है। 250 से अधिक क्राइम ब्रांच में तैनात पुलिसकर्मी सादी वर्दी में मौजूद रहेंगे तथा साथ ही 150 से अधिक महिला पुलिसकर्मी असामाजिक तत्व से निपटने के लिए सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगी। इसके अलावा ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने के लिए 250 पुलिसकर्मियों के साथ 400 से अधिक ट्रैफिक होमगार्ड तैनात किए गए हैं जोकि मेले के अंदर एवं बाहर तैनात होंगे ताकि मेले में आने वाले लोगों को ट्रैफिक से संबंधित किसी भी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े। मेला परिसर की सुरक्षा व्यवस्था के मुद्देनजर कुल 30 नाके लगाए गए हैं जिसमें 8 नाके मेला परिसर के अंदर और 14 नाके मेला परिसर के चारों तरफ तथा 8 अन्य छोटे नाके लगाये गए है।

# महंगाई की मार से जनता को राहत देने वाला हो बजट

## छोटे दुकानदार बजट से काफी राहत की उम्मीद लगाए बैठे हुए हैं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



हर्ष मित्तल।



डॉ. किरण।



अजय नोनिहाल।



डॉ. अजय तिवारी।

**केंद्र** सरकार बुधवार को अपना बजट पेश करने जा रही है। आम बजट को लेकर लोग इस बार केंद्र सरकार से ढेरों उम्मीद लगाए बैठे हैं। क्योंकि लगातार बढ़ रही महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़कर रख दी है। महंगाई से समाज का प्रत्येक वर्ग कहीं न कहीं प्रभावित हो रहा है। आज पेश होने वाले बजट को लेकर पायनियर द्वारा शहर के कुछ लोगों से बातचीत की गई।

**निवेश में टैक्स की छूट बढ़ाएं :** चार्टड एकाउंटेंट हर्ष मित्तल का कहना है कि कोरोना के बाद स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी राहत देने की जरूरत है। सेक्शन 80 डी के तहत क्लेम की रियायत को 25 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रुपये किया जाना चाहिए। वेतन भोगियों को डेढ़ लाख रुपये तक के निवेश पर टैक्स में छूट मिलती है। जिसे बढ़ाने की जरूरत है।

**दर की खाई पाटना जरूरी :** पल्ला स्थित स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी डॉ. किरण का कहना है कि सरकारी अस्पताल में आज भी सभी तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में जब व्यक्ति इलाज के लिए निजी अस्पताल में जाता है तो वहां इलाज की दर काफी ज्यादा होती है।

ऐसे में लोगों को इलाज के लिए कर्ज तक मजबूरी में लेना पड़ता है। इसलिए सरकार को इस बार बजट में सरकारी और निजी अस्पताल में इलाज के खर्च की खाई को पाटने की उम्मीद की जा रही है।

**ट्रेडर्स को मिले राहत :** एनएच एक के व्यापारी एकता मंच के प्रधान अजय नोनिहाल का कहना है कि आज तक किसी भी बजट में ट्रेडर्स खास कर छोटे दुकानदारों को कभी राहत नहीं दी गई है। ऑनलाइन सामान बेचने वाली कंपनियों के बाजार में उतरने से छोटे दुकानदार सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। यदि ऑनलाइन खरीदारी का प्रचलन बढ़ता गया तो छोटे दुकानदार विलुप्त हो जाएंगे। ऐसे में सरकार को इस बार पेश होने वाले बजट में छोटे दुकानदारों को राहत देने की योजना लानी चाहिए।

**महंगाई से मिले राहत :** राष्ट्रीय प्रवासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय तिवारी का कहना है कि लगातार बढ़ रही महंगाई के कारण हर वर्ग का व्यक्ति बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। खासकर महंगाई ने गरीब और मजदूर वर्ग की कमर तोड़कर रख दी है। एलपीजी गैस और खाने पीने की चीजे तक धीरे धीरे लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही है। किरयाने के दाम कई गुणा ज्यादा बढ़ गए हैं। इसलिए सरकार को इस बार महंगाई से राहत देने वाला बजट पेश करना चाहिए।

# बजट परिचर्चा के लिए निगम को आमंत्रण

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में पहली बार शहर के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा नगर निगम बजट पर परिचर्चा के लिए नगर निगम बजट तैयार करने वाली टीम को आमंत्रित किया गया। फोकस फ़रीदाबाद के संस्थापक सतिंदर दुग्गल व उनकी टीम ने नगर निगम के जॉइंट कमिश्नर गौरव आंतिल व नगरनिगम के एफ़सी कालरा से भेंट की व उन्हें परिचर्चा के उद्देश्यों के बारे में बताया व परिचर्चा के लिए आमंत्रित भी किया। नगरनिगम के अधिकारियों ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए परिचर्चा के उद्देश्यों की सराहना की व शामिल होने के लिए सहमति जतायी।

ज्ञात हो की फ़रीदाबाद में पहली बार शहर के कुछ प्रबुद्ध नागरिक, विधायक, पूर्व पार्षद, पूर्व सरपंच, सामाजिक संस्थाओं के नुमाइंदे, चार्टर्ड अकाउंटेंट इस परिचर्चा में नगरनिगम बजट पर अपने सुझाव रखेंगे ताकि बजट को और अधिक उद्देश्यपूर्ण बनाया जाये। यह परिचर्चा पांच फ़रवरी को सुबह 11 बजे सेक्टर 15 के सामुदायिक भवन में आयोजित की गई है।

# मोबाईल रिपेयरिंग में उज्जवल भविष्य

**फरीदाबाद।** मोबाइल रिपेयरिंग में बनाएं भविष्य इंदर टेक्नोलॉजी इंस्टिट्यूट आईटीआई आपके बच्चे के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए न्यूनतम शुल्क देकर उच्च शिक्षा प्राप्त करवा रहा है। इसलिए यह कोर्स आज के टॉप कोर्से में शामिल हैं। इसके लिए जरूरी है कि आप कोर्स के साथ अच्छे संस्थान के चुनाव पर भी विशेष ध्यान दें। जहां से इसको करने जा रहे है।

वह संस्थान विश्वसनीय एवं अति आधुनिक कोर्स की ट्रेनिंग देता हो। क्योंकि इस क्षेत्र में जितना रोजगार का दायरा बढ़ा है उतनी ही गति से नये-नये कोर्सों का दायरा भी बढ़ा है। आईटीआई सबसे पहला संस्थान है यहां पर आपको कंम्प्यूटर को एसेम्बल करना तथा पार्ट का रख-रखाव करना सिखाया जाता है। चिप लेवल की बेसिक ट्रेनिंग भी दी जाती है। कंप्यूटर का निर्माण एवं चलाना एवं मैटनेन्ट करना भी सिखाया जाता हैं। यहां कोर्स की थ्यौरीकल एवं प्रैक्टिकल द्वारा



निशा कुमारी।

करवाया जाता है। प्रत्येक छात्र पर विशेष ध्यान दिया जाता है। हमारे संस्थान में विभिन्न टेक्नीकल कोर्स करवाये जाते है। जिनकी अवधि 1 या 2 साल है जैसे इलेक्ट्रिशन् इलैक्ट्रोनिक रेफ्रिजरेटर एवं ए.सी. और मोबाइल रिपेयरिंग कोर्स भी करवाया जाता है। मोबाइल कोर्स की अवधि 3 महीने है। इसमें आप मोबाइल बनाना, कल पुर्जे बदलना व उन्हें ठीक करना सिखाया जाता है। इसमे हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की ट्रेनिंग भी दी जाती है। इस कोर्स को करने के लिए कोई उम्र सीमा नहीं हैं। इस संस्थान की डायरेक्टर निशा तोमर का कहना है कि उनके छात्र एक महीने में इस योग्य हो जाते है कि वे खुद मोबाइल एसेम्बलिंग कर सके।

# संक्षिप्त समाचार

## रक्तदान महादान और सर्वोपरि है : गोपाल



**बल्लभगढ़।** ऑल इंडिया मियांवाली डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन रजिस्टर्ड बल्लभगढ़ एवं पंजाबी धर्मार्थ ट्रस्ट रजिस्टर्ड द्वारा आयोजित रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद एनआईटी नेक्स्ट रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, उद्योगपति अजय जुनेजा ,नवीन पसरिचा पंजाबी धर्मशाला मैं रविवार को पहुंचे। शिविर में पहुंचने पर ट्रस्ट के प्रधान विनय खंडूजा व सचिव वेद प्रकाश गेरा, कपिल जुनेजा, सुरेश अनेजा जी द्वारा गोपाल शर्मा जी का पुष्पों के गुलदस्ते द्वारा स्वागत किया गया। संस्था के संरक्षक गिरधारी लाल जुनेजा व तुलसी गुलयानी आरटीएन अमित आर्य प्रधान रोटरी द्वारा उद्योगपति अजय जुनेजा व नवीन पसरिचा का स्वागत किया गया। रक्तदान शिविर के साथ-साथ दृष्टि आई केयर नेत्र जांच की टीम भी आई हुई थी। शिविर में आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए गोपाल शर्मा जिला अध्यक्ष ने संस्था के सामाजिक कार्यों की सराहना की। हमारे शरीर की एक एक बूंद कीमती है जो किसी के जीवन को बचा सकती है। जीते जी रक्तदान और जाते-जाते नेत्रदान यह जीवन में नेक कार्य हैं दधीचि देह दान संस्था के सदस्यों ने भी अंगदान के लिए लोगों को जागरूक किया। जीते जी रक्तदान और जाते-जाते नेत्रदान। ट्रस्ट के प्रधान विनय खंडूजा ने बताया कि शिविर में 87 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया व 25 से 30 लोगों द्वारा नेत्रदान के फार्म भरे गए। जो समाज की भलाई के लिए उपयोगी साबित होंगे। किसी के अंधेरे जीवन में उजाला आएगा। संस्था के द्वारा समय-समय पर अनेक सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम होते रहते हैं।

## सुधा रुस्तगी कॉलेज में सार्वजनिक स्वास्थ्य पर कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग, सुधा रुस्तगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च ने 31 जनवरी, 2023 को री-एम पब्लिक हेल्थ आइडियाज विषय पर धर्मवीर गुप्ता, अध्यक्ष और दीपक गुप्ता, सचिव के संरक्षण में एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। दिन के अतिथि वक्ता डॉ आशीष जोशी थे। डॉ. जोशी ने स्वास्थ्य सूचना विज्ञान में पीएचडी की है और मेम्फिस विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के एक डीन और एक विशिष्ट विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रहे हैं। डॉ. जोशी ने अमेरिका, भारत, नाइजीरिया, बांग्लादेश, हैती, मिस्र और ब्राजील सहित कई देशों में जनसंख्या स्वास्थ्य सूचना विज्ञान के क्षेत्रों में दो दर्जन से अधिक शोध परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया। आज हमारे समुदायों के सामने आने वाली कुछ सबसे अधिक दबाव वाली सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करने के लिए अभिनव समाधान विकसित करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सतत विकास लक्ष्यों की उपलब्धि को आगे बढ़ाने के लिए स्मार्ट (सस्टेनेबल, मल्टीसेक्टर, एक्सेसिबल, अफोर्डेबल, रीइंबर्सेबल और टेलर्ड) मॉडल उनमें से एक है। डब्ल्युएचओ संयुक्त राष्ट्र और कई अन्य एजेंसियों में राष्ट्रीय और विश्व स्तर परस्मार्ट मॉडल पेश करने के लिए आमंत्रित किया गया था। उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य कैरियर के अवसरों और सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य असमानताओं को दूर करने और विशेष रूप से विविध सेटिंग्स में रहने वाली आबादी के लिए स्वास्थ्य इक्विटी को बढ़ावा देने के तरीकों के बारे में बात की। अंत में माननीय प्राचार्य डॉ सीएम मढ़िया और सीईओ डॉ विशाल जुनेजा ने उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम की खूब सराहना हुई।

## ट्यूबवेल के चौकीदार को बंधक बनाने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी सुन्दर की टीम ने ट्यूबवेल के चौकीदार को बंधक बनाकर सरकारी ट्रांसफार्मर को उखाड़ ने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया गिरफ्तार आरोपी का नाम मुकेश कुमार है आरोपी पलवल जिले के गांव गहलब का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना सेक्टर-58 के लूट, डकैती और अवैध हथियार की धाराओं में दर्ज मुकदमें में गिरफ्तार किया है। आरोपी के अन्य दो साथियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी को पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ में देसी कट्टा व खाली खोल व ट्रांसफार्मर की कॉपर कॉइल बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ झज्जर में चोरी की धाराओं में पहले 24 मामले दर्ज है। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

## अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम राजेन्द्र (32) है आरोपी पलवल जिले के गांव रजपुरा का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से वर्धमान मॉल ओल्ड फरीदाबाद से रात करीब 9.00 बजे काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से एक देसी कट्टा बरामद हुआ है। आरोपी से पिस्तोल के सम्बंध में लाईसेंस मांगा गया तो आरोपी पेश नही कर पाया। आरोपी के खिलाफ थाना ओल्ड फरीदाबाद में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया की आरोपी देसी कट्टे और जिंदा रोंद को बीसरु के अरसद से 2000/-रु में खरीद कर लाया था। अरसद पुलिस एनकाउंटर में 3/4 साल पहले मारा गया है। आरोपी पर झज्जर और पलवल जिले में काफी चोरी के मामले दर्ज है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

## गांजा सहित तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल प्रभारी की टीम ने अवैध गांजा तस्करी के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए आरोपियों में टुनटुन राय और संतोष कुमार का नाम शामिल है। दोनो आरोपी मूल रुप से बिहार के पटना जिले के गांव नया टोला राघोपुर के तथा वर्तमान में पलवल जिले के कैलाश नगर में रहते है। दोनों आरोपी मजदूरी का काम करते है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सीकरी पुलिस चौकी के पास मथुरा हाईवे से आरोपियो को गांजे सहित काबू कर लिया। आरोपियो के कब्जे से 5.353 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। पूछताछ करने पर आरोपी कोई जवाब नहीं दे पाया जिसके पश्चात आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछता शुरू की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी खुद गांजा पीता है। अधिक पैस कमाने के लालच में आकर गांजा बेचता है। आरोपी अपने गांव गए हुए थे। रास्ते म सों किसी अंजान व्यक्ति से 15000/-रु में गांजा खरीद कर लाया था। आरोपी टुनटुन आरोपी संतोष कुमार को गांव से 5000/-रु में गांजा बेचने के लिए साथ लाया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

## वितमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर आयकर सीमा बढ़ाने की मांग




**फरीदाबाद।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा कि राज्य कमेटी के आवाहान पर फरीदाबाद के बिजली, नगर निगम, टूरिज्म, स्वास्थ, जन स्वास्थ, ईरिकेशन, शिक्षा विभाग, अध्यापक, हुडा विभाग सहित कई विभागों के कर्मचारियों ने सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान करतार सिंह की अध्यक्षता में जिला उपायुक्त कार्यालय सेक्टर 12 में जोरदार प्रदर्शन कर केंद्र सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले 2023- 24 के बजट के संबंध में आयकर में छूट देने व कर्मचारियों की अन्य मांगों के सुझाव का ज्ञापन जिला उपायुक्त के प्रतिनिधि सुमन भाकर सीईओ जिला परिषद के माध्यम से केंद्रीय वित्त मंत्री भारत सरकार के नाम संघ ने सौंपा।

## रामचरितमानस विवाद

### सपा राजद की राजनीति

**रामचरितमानस** पर विवाद को हवा देकर सपा और राजद मंडल राजनीति को पुनर्जीवित करना चाहते हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ राजनेताओं द्वारा रामचरितमानस के खिलाफ दिए बयान बड़े विवाद को जन्म दे सकते हैं। अयोध्या में तपस्वी छावनी मंदिर के प्रमुख पुजारी महंत परमहंस दास ने 'समाजवादी पार्टी एमएलसी का सिर लाने वाले किसी व्यक्ति को 500 रुपये नकद इनाम देने की घोषणा की है क्योंकि उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास की रामचरितमानस का अनादर किया है।' लेकिन इससे भगवान राम की जीवन कथा का वर्णन करने वाले महाकाव्य के आलोचक हतोत्साहित नहीं हुए हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य का समर्थन करने वाले एक समूह 'अखिल भारतीय ओबीसी महासभा' ने रविवार को वृंदावन योजना लखनऊ में रामचरितमानस के उन पन्नों की फोटो प्रतियां जलाईं जिनमें कथित रूप से 'महिलाओं व दलितों के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं।' भारतीय जनता पार्टी का यह कहना सही है कि मौर्य को रामचरितमानस के खिलाफ बोलने का पुरस्कार मिला है। इन घटनाओं के कुछ दिन पहले अयोध्या के पुजारी ने बिहार के मंत्री चंद्रशेखर की रामचरितमानस पर इस टिप्पणी को खारिज किया था कि यह महाकाव्य 'विभाजनकारी तथा समाज में घृणा फैलाने वाला' है। हालांकि, आधिकारिक रूप से उसने स्वयं को रामचरितमानस टिप्पणियों से अलग कर लिया है, लेकिन समाजवादी पार्टी मौर्य से नाराज नहीं है जिनको रविवार को पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव घोषित किया गया। यह लगभग हर राजनीतिक पार्टी की परीक्षित रणनीति है कि वह अपने एक नेता को ऐसी बातें कहने की अनुमति देती है जिनका आमतौर से बचाव नहीं किया जा सकता है। इसके बाद वह




इसे संबंधित नेता के 'व्यक्तिगत विचार' बता कर इनसे पल्ला भी झाड़ लेती है। लेकिन संबंधित नेता को ऐसे बयानों का कोई खामियाजा नहीं भुगतना पड़ता है। इसके बारे में एक कहावत प्रचलित है 'चोर से कहें चोरी करो और शाह से कहें पकड़ो।' सपा तथा चंद्रशेखर की पार्टी राजद की इस रणनीति से स्पष्ट है कि वे 'मंडल राजनीति' पुनर्जीवित करना चाहते हैं जो जातीय व्यवस्था के प्रति आलोचनात्मक दृष्टिकोण रखती है, पर उनका दावा है कि यह 'हिंदू विश्वासों' से जुड़ी है। मंडल आयोग रिपोर्ट के क्रियान्वयन से ओबीसी राजनीति का उभार हुआ था। इस रिपोर्ट में भी ऐसे अनेक संदर्भ दिए गए हैं जो हिंदूवाद के प्रति आलोचनात्मक हैं। सपा और राजद तथा बिहार में राजद की सहयोगी जदयू को भी मंडल रिपोर्ट से लाभ मिला है।

पिछले दशक में नरेन्द्र मोदी-अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा के शानदार उभार ने जाति-आधारित ओबीसी राजनीति को हाशिए पर धकेल दिया है। लेकिन इसके बावजूद शायद ही कोई स्वीकार करे कि 'जाति' का यथार्थ भारत में समाप्त हो गया है। भाजपा यह तथ्य भलीभांति जानती है, इसलिए पिछले कुछ दशकों में भाजपा ने 'सोशल इंजीनियरिंग' का अपना अलग फार्मूला विकसित किया है। ऐसा लगता है कि 'मंडल' समर्थक पार्टियां वापस अपने जमीनी आधार-जाति की ओर लौट रही हैं। इसी कारण 'जाति गणना' की मांग लगातार तेज होती जा रही है। ये पार्टियां जानती हैं कि यह एक भावनात्मक मुद्दा है और तर्कों के बजाय इसका प्रभाव संभवत: अधिक होगा। लेकिन भाजपा ने पिछले आठ सालों में 'जातिवादी विभाजन' का मुकाबला करने में बड़ी सीमा तक सफलता पाई है। उसने 'सबका साथ, सबका विकास' के अंतर्गत जो जन-कल्याणकारी नीतियां जमीनी स्तर तक व्यापक रूप से लागू की हैं उनका लाभ हर जाति, समुदाय व धर्म के लोगों को मिला है। इसके साथ ही जनता 'मंडल' समर्थक पार्टियों के शासनकाल में व्याप्त भयानक भ्रष्टाचार व 'परिवारवादी' नीतियों से भी भलीभांति परिचित है जिनका नुकसान अंतत: समाज के सबसे गरीब लोगों को होता है।

# हमारी संस्कृति में निहित लोकतंत्र

इतिहास पर गहराई से गौर करने पर स्पष्ट होता है कि भारत को 'लोकतंत्र की जननी' कहना अतिरंजना नहीं है। लोकतंत्र हमारी संस्कृति में निहित है।



**सच्चिदानंद जोशी**
(लेखक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सचिव हैं)



भारत ने लगातार प्रशासन की अनेक व्यवस्थाओं का धीरे-धीरे विकास किया जो हमारे विविधतापूर्ण संस्थानों का सर्वाधिक उल्लेखनीय तत्व है। दसवीं शताब्दी के सोमदेव श्री ने उचित ही अपनी उल्लेखनीय रचना 'नीतिवाक्यमित्र' में ठीक ही कहा है कि 'अथ धर्माथफलेय राज्येय नम:', यानी सरकार की व्यवस्था धर्म व अर्थ प्रदान करती है। भारतीय संस्कृति की विशिष्ट उपलब्धि इसे आदर्श प्रदान करना है। इन व्यवस्थाओं का निर्माण नियमित सामाजिक जीवन की आवश्यकतायें पूरी करने के लिए हुआ था। हमारे लोकतांत्रिक संस्थान एक ऐतिहासिक घटना का परिणाम न होकर हजारों सालों के सांस्कृतिक विकास का नतीजा हैं। वैदिक साहित्य, स्मृतियां, महाकाव्य, पुराण साहित्य, सूत्र साहित्य, खेल, कविता तथा विभिन्न लोककथायें ऐसी कुछ सामग्रियों में शामिल हैं जो लोकतांत्रिक आयामों वाली प्राचीन भारतीय सामाजिक व्यवस्थाओं में निहित थीं। वैदिक युग से आज तक अनेक शब्दों ने उस सामूहिक व्यवस्था को परिभाषित किया जो प्राचीन भारत में लगातार विकसित हो रही थी। यह भी सच है कि विभिन्न विचारकों ने इन शब्दों को अलग-अलग तरीके से परिभाषित किया, जिससे इनकी सटीक समझ निर्धारित करना चुनौतीपूर्ण है। कहने की आवश्यकता नहीं कि ऐसी कुछ व्याख्याओं ने हमारे अतीत की गलत व्याख्या का रास्ता भी खोला। प्राचीन भारत का सामाजिक व राजनीतिक जीवन समिति, सभा, कुल, गण, जाति, पुग, वृत्त, श्रेणी, संघ, समुदाय, समभूय-समुत्थान, चरण व परिषद से प्रशासित है।

वेद अक्सर 'एकसाथ आने' या 'सभा' का उल्लेख ऐसे समूहों का उल्लेख करने में करते हैं जहां राजनीतिक व गैर-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा होती थी। वे एक लोकतांत्रिक समिति की भी चर्चा करते हैं जिसे सत्ताच्युत शासक को पुन: शासनारूढ़ करने का अधिकार प्राप्त था। प्रख्यात वैदिक विद्वान सायन सभा के बारे में अत्यधिक जटिल विस्तृत विवरण देते हैं जिसमें 'अनेक लोगों द्वारा किए प्रस्ताव तोड़े नहीं जा सकते थे।' अथर्ववेद में सामूहिक बैठक के लिए 'संसद' शब्द का प्रयोग किया गया है जिसकी तुलना आधुनिक संसद से की जा सकती है। भारत ने परा-वैदिक संस्कृति में विभिन्न प्रकार की आत्मनियंत्रित व्यवस्थाओं का प्रयोग कर शहरी केन्द्रों का विकास किया जहां समिति व सभा ने गण, संघ व श्रेणी जैसी अतिरिक्त व्यवस्थाओं के गठन का रास्ता खोला। सरकार के गणतांत्रिक रूप-अनेक गणों की रचना पूरे बौद्ध-जैन युग में हुई। इस कालखंड में लोकतांत्रिक रुझान वाले अनेक संस्थानों का गठन हुआ। इस चरण पर गण व संघ के विचारों का विकास हुआ। जैन शिक्षाओं के अनुसार, गण एक समूह है जहां सचेतन लोग निर्णय करते थे। इसके अनुसार गण एक संख्या है और गण-राज्य संख्याओं पर आधारित शासन है। उन दिनों समूह या संसद को गण कहा जाता था और इस संस्था के शासन को गणराज्य कहा जाता था। संस्कृत व्याकरणाचार्य पाणिनि ने अपनी प्रमुख रचना 'अष्टाध्यायी' में कहा है कि संघ व गण शब्दों के अर्थ समान हैं। कौटिल्य ने ईसापूर्व तीसरी शताब्दी में संघ को 'शास्त्रोपजीविन' व 'राजशब्दोपजीविन' कहा, जबकि पाणिनि ने इसे 'आयुधजीविन' बताया है। दोनों दृष्टिकोणों से स्पष्ट है कि संघों का अस्तित्व था जिनमें से प्रत्येक के सदस्य सैनिक कला का अभ्यास करते थे। उनमें से प्रत्येक का एक शासक होता था जिसके लिए 'राजन' उपाधि दी गई थी। मज्झिम निकाय ने 16 महाजनपदों का उल्लेख करते हुए गण व संघ शब्दों का एक वाक्य में साथ प्रयोग किया है।

संघ को एक समूह या राज्य के रूप में देखा जा सकता है, जबकि गण को सरकार का एक स्वरूप कहा जा सकता है। महाभारत के शांति पर्व में राजनीतिक समूह के रूप में संघ के चरित्रों की सर्वोत्तम परीक्षा निर्धारित की गई है। सामूहिक जीवन गण को 'संघत वृत्ति' बनाता है। पाणिनि, कायत, वेदव्यास व नारद ने श्रेणी की परिभाषा समान कौशल या बिजनेस करने वालों के समूह के तौर पर की है-'एकेन शिल्पेन पानेयान ये ये जीवन्ति तेषम समूह श्रेणी।' श्रेणी एक आत्मकेन्द्रित संस्था की तरह व्यवहार करती थी। 'श्रेष्ठी' का अर्थ इसका प्रमुख या मुखिया था। इन समूहों या गिल्डों का समुदाय में बहुत सम्मान होता था। स्थानीय सरकार की नीतियों की चर्चा नियमित रूप से श्रेणी की बैठकों में होती थी। इन श्रेणियों को अपने सामाजिक समूहों के लिए दिशानिर्देश निर्धारित करने का अधिकार था और राजा के लिए उनको प्रभावित करने वाली नीतियां तय करते समय उनसे विचार-विमर्श करना जरूरी था। श्रेणियां एक बिजनेस ढांचे का प्रतिनिधित्व करती थीं जिनका एक स्पष्ट क्षेत्राधिकार होता था। राज्य को इन श्रेणियों से 'भंडागारिक' को नियुक्त करने का अधिकार प्राप्त होता था। महत्वपूर्ण है कि विभिन्न गिल्डों के संबंध ताम्रपर्णी-श्रीलंका, सुवर्णपर्णी-सुमात्रा तथा बवेरू से थे। इसके साथ ही उन्होंने आंतरिक वाणिज्यिक संबंध बेबीलोनिया से विकसित किए थे। संघ व श्रेणी शब्द वास्तव में प्रारंभिक राजनीतिक ढांचों का प्रतिनिधित्व करते हैं जिनका प्रयोग हजारों सालों तक होता रहा। प्राचीन भारत ने कलाओं, विनिर्माण व कृषि में महत्वपूर्ण प्रगति की थी जिनसे अपरिहार्य रूप से श्रेणियों का विकास संभव हुआ। श्रेष्ठी, श्रेष्ठय व श्रेणी शब्दों का प्रयोग बार-बार वेदों, ब्राह्मण ग्रंथों, रामायण, महाभारत व पाली साहित्य में होता है। श्रेष्ठी व श्रेष्ठयन शब्द गिल्ड के प्रमुखों के लिए थे।

रामायण में एक उल्लेख है जहां भरत के साथ राम की खोज में नागरिकों का एक समूह जाता है। इसमें हीरों के कारीगर, मिट्टी के कारीगर, कपड़ा बनाने वाले, हथियार बनाने वाले, जवाहरातों पर काम करने वाले, प्रख्यात सुनार, व्यापारी, धोबी, टेलर, अभिनेता, अभिनेत्रियां, ऊन उत्पादक, सुगंध उत्पादक व आदर्श चरित्र वाले ब्राह्मण शामिल थे। इस प्रकरण से स्पष्ट है कि गिल्डें कैसे समाज को अपनी स्वशासी व्यवस्था बनाने में सहायता करती थीं। महाभारत में भी इन गिल्डों के कामकाज तथा व्यवस्था बनाए रखने में उनके महत्व की चर्चा की गई है। बुद्ध को श्रावस्ती में अनन्त पिंडक नामक अमीर श्रेष्ठी ने प्रख्यात जीवक उद्यान उपहार में दिया था। पांच कौशलों के प्रमुखों को उन संदेशवाहकों का दायित्व सौंपा गया था जो सीलोन के ऐतिहासिक विवरण के अनुसार कित्ति श्रीमेघ का संदेश उसके बेटे पराक्रम को देने गए थे। बाण के 'हर्षचरित्र' में प्रतिभाशाली चित्रकारों के समूह का उल्लेख है जिनको राजकुमारी के विवाह में आमंत्रित किया गया था। 'हरिवंश' में उल्लेख है कि अनेक राजसी परिवार कृष्ण व बलराम के बीच संभावित युद्ध देखने के लिए उपस्थित हुए थे। अनेक पुरालेखों से भी इन दावों की पुष्टि होती है। सांची, भरहुत, बोधगया, मथुरा, जुन्नार व दक्षिण भारत तथा अन्य स्थानों पर मिले अभिलेखों से तेल निकालने वालों, बर्तन बनाने वालों, हाइड्रोलिक इंजन बनाने वालों, मक्के के व्यापारियों, बांस के कारीगरों, कपड़ा बुनने वालों व अनेक प्रख्यात गिल्डों की संख्या का पता चलता है। अनेक अभिलेखों से पता चलता है कि श्रेणियों व राजशक्ति के बीच संपर्क थे।

इस प्रकार श्रेणी व संघ की स्थापना के पीछे स्वशासन की मजबूत अवधारणा अंतर्निहित रूप से पाई जाती है। यह पूरा ढांचा लोगों के समूहों व सहकारिताओं को संस्थागत स्वरूप प्रदान करने के लिए बनाया गया था। इन सामाजिक संस्थानों का एक लोकतांत्रिक ढांचा होता था और ये आसानी से प्राचीन भारत में सामुदायिक प्रबंधन व सामाजिक प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण कहे जा सकते हैं। इतिहास पर गहराई से गौर करने पर स्पष्ट होता है कि भारत को 'लोकतंत्र की जननी' कहना अतिरंजना नहीं है। लोकतंत्र हमारी संस्कृति में निहित है। पिछले वर्षों में अपने अतीत व शास्त्रीय परंपराओं पर पुनर्विचार का आंदोलन तेज हुआ है। इसका नतीजा किसी भी तरह असाधारण उपलब्धि से कम नहीं कहा जा सकता है। इनमें से एक सच्चाई यह है कि 'भारत लोकतंत्र की जननी' है।

# भारत के गुमनाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

**स्वप्ना मजूमदार**
(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं)



वह दर्द से कराह रही थी, उसे रुकने के लिए मिन्नतें कर रही थी लेकिन उसकी चीख अनसुनी हो गई। महाराष्ट्र के सांगली में भवानी नगर में थाने के सामने ऐसा होने के बावजूद वहां मौजूद दो पुलिसकर्मियों ने हौसाबाई पाटिल के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए कुछ नहीं किया। अचानक हौसाबाई के नशे में धुत पति ने एक बड़ा पत्थर उठा लिया और उसका सिर फोड़ने की धमकी दी। जब दोनों पुलिसकर्मियों को यह एहसास हुआ कि अगर उनके थाने के सामने एक महिला की हत्या हुई तो उन्हें घसीटा जाएगा, वे हस्तक्षेप करने के लिए दौड़ पड़े।

पति को उसकी धमकी पर अमल करने से रोकने के बाद दोनों पुलिसकर्मियों ने उसकी समझाइश करने की कोशिश की। उन्होंने उसे अपनी पत्नी को घर ले जाने और उसके साथ सम्मान से पेश आने के लिए कहा। लेकिन हौसाबाई ने उनके साथ जाने से मना कर दिया। उसने अपने भाई से, जो वहां मौजूद था, उसे अपने साथ वापस ले जाने के लिए कहा क्योंकि वह अब और पिटाई बर्दाश्त नहीं कर सकती थी। लेकिन उन्होंने भी मना कर दिया। पुलिसकर्मी असमंजस में थे। अंत में, कुछ घंटों की काउंसलिंग के बाद, उनकी राहत के लिए, दंपति अपने गांव लौटने को तैयार हो गए।

लेकिन यह राहत अल्पकालिक थी। जब दोनों पुलिसकर्मी अपने थाने पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। सभी राइफलें और गोला-बारूद चोरी हो गए थे। उन्होंने महसूस किया कि पूरा नाटक उन्हें स्टेशन से बाहर निकालने की चाल थी ताकि आग्नेयास्त्रों को लूटा जा सके।

जब हौसाबाई ने 1943 में तूफान सेना के अपने साथियों के साथ इस अभियान में भाग लिया, तब वह सिर्फ 17 वर्ष की थीं। सेना सतारा की अनंतिम सरकार की सशस्त्र शाखा थी जिसने 1943 में ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता की घोषणा की थी। लेकिन न तो उसकी उम्र और न ही तथ्य। उसके एक छोटा बच्चा था, जिसे वह अपने परिवार के पास छोड़ गई थी, जिसने हौसाबाई को स्वतंत्रता संग्राम का सक्रिय हिस्सा बनने से रोक दिया था। देश के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और प्रेम से प्रभावित होकर, सेना के नेताओं ने उन्हें कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दीं, जिसमें खुफिया जानकारी एकत्र करना और गोवा में पंजिम सेंट्रल जेल में जेलब्रेक का हिस्सा बनना शामिल था, जहां उनके साथियों को कैद किया गया था। इस मिशन को अंजाम देने के लिए हौसाबाई को मंडोवी नदी के किनारे रात के अंधेरे में एक छोटे से डिब्बे पर तैरना पड़ा।



ये हौसाबाई और उन अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों की बहादुरी के कई कार्यों में से कुछ थे जिन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर देश को आजाद कराने का बीड़ा उठाया। अफसोस की बात है कि वह भी उन कई लोगों में से एक हैं, जो दशकों तक स्वतंत्रता सेनानी के रूप में पहचाने नहीं गए। हौसाबाई, वास्तव में, भाग्यशाली थीं कि उन्हें 1992 में 75 वर्ष की आयु में मान्यता मिली। बहुत से अन्य लोग हैं जो मर गए, सरकार द्वारा अज्ञात और अपरिचित। इन बहादुर महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की कहानियों को पत्रकार पी साईनाथ ने अपनी नई किताब में लिपिबद्ध किया है। 'आखिरी नायक-भारतीय स्वतंत्रता के पैदल सैनिक' शीर्षक वाली यह अच्छी तरह से शोधित पुस्तक आदिवासी, दलित, ओबीसी, ब्राह्मण, मुस्लिम, सिख और हिंदुओं की दिल को छू लेने वाली और दिल दहला देने वाली कहानियां बयान करती है, जो अलग-अलग बोलने के बावजूद भारत की आजादी की अपनी खोज में एकजुट थे। भाषाएं और विभिन्न जातियों और धर्मों से संबंधित थे।

पेंगुइन द्वारा प्रकाशित इस अत्यंत रोचक और ज्ञानवर्धक पुस्तक की 16 कहानियां महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, पंजाब, कर्नाटक और राजस्थान में रह रहे इन अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों के व्यापक साक्षात्कार पर आधारित हैं। ये पिछले कई वर्षों में साईनाथ द्वारा किए गए थे। बाद के कुछ को उनके वंशजों, उनके रिश्तेदारों, उनके गांवों के लोगों और उस युग के इतिहासकारों के साथ किया जाना था क्योंकि स्वतंत्रता सेनानियों का निधन हो गया था। ये उन घटनाओं के रिकॉर्ड और किताबों से भी मान्य थे जिनमें ये क्रांतिकारी शामिल थे।

विडंबना यह है कि उनमें से अधिकांश स्वतंत्रता सेनानियों के रूप में केंद्र सरकार की सूची में 23,000 नामों में शामिल नहीं हैं क्योंकि उनमें से अधिकांश के पास मान्यता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कोई आधिकारिक प्रमाण नहीं था। नतीजतन, उनमें से कुछ जो अभी भी जीवित हैं और दूसरों के आश्रित हैं, पेंशन से बाहर रहते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि 1980 की स्वतंत्रता सैनिक सम्मान योजना के तहत, केवल वे व्यक्ति जो मुख्य भूमि की जेलों में कम से कम छह महीने की कैद का पीड़ित हैं, पेंशन के लिए पात्र हैं। नतीजतन, जो लोग कारावास से बच गए या छह महीने से कम जेल में बिताए, वे अपात्र हो गए। तो देमानी देई सहर सलियन जैसे देशभक्त, 16 वर्षीय आदिवासी लड़की, जिसने 40 आदिवासी युवतियों के साथ केवल लाठियों (लाठों) के साथ एक उग्र पलटवार का नेतृत्व किया, एक ब्रिटिश पुलिस बल पर उड़ीसा में उसके गांव पर छापा मारा, और जीत गई, एक के रूप में अपरिचित बनी रही सरकार द्वारा स्वतंत्रता सेनानी क्योंकि वह जेल नहीं गई थी। अपने जीवन को जोखिम में डालकर अवज्ञा के इस कार्य को मान्यता के लिए पर्याप्त नहीं माना गया।

कई अन्य गिरफ्तारी के प्रमाण प्रस्तुत करने में असमर्थता के कारण वंचित हैं, क्योंकि उनके पास अपने गिरफ्तारी आदेश की आवश्यक प्रतियां नहीं थीं, एक घोषित अपराधी होने की घोषणा, या संपत्ति को कुर्क करने, जब्त करने, या स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भागीदारी के प्रमाण के रूप में बेचने के आदेश, आदि नहीं थे। जैसा कि भारत अपनी स्वतंत्रता के 75वें वर्ष का जश्न मना रहा है, निश्चित रूप से यह सोचने का समय है कि क्यों सभी सामान्य लोग जो साधारण विश्वास के साथ युद्ध में गए थे, और प्रशंसा के बारे में कोई विचार नहीं किया गया था, को भुला दिया गया है।

## आप की बात

### बीबीसी की साजिश

**बीबीसी** कभी भारत में लोकप्रिय था, मगर भारत में टेलीविजन क्रांति के बाद इसके श्रोताओं व दर्शकों की संख्या सिमट गई है। आज भी बीबीसी पुरानी अधिनायकवादी मानसिकता से ग्रस्त है और अपने समाचारों व डॉक्युमेंट्रीओं को चटपटा मसालेदार बनाने के लिए वह किसी भी हद तक जा सकता है। कहा जा रहा है कि विवादित डॉक्यूमेंट्री का निर्माण पाकिस्तानी कर्मचारियों द्वारा किया गया है। गुजरात के 20 साल पहले के दंगों को लेकर ऐन चुनाव के वक्त इसी डॉक्यूमेंट्री का सामने आना गहरी साजिश का हिस्सा है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्मान को ठेस पहुंचाने के लिए सोची-समझी साजिश ही है। मगर देश की 140 करोड़ जनता अब किसी अफवाह या साजिश से प्रभावित होने वाली नहीं है। सोशल मीडिया पर यह जाहिर हो चुका है जहां बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री की जमकर खिंचाई हो रही है। विडंबना यही है कि देश के भीतर अभी भी कुछ राष्ट्रद्रोही संस्थान इस पर रोक के बावजूद इसकी स्क्रीनिंग करने पर आमादा है। उनको विपक्ष का भरपूर सपोर्ट मिलने का कारण लोग अच्छी तरह समझ रहे हैं। यह सारा घटनाक्रम जनता में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की छवि धूमिल करने के बजाए उसे और चमकाने का कार्य ही करेगा।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### न्यायाधीशों की नियुक्ति

**न्यायाधीश** की नियुक्ति को किसी संस्था का आंतरिक मसला कहकर टाल देना सच्चाई से मुंह मोड़ लेने जैसा है। कॉलेजियम के माध्यम से जजों द्वारा ही जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया पर सवाल को देखते हुए संसद में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग -एनजेएसी, विधेयक पारित किया था जिसे सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक करार दे दिया। तर्क दिया जाता है की इससे न्यायिक नियुक्तियों में राजनीतिक हस्तक्षेप बढ़ेगा। हालांकि इस तर्क को स्वीकार करना थोड़ा मुश्किल है। एनजेएसी मैं जजों की नियुक्ति के लिए बनाए जाने वाले पैनल में सीजेआई, कानून मंत्री, दो जज और दो प्रबुद्धजन को शामिल करने की बात कही गई थी। दोनों प्रबुद्धजनों का चयन सीजेआईए प्रधानमत्री और नेता विपक्ष से बनी तीन सदस्य समिति द्वारा किया जाना था। न्यायपालिका के इतने महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति में सरकार एवं समाज की हिस्सेदारी को न्यायपालिका की स्वतंत्रता में दखल कैसे कहा जा सकता है। यह सवाल इसलिए भी अहम है क्योंकि कुछ पूर्व न्यायाधीश भी सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति कि कॉलेजियम की व्यवस्था पर सवाल उठा चुके हैं।

**सदन जी,** पटना


### कैंसर का इलाज

**दिल्ली** में कैंसर मरीजों के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। हाल ही में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ने बताया है कि अब कैंसर के मरीजों का इलाज घर बैठे हो सकेगा। एम्स ने एक एप तैयार किया हैं। इसकी मदद से अब कैंसर के मरीजों को पैलिएटिव केयर की सुविधा मिलेगी। ऐप के जरिए मरीज घर बैठे एम्स के डॉक्टरों से परामर्श ले सकेंगे। बहरहाल ये पहल इसलिए शुरू की गई है क्योंकि कई कैंसर के मरीजों की समस्या को डॉक्टर घर बैठे ही आसानी से समझा सकते है। अब एप के जरिए डॉक्टर मरीजों से घर बैठे ही से संपर्क में रहेंगे। अब उन्हें बिना किसी वजह के अस्पताल आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही फोन पर दवाई खाने का मैसेज भी भेज सकेंगे ताकि वह समय पर अपनी दवाइयां लें। जब डॉक्टर को लगेगा कि मरीज को अस्पताल आने की जरुरत है तो वह तभी उन्हें अस्पताल बुलाएंगे। इस पहल से मरीजों के आने-आने का समय, खर्चा और टेंशन बचेगी। इससे उनकी आधे से ज्यादा परेशानी कम हो जाएगा। इसका पूरे देश में विस्तार होना चाहिए।

**निधि जैन,** गाजियाबाद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

## फरमाया



"**कुछ** लोग जानबूझ कर चीनी मुद्दे पर गलत खबरें फैला रहे हैं।

– **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री

**मई** 2020 से सरकार चीनी घुसपैठ के बारे में इनकार, झूठ व भ्रम पैदा करने की रणनीति अपना रही है।

– **जयराम रमेश**
कांग्रेस नेता





**अस्तित्वहीन** बातों पर उत्तर कोरिया की छवि खराब करने के प्रयास गंभीर उकसावा हैं।

– **क्वोंग जोंग गुन**
उत्तर कोरिया के प्रवक्ता"

# नई आबकारी नीति से कई लक्ष्य साधेगी योगी सरकार

## कृषि उत्पादों के संरक्षण व किसानों की आय बढ़ाने में होगी मददगार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बीते दिनों संपन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में नई आबकारी नीति को मंजूरी प्रदान की गई। इस एक कदम से योगी सरकार ने कई लक्ष्यों को साधने का प्रयास किया है। इस नीति के माध्यम से जहां एक ओर मादक वस्तुओं के निर्माण, परिवहन, आयात, निर्यात, बिक्री एवं कब्जे में रखे जाने संबंधी गतिविधियों को नियंत्रित करते हुए प्रदेश के वित्तीय संसाधनों में वृद्धि करना उद्देश्य है तो वहीं उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण मदिरा उपलब्ध कराने के अतिरिक्त राज्य में निवेश को प्रोत्साहन देने, आत्मनिर्भर उत्पादक राज्य बनाने, कृषि उत्पादों को नष्ट होने से बचाते हुए किसानों की आय में वृद्धि करने व रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने का उद्देश्य भी निहित है। साथ ही कई अन्य



जरूरी लक्ष्य भी इसके माध्यम से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से पूर्ण होंगे। इसमें आबकारी विभाग की भूमिका नियामक एवं विकासकर्ता के रूप में होगी। गन्ना उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार वर्ष 2022-23 में प्रदेश में लगभग 29.30 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ने का उत्पादन किया जा रहा है। प्रदेश के गन्ना किसानों को उनके उत्पाद पर सही मूल्य मिले इसके लिए वैल्यू चेन के प्रत्येक अंश की उत्पादकता बढ़ाया जाना एवं उसके मूल्य संवर्धन हेतु प्रयास किया जाना आवश्यक है। आबकारी विभाग का प्रयास यह है कि चीनी निर्माण की प्रक्रिया में सह उत्पाद के रूप में प्राप्त शीरे का सदुपयोग हो तथा इससे उत्पादित अल्कोहल का उपयोग विभिन्न प्रकार के रसायनों, एथनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल, सैनिटाइज़र एवं मदिरा निर्माण के लिए हो सके जिससे प्रदेश में औद्योगिकीकरण को बढ़ावा मिले और इन उत्पादों की उत्पादकता में वृद्धि के साथ कृषि क्षेत्र का विकास हो तथा उससे जुड़े किसानों को समुचित मूल्य प्राप्त हो सके। वैल्यू चेन के अन्तर्गत कृषि उत्पादों की क्षति रोकने, उत्पादकों को बेहतर मूल्य प्रदान करने तथा उपभोक्ताओं को समुचित गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध कराने पर बल दिया जाता है। गन्ना वर्ष 2022-23 में गन्ना उत्पादन 29.30 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में अनुमानित है तथा खड़ी फसल के आधार पर प्रदेश में लगभग 1170.73 लाख टन गन्ने की पेराई का अनुमान है। चीनी मिलों द्वारा गन्ने से चीनी, बगास शीरा, प्रेसमड आदि उत्पादित किया जाता है। प्रदेश की चीनी मिलों में सह उत्पाद के रूप में उत्पादित शीरा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होने के कारण प्रदेश में अल्कोहल उद्योग के विकास की प्रबल संभावनाएं हैं। वर्तमान समय में एथनॉल उत्पादन एक अच्छा विकल्प है। पर्यावरणीय प्रदूषण को नियंत्रित किए जाने के उद्देश्य से भी शीरे की क्षति अथवा इसकी गुणवत्ता में नुकसान को रोकते हुये इसका जल्द उपयोग किया जाना आवश्यक है।

चीनी व अल्कोहल उद्योगों के आधुनिकीकरण व नई तकनीक की सहायता से उत्पादकता में वृद्धि करते हुए औद्योगिकीकरण को प्रोत्साहित किया जा सकता है। विभाग का यह प्रयास है कि वैल्यू चेन में औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने, विदेशी एवं देशी निवेश को आकर्षित करने, सेवाओं को सुगम बनाने, लाइसेंस के आवंटन में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता रखने, मदिरा उद्योग, व्यवसाय से हितबद्ध लाइसेंस होल्डर पर नियंत्रण रखने, उपभोक्ताओं को उनकी रुचियों के अनुसार जानकारी प्रदान करने तथा जिम्मेदार एवं सुरक्षित सीमा में मदिरा सेवन करने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाए। इससे एक और जहां प्रक्रियाओं का सरलीकरण होगा वहीं दूसरी ओर समस्त स्टेक होल्डर्स को प्रत्येक स्तर की जानकारी सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से सुलभ हो सकेगी। इससे ईज ऑफ डुइंग बिजनेस एवं गुड गवर्नेन्स को बढ़ावा मिलेगा। वर्ष 2022-23 में इसे बढ़ावा दिया गया है तथा ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम का उपयोग कर मंदिरा के ट्रांसमिशन पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। वर्ष 2023-24 में इसमें और सुधार किया जाना प्रस्तावित है तथा विभाग की संपूर्ण कार्यप्रणाली का कंप्यूटराइजेशन किया जाना है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मंगलवार को उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट करते एलजी प्रफुल्ल पटेल

### राजस्व वसूली पर एमडी मध्यांचल ने की कार्रवाई

## अधिशाषी अभियंता निलम्बित सात अभियंताओं को आरोप पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बिजली** विभाग में राजस्व वसूली की समीक्षा के बाद मध्यांचल डिस्काम के एमडी ने एक अधिशाषी अभियंता को निलम्बित करते हुए सात अभियंताओं को आरोप पत्र दिए हैं। अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड तुलसीपुर को निलम्बित किया गया है। साथ ही 4 अधिशासी अभियन्ता, 2 उपखण्ड अधिकारी एवं 3 अवर अभियन्ता को चार्जशीट दी गई है। प्रबन्ध निदेशक मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा दिसम्बर 2022 तकके लक्ष्य के सापेक्ष कम राजस्व वसूली एवं अन्य वाणिज्यिक पैरामीटर्स को पूरा करने में असफल रहने पर निगम के अधिकारियों, अवर अभियन्ताओं के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की गयी। मनोज कुमार विश्वकर्मा अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड तुलसीपुर को वाणिज्यिक पैरामीटर्स खराब होने एवं विभागीय कार्यो में लापरवाही के कारण निलम्बित कर मुख्य अभियन्ता देवीपाटन क्षेत्र गोण्डा से सम्बद्ध किया गया। प्रेमचन्द्र अधिशासी अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण खण्ड डालीगंज लखनऊ, प्रसून त्यागी अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड करनैलगंज गोण्डा एवं सुनील कुमार गुप्ता अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड कैसरगंज बहराइच को वाणिज्यिक पैरामीटर्स खराब होने के दृष्टिगत चार्जशीट आरोपपत्र निर्गत की गयी। अनूप कुमार अधिशासी अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण खण्ड गोमतीनगर लखनऊ को उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर उसका समय से निराकरण ना होने के दृष्टिगत चार्जशीट निर्गत कि गयी। इसी क्रम में अशोक कुमार मौर्या उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण खण्ड बीकेटी लखनऊ, राजेश कुमार उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड महमूदाबाद सीतापुर, कृष्णपाल अवर अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड चिनहट, विश्म्भर नाथ यादव अवर अभियन्ता बीकेटी एवं सीबी राय अवर अभियन्ता बीकेटी लखनऊ को भी वाणिज्यिक पैरामीटर्स खराब होने के लिये आरोप पत्र जारी किये गये।

### समय से पूरा करें ट्रांसमिशन लाइनों का निर्माणःएम देवराज

**लखनऊ।** उप्र पावर कारपोरेशन एवं उप्र ट्रांसमिशन कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज ने ट्रांसमिशन कारपोरेशन की समीक्षा बैठक में निर्देशित किया कि ट्रांसमिशन कारपोरेशन उपकेन्द्रो एवं लाइनों के निर्माण के अपने लक्ष्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें। एम देवराज ने कहा कि ट्रांसमिशन उपकेन्द्रों एवं लाइनों की परियोजनायें निर्धारित समय से पूरी हो इसके लिये अधिकारी लगातार कड़ी मानीटरिंग करें। आपूर्ति को और बेहतर बनाये जाने के लिये ट्रांसमिशन लाइनों एवं उपकेन्द्रों का समय से पूर्ण किया जाना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने ट्रांसमिशन लाइनों एवं उपकेन्द्रों के निर्माण के लिये जमीन की व्यवस्था में शिथिलता एवं लापरवाही पर सख्त कार्यवाई के निर्देष दिये। अध्यक्ष ने मुजफ्फरनगर, ललितपुर, फर्रूखाबाद, रायबरेली, मेरठ, मिर्जापुर, श्रावस्ती, बस्ती, गाजीपरु, गाजियाबाद एवं सहारनपुर, के जिलाधिकारियों से दूरभाश पर

### ‘गर्व से कहो हम शूद्र हैं’ सपा मुख्यालय के बाहर लगी होर्डिंग

**लखनऊ।** सपा नेता स्वामी प्रसाद के रामचरित मानस पर विवादित बयान के बाद अखिलेश यादव के शूद्र राग पर यूपी में सियासत तेज हो रही है। अखिलेश के शुद्र वाले बयान पर वार पलटवार के बीच विक्रमादित्य मार्ग पर सपा मुख्यालय के सामने एक होर्डिंग लगाई है जिस पर लिखा है कि गर्व से कहो हम शूद्र हैं। होडिंग पर लिखा है गर्व से कहो हम शूद्र हैं, डॉ. शूद्र उत्तम प्रकाश सिंह पटेल राष्ट्रीय महासचि कुर्मी क्षत्रीय महासभा मुम्बई महाराष्ट्र, होर्डिंग पर शूद्र समाज की महत्ता दर्शाते हुए इसे छह हजार सात सौ तैंतालिस जातियों वाला समाज दर्शाया गया है।

## धमकियों के बावजूद भी मैं अपने बयान पर डटा रहूंगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**रामचरित** मानस पर विवादित बयान को लेकर हिंदूवादी संगठनों और संतों, धर्माचार्यों के निशाने पर आए समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि गाली कभी धर्म नहीं हो सकती। धमकियों के बावजूद भी मैं अपने बयान पर डटा रहूंगा। मंगलवार को पत्रकार वार्ता के दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि मैं सभी धर्मो का सम्मान करता हूं। लेकिन गाली देना धर्म नहीं हो सकता। किसी को अपमानित करना धर्म नहीं है।

धर्म मानव कल्याण और मानव सशक्तिकरण के लिए होता है। यदि धर्म के नाम पर किसी जाति विशेष, धर्म विशेष या वर्ण विशेष का अपमान होता है तो वो धर्म का हिस्सा नहीं हो सकता है। महंत राजू दास द्वारा सिर पर 21 लाख का इनाम रखे जाने पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि इस बयान तो महंत का असली चेहरा सामने आ गया है। साधू-संत धर्माचार्य को तो कभी गुस्सा आता नहीं है और यदि कभी गुस्सा आ भी गया तो बैठे.बैठे भस्म कर देते हैं। यदि वो सच्चे साधू हैं तो मुझे बैठे.बैठे भस्म कर सकते थे। इससे 21 लाख रुपए भी बच जाते। इसके पहले स्वामी प्रसाद मौर्य ने ट्वीट के जरिए भी खुद पर हमला कर रहे लोगों पर पलटवार किया। उन्होंने लिखा कि देश की महिलाओं, आदिवासियों, दलितों व पिछड़ो के सम्मान की बात करने से तथाकथित धर्म के ठेकेदारों को मिर्ची क्यों लग रही है। आखिर ये भी तो हिन्दू ही हैं।

## वनावरण 15 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य

### यूपी में अगले पांच वर्षों में 175 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्यः मनोज सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**संयुक्त** राज्य अमेरिका एवं भारत सरकार के संयुक्त साझेदारी में प्रारम्भ किये जा रहे ट्रीज आउटसाईड फारेस्ट इन इंडिया (टीओएफआई) कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को गोमतीनगर स्थित होटल में वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना तथा राज्यमंत्री केपी मलिक ने किया। इस मौके पर मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि प्रदेश में अभिलिखित वनों में जैविक दबाव के दृष्टिगत पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदेशवासियों की वनाधारित उत्पादों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु वन क्षेत्र के बाहर अधिकाधिक वृक्षारोपण किया जाने की आवश्यकता है। इस दिशा में कृषि वानिकी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अन्तर विभागीय समन्वय एवं व्यापक जनसहभागिता से



वृक्षारोपण जन अभियान द्वारा आगामी पांच वर्षों में प्रदेश का वनावरण एवं वृक्षावरण विस्तार कर 9.23 प्रतिशत से बढ़ा कर अगले पांच वर्षों में 15 प्रतिशत तक बढ़ाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है।

मंत्री डॉ. सक्सेना ने कहा कि योजना वृक्षाधारित उद्योगों एवं कृषकों सहित समस्त स्टेक होल्डर को शामिल करते हुए किसानों की आयए आजीविका सुरक्षा, उपयुक्त वृक्ष प्रजातियों का चयन एवं पर्यावरणीय सेवाओं की निरंतरता बनाये रखने में सहायक सिद्ध होगी। अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मनोज सिंह ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश कृषि वानिकी पद्धतियों को लागू करने में अग्रणी रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा अगले पांच वर्षों में 175 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया है और कृषि वानिकी नीतियों को विकसित करने की दिशा में भी काम कर रहा है। राज्य सरकार ट्रांजिट नियमों में ढील और सरलीकरण पर भी काम कर रही है। प्रत्येक मण्डल में एक हाई टेक नर्सरी और प्रत्येक न्याय पंचायत में ग्राम स्तरीय नर्सरी स्थापित करने के लिए आगे की पहल की जाएगी।

### 152 औद्योगिक भूखंडों की नीलामी करेगा यूपीसीडा

पायनियर समाचार सेवा। कानपुर

**योगी** सरकार निवेशकों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित ही नहीं कर रही बल्कि उनकी सुविधा और जरूरतों के लिए साधन भी उपलब्ध करा रही है। इसी क्रम में फरवरी में लखनऊ में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के मद्देनजर निवेशकों को भूखंड उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण यूपीसीडा प्रबंधन औद्योगिक भूखंडों की नीलामी करने जा रहा है। प्राधिकरण की ओर से भूखंडों की नीलामी निकाली गई है। झांसी, हरदोई, मथुरा, अमेठी, मऊ, गाजियाबाद, कानपुर देहात, झांसी, जालौन और हमीरपुर जिलों के औद्योगिक क्षेत्रों में 152 औद्योगिक भूखंड नीलामी योग्य हैं। भूखंडों को चिह्नित करने के बाद आवेदन मांगे गए हैं।यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी के मुताबिक 31 जनवरी से सुबह 10 बजे से ई ऑक्सन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इच्छुक लोग प्रपत्र डाउनलोड कर भर कर जमा कर सकते हैं। प्रपत्र डाउनलोड करने, कैटलॉग फीस, प्रोसेसिंग फीस व ईएमडी भुगतान करने की अंतिम तिथ नौ फरवरी शाम छह बजे तक रखी गई है। 13 फरवरी को आवेदन शाम छह बजे तक जमा किया जा सकता है। 21 फरवरी को सुबह 10 बजे से औद्योगिक भूखंडों की ऑनलाइन ई नीलामी की प्रक्रिया शुरू होगी।

## भाजपा का उद्देश्य प्रदेश में अराजकता फैलाकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष एवं नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में अराजकता फैलाकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ना है। भाजपा सरकार किसान की आय दुगनी नहीं कर सकतीए नौजवानों को रोजगार नहीं दे सकती लेकिन भाजपा के मंत्री और उनके नेता किसानों को बीच सड़क रौंद सकते हैं। भाजपा नेता सत्ता के अहंकार में बेलगाम होते जा रहे हैं। अखिलेश ने कहा कि लखीमपुर की घटना सबको याद है। अब मेरठ में भाजपा नेता द्वारा थार गाड़ी से युवक की कुचल कर हत्या कर दी गई। इसी तरह मेरठ के परीक्षितगढ़ में स्कूटी सवार दो दोस्तों को भाजपा नेता ने कुचल दिया। उन्होंने कहा कि सत्ता संरक्षित दबंगों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। कन्नौज में सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त कराने के लिए गई राजस्व टीम पर पथराव किया गया। इसमें कई राजस्व कर्मी घायल हो गए हैं। इससे पहले कन्नौज में प्रशासन और भाजपा नेताओं के कारण शाक्य समाज के एक व्यक्ति की हत्या हो गई। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार प्रशासन खुद साजिश करके हत्याएं और हमले करवाता है। भाजपा नेताओं के गुंडे गुंडागर्दी करते हैं और उस गुंडागर्दी को प्रशासन अपनी मूक सहमति देता है। अभी पिछले दिनों ही जब एक यज्ञ में भाग लेने पर ऐसे ही अभद्र आचरण का प्रदर्शन भाजपाइयों ने किया था। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है। पुलिस तंत्र को सक्रिय करने के लिए समाजवादी सरकार में जो कदम उठाए गए उन्हें भाजपा सरकार में बर्बाद कर दिया गया। समाजवादी पार्टी के जौनपुर से विधायक श्री लकी यादव के करीबी को गोली मारी गई। झांसी में 30 वर्षीय व्यापारी की सिर कूच कर हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि हालत यह है कि पुलिस को चोर भी खुली चुनौती देने लगे है। गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन में एक व्यापारी की दुकान में 9वीं बार चोरी हुई। अभी 26 जनवरी को चोरों ने लाखों का माल पार कर दिया। दिबियापुर थाना क्षेत्र में एक रात में पांच घरों में चोरी हो गई। ये घटनाएं बताती है कि प्रदेश में भाजपा राज में किसी का जीवन सुरक्षित नहीं रह गया है।

## रोडवेज बस का किराया बढ़ाना सरकार का जनविरोधी निर्णयः कांग्रेस

पायनियर समाचाार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** पार्टी ने महंगाई के मुद्दे पर प्रदेश की योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। पार्टी की ओर से कहा गया कि चौतरफा महंगाई की मार झेल रही जनता के आवागमन पर योगी सरकार 24 प्रतिशत बोझ बढ़ाने जा रही है। सरकारी बसों के किराए में प्रति किलोमीटर प्रति व्यक्ति 25 पैसे की वृद्धि आम जनता के लिए बहुत ज्यादा है। मौजूदा 1.05 रुपए प्रति किलोमीटर प्रति व्यक्ति से बढ़ाकर 1.30 रुपए प्रति किलोमीटर प्रति व्यक्ति करने का निर्णय दुर्भाग्यपूर्ण है।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पांडेय ने सरकार के इस निर्णय की निंदा करते हुए कहा है कि 200 किमी की दूरी पर 50 रुपए की वृद्धि आम और गरीब जनता की कमर तोड़ने जैसा निर्णय है। सरकारी बसों का किराया बढ़ते ही निजी बस एवं अन्य संसाधनों का किराया भी बेतहाशा बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा की महंगाई और बेरोजगारी के इस दौर में योगी सरकार का यह निर्णय जनविरोधी है। अच्छे दिनों का वादा करके सत्ता में आई भाजपा सरकार द्वारा जनता पर लगातार अन्याय जारी है। यह सरकार संवेदनहीन हो गई है जिसे गरीबों की जरा भी चिंता नहीं है।

डॉ. पांडेय ने कहा की सरकारी बसों के किराए में एकतरफा 24 प्रतिशत वृद्धि बहुत ज्यादा है। पहले ही आटा, चावल, दाल, सब्जी, तेल, दवाइयां, बच्चों की फीस, बिजली आदि सभी दैनिक उपभोग की वस्तुएं बेतहाशा महंगाई के चरमोत्कर्ष पर हैं। लोग बेरोजगार हैं, नौकरियां मिल नहीं रही है और जो नौकरी कर रहे हैं वह अपने संस्थानों द्वारा श्रम कानूनों के घनघोर उल्लंघन के शिकार हैं। वेतन श्रम कानूनों के प्रतिकूल हैं।

## राष्ट्रपति का अभिभाषण जनता को सांत्वना देने के लिहाज से कमतर



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को संसद के बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दिए गए अभिभाषण को महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त जनता को सांत्वना देने के लिहाज से कमतर करार दिया है। मंगलवार को मायावती ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा संसद के बजट सत्र के पहले दिन अभिभाषण में केन्द्र की ओर से कही गई बातें तथा किए गए दावे महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी आदि से त्रस्त देश की 100 करोड़ से अधिक जनता को सांत्वना और शान्ति के लिए बहुत कम है। लोग सुखी होंगे तभी देश बढ़ेगा। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा कि सरकार की आन्तरिक एवं आर्थिक नीति ऐसी होनी चाहिए जिससे कि गरीबी एवं बेरोजगारी दूर हो, ताकि लोगों का जीवन थोड़ा बेहतर हो, लेकिन सरकार की नीति के कारण देश में अमन-चैन, सुख-समृद्धि, विकास व खुशहाली का माहौल बिगड़ा है। उन्होंने कहा कि जनता की जेब का खाली होना और कुछ लोगों के हाथों में देश की पूंजी का सिमटना देश की प्रगति के लिए घातक है।

### हिंडन नदी का पानी प्रदूषित करने वाली शराब कम्पनी मोहन मीकिन्स पर चार लाख का जुर्माना

**लखनऊ (विसं)।** सीबीआई, प्रदूषण की विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट यशा शर्मा ने शराब फैक्ट्री का प्रदूषित पानी हिंडन नदी में प्रवाहित करने के मामले में मेसर्स मोहन मीकिन्स लिमिटेडए गाजियाबाद को दोषी करार दिया है। उन्होंने जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम की धारा 44 के तहत इस कम्पनी को चार लाख रुपए के जुर्माने से दंडित किया है। 14 व 15 मई 1985 को उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने जांच में पाया कि यह फैक्ट्री बिना बोर्ड की अनुमति के संचालित किया जा रहा था। इसमें अल्कोहल का उत्पादन किया जा रहा थाए जो अतिप्रदूषणकारी प्रकृति का उद्योग है। उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के विधि अधिकारी एके चौबे के मुताबिक बावजूद इसके इसका प्रदूषित उत्प्रवाह बिना शुद्धीकरण किए हिंडन नदी में प्रवाहित किया जा रहा था। जबकि बोर्ड द्वारा नियमानुसार इस संदर्भ में नोटिस जारी किया गया था। फ्रि भी कोई सुधार नहीं किया गया। तब उप्र जल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इस मामले में कम्पनी व इसके उत्तरदायी लोगों के खिलाफ अदालत में परिवाद दर्ज कराया था।

## यूरेनियम उपलब्ध कराने का झांसा देकर करते थे ठगी, तीन गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**एसटीएफ** ने अज्ञात पदार्थ को यूरेनियम बताकर उसे अधिक कीमत पर बेचकर लोगों को ठगने वाले तीन जालसाजों को कुशीनगर से गिरफ्तार किया।

एसटीएफ को सूचना मिली कि जनपद कुशीनगर के तरया सुजान थानाक्षेत्र अन्तर्गत तरया मोड़ कस्बा तमकुहीराज में यूरेनियम के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के सदस्य मौजूद हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने तीन अभियुक्तों गोपाल शर्मा, मुकेश कुमार और सोनू कुमार तिवारी को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से दो लेदर पैकेट तथाकथित यूरेनियम, फर्जी आधार कार्ड, तीन मोबाइल फोन, दो एटीएम कार्ड बरामद हुआ। पूछताछ में तीनों अभियुक्तों ने तथाकथित यूरेनियम के पैकेट के सम्बन्ध में बताया कि यह दोनों पैकेट गुड्डू निवासी जमुई, बिहार ने दो लाख रुपए में दिया है। जिसमें से एक लाख रुपए गुड्डू को दिया जा चुका है, बाकी का एक लाख ये दोनों पैकेट बेचकर देना था। दोनों पैकेट चन्दन निवासी गाजीपुर के माध्यम से प्रति पैकेट 5 लाख रुपए में बेचना था। गुड्डू ने बरौनी में लाकर दोनों लेदर पैकेट दिया था, जिसे लेकर तमकुहीराज आए थे। कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि हम लोग आपस में षड़यंत्र कर यूरेनियम जैसे पदार्थ को एक लेदर बैग में भरकर उसे पैक कर उसके ऊपर यूरेनियम वगैरह लिख देते हैं, जिससे किसी भी देखने वाले व्यक्ति को यह विश्वास हो कि इस पैकेट में वास्तविक यूरेनियम है तथा रेडिएशन का चिन्ह भी बनाते हैं

जिससे पैकेट में यूरेनियम वास्तविक लगे। इस प्रकार ये लोग यूरेनियम बताकर अज्ञात पदार्थ को अधिक कीमत पर बेचकर लोगों को ठगने का काम करते हैं।

## मोटे अनाजों को खरीदने के लिए विश्व बाजार तैयार:केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मोटे** अनाजों पर आधारित एक संगोष्ठी का आयोजन बीजेपी किसान मोर्चा और लोकभारती ने गऊघाट पर किया। इस मौके पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारत की प्राचीन कृषि अति उन्नत थी। आज हम पुन: मोटे अनाजों की तरफ गतिमान है, कारण है कि मोटे अनाजों को खाने से डाक्टर के पास दवा के लिए नहीं जाना पड़ेगा। शुगर से मुक्ति मिलेगी, हदय रोगों से सुरक्षा होगी, बीपी सामान्य रहेगा और सबसे सुन्दर बाल जल संचयन होगा। क्योंकि मोटे अनाजों के उत्पादन में जल कम लगता है। आने वाले समय अपने गुणों और उपयोगिता से मोटे अनाजों की मांग बढ़ेगीए जिससे उत्पादन बढ़ेगा। आने वाले समय में मोटे अनाजों को खरीदने के लिए विश्व बाजार तैयार है। मोटे अनाजों पर आधारित गोष्ठी को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने मोटे अनाजों के बहुआयामी उपयोग पर प्रकाश डाला। खन्ना जी ने कहा कि




मोटे अनाजों में समस्त प्रकार के पोषक तत्व पाये जाते है। अत: उनका उपयोग हम सब के जीवन के लिए अति उपयोगी है।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मोटे अनाजों का उत्पादन कैसे बढ़े इस विषय पर प्रकाश डालते हुए किसानों का आवाहन किया कि अधिक से अधिक मोटे अनाजों का उत्पादन प्रारम्भ करें। संगोष्ठी में स्वागत भाषण एवं विषय पर प्रस्तुतीकरण करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्व०र सिंह ने कहा कि प्राचीन भारतीय चिन्तन, परम्परा एवं व्यवस्था से ही सम्पूर्ण मानवता का कल्याण हो सकता है। मोटे अनाज के कारण किसान कम लागत पर अधिक लाभ कमाएंगे। विपरित परिस्थितियों में भी उपज में कोई अंतर नहीं पड़ेगा तथा इसका सेवन करने से मनुष्य निरोग रहेगा। उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि मोटे अनाजों का व्यापक प्रसार होना चाहिए। मोटे अनाजों से उत्पाद तैयार हो और उनको बाजार उपलब्ध हो। मोटे अनाजों का व्यापक प्रयोग भारत को पुन: विश्वगुरू के शिखर तक ले जाएगा। खाद एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि भारत अनाजों के मामले में आत्मनिर्भर है। तभी हमने कोरोना के संक्रमण काल में पीएम मोदी के नेतृत्व ने सभी को नि:शुल्क राशन उपलब्ध कराया था। हरिद्वार से पधारे प्रेम सेवा मिशन के संस्थापक आशीष भैया ने जन समुदाय को ओम को उच्चारण कराकर योग एवं स्वास्थ्य की जानकारी उपलब्ध कराई। आशीष जी ने कहा कि हमें अपनी यात्रा में मोटे अनाज के उत्पाद जैसे.सतुआ आदि रखना चाहिए। जिससे हमें बाहर भी स्वास्थ्यवर्धक भोजन मिल सकें। गोष्ठी को पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि मोटे अनाजों को हमें अपने दैनिक जीवन का अंग बनाना होगा। तभी हम स्वस्थ रह सकते हैं। भाजपा किसान मोर्चा के मीडिया प्रभारी अतुल सिंह ने बताया कि गोष्ठी प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा बृजबहादुर, प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत, लोक भारती के संगठन मंत्री बृजेन्द्र पॉल, सहसंयोजक रामानंद कटियार ने संयुक्त रूप से मां गोमती का पूजन किया।

# चालान, जुर्माना व गांधीगिरी से किया यातायात नियमों का पालन

संवाददाता। सीतापुर

- छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने की गांधीगिरी
- एसपी घुले सुशील चंद्रभान ने ट्रेफिक नियमों का पालन कराने का लिया है संकल्प
- हर साल यातायात माह और सड़क सुरक्षा सप्ताह जाता है मनाया
- हजारों वाहनों का होता है चालान, वसूला जाता है करोड़ों का जुर्माना
- न जाम के झाम से मिल रही निजात, न हादसों में मौतों पर लग रहा अंकुश
- यातायात पुलिस, परिवहन विभाग और पुलिस को करनी होगी ठोस कार्रवाई

**सीतापुर** में अब यातायात नियमों का पालन कराने के लिए स्कूलों के छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं के जरिए पुलिस गांधीगिरी करा रही है। दोपहिया वाहनों को बिना हेलमेट चलाने वालों को गुलाब का फूल देकर हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित कर रही है। मंगलवार को सीतापुर शहर के मुख्य चौराहा लालबाग पर गांधीगिरी का यह नजारा देखने को मिला, लेकिन सवाल इस बात का है कि हर साल यातायात माह और सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाए जाने के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ भी पढ़ाया जाता है और उल्लंघन करने वालों का चालान कर भारी भरकम जुर्माना भी वसूल किया जाता है। लेकिन सुधार की गुंजाइश न के बराबर होती है, जिसका खामियाजा हादसों में जान गवांकर लोगों को चुकानी पड़ती है। इस बार 26 जनवरी को पुलिस परेड में सीतापुर के पुलिस कप्तान घुले सुशील चंद्रभान ने ट्रैफिक नियमों का पालने कराने का संकल्प भी लिया है। लालबाग चौराहे पर सेक्रेड हार्ट डिग्री कालेज, आरएमपी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा बिना हेलमेट पहनकर दोपहिया वाहन चलाने वालों को गुलाब और गेंदा का फूल देकर हेलमेट लगाने के लिए गांधीगिरी की गई। 31 जनवरी से शुरू हुई यह गांधीगिरी 4 फरवरी तक चलेगी। इसमें परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और वह सिविल पुलिस भी शामिल रहेगी, जिसने यातायात माह और सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान यातायात का पालन न करने वालों का चालान करने के साथ ही करोड़ों का जुर्माना भी वसूला है। अब आइये आपको बताते है कि पिछले 25 दिनों में ही 5 हजार 169 वाहनों का चालान यातायात उल्लंघन में किया गया।

गौर करने की बात यह है कि सबसे ज्यादा 2 हजार 770 दो पहिया वाहनों का चालान बगैर हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वालों का किया गया। दूसरे नंबर पर नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने वाले 754 वाहन शामिल रहे। अब सवाल यह उठता है कि सीतापुर में जब पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था नहीं है, तो फिर वाहन चालक अपनी गाड़ियों को कहां ले जाएं। इसके बाद 608 ऐसे वाहन चालकों का चालान किया गया, जो बिना लाइसेंस के ही वाहन चलाते मिले। पुलिस ने चालान की कार्रवाई यही तक नहीं की, 214 चालान सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले चार पहिया चलाने वालों का किया। 60 चालान वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने वालों का किया और 19 चालक तो ऐसे मिले जो ओवर स्पीड में गाड़ी दौड़ा रहे थे, उनका चालान हुआ।

376 चालान दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाने वालों का और 28 चालान बगैर बीमा के गाड़ी चलती पाए जाने पर, 232 चालान गलत दिशा में वाहन चलाने वालों के किए गए। 20 वाहन पर तो रिफ्लेक्टर ही नहीं मिला और 24 वाहन बगैर प्रदूषण प्रमाण पत्र के चलते मिले। इन सबके बीच 16 चालान उन वाहन चालकों के किए गए जो बाइक पर स्टंड करते पाए गए।

# डीएम-एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**मंगलवार** को सुबह 11 बजे डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए एसपी गणेश कुमार साहा ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की।



डीएम.एसपी ने सभी बैरकों में प्रवेश करके गहनता के साथ जांच.पड़ताल किया। निरीक्षण के दौरान कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिला। डीएम ने मुकम्मल साफसफाई के साथ ही सभी बैरकों में सतत निगरानी का भी निर्देश दिया। डीएम.एसपी ने बंदियों का हालचाल जानाए खाने.पीने के बारे में जानकारी प्राप्त कीए जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने स्वयं भोजन की गुणवत्ता देखी। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफसफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफसफाई बनाए रखी जाए।

डीएम एसपी ने जेल के बैरकए पाकशालाए अस्पतालए आदि का निरीक्षण किया। बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जेलर पंकज सिंहए डिप्टी जेलर सुनील कुमारए अजय कुमार सिंहए राजेंद्र कुमारीए डॉण् दीपांकर रावत व चिकित्सक डॉण् सुनील मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### कानपुर देहात महोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**कानपुर देहात।** कानपुर देहात महोत्सव कार्यक्रम ;6 फरवरी से 12 फरवरी तकद्ध की तैयारियों का जिलाधिकारी नेहा जैन व मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने ईको पार्क माती कार्यक्रम स्थल में पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल पर वेरी कैटिंगए मंचए दुकानों हेतु स्टालए खानपान व्यवस्थाए वाहनों की पार्किंग आदि का जायजा लिया एवं उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारियों को समय से पूर्ण किया जाए तथा किसी प्रकार की लापरवाही ना होने पाएए जिन अधिकारियों को जो दायित्व दिए गए हैए उन्हें ठीक प्रकार से पालन करेंए वाहनों की पार्किंग के लिए अलग से साइनेस आदि की व्यवस्था करेंए जिससे की किसी को कोई दिक्कत का सामना ना करना पड़ेए कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोग प्रतिभाग करें इसके लिए होर्डिंगसए बैनरए पम्पलेट आदि के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाये जिससे कि कार्यक्रम को सकुशल संपन्न किया जा सके। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ताए अपर जिलाधिकारी प्रशासन केशव नाथ गुप्ताए उप जिलाधिकारी अकबरपुर भूमिका यादवए मुख्य कोषाधिकारी के0के0 पांडेयए जिला सूचना अधिकारी नरेंद्र मोहनए क्षेत्राधिकारी अकबरपुर प्रभात कुमारए उपायुक्त उद्योग चंद्रभान सिंहए जिला पूर्ति अधिकारी सुनील कुमारए जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादवए जिला खाद्य विपणन अधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह आदि अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### दो उपनिरीक्षकों समेत पांच पुलिस कर्मी सेवानिवृत्त

**फतेहपुर।** अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण करके सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों का विदाई समारोह पुलिस लाइन सभागार में आयोजित किया गया। एसपी समेत अधीनस्थों ने सेवानिवृत्त साथियों को फूल-माला पहनाकर एवं उपहार भेंटकर विदाई दी। विदाई समारोह के दौरान साथियों की आंखे नम हो गई। सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों में उपनिरीक्षक मन्नू यादव, उपनिरीक्षक रामलाल के अलावा रामसंभार, चंद्रिका सिंह, रामानंद पटेल व उर्दू अनुवादक अबरार अली शामिल रहे। सभी को एसपी ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। एसपी ने कहा कि सरकारी नौकरी में सेवानिवृत्त होना एक सतत प्रक्रिया है। जिससे सभी को गुजरना है।एसपी ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मी अपने आपको विभाग से अलग न समझें। विभाग के लोग हमेशा उनकी सहायता के लिए खड़े हैं। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी थरियांव व अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### रालोद नेताओं ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर ।** किसान सन्देश अभियान के तहत रालोद नेताओं ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से आवारा पशुओं से किसानों की फसल बचाने, गन्ना किसानों को लाभकारी मूल्य दिए जाने व गन्ने का बकाया भुगतान ब्याज सहित दिए जाने की मांग की गई। बता दें कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों की समस्याओं को लेकर पिछले कई दिनों से प्रदेशभर में किसान संदेश अभियान चला रहा है। इसके तहत अब तक लाखों किसान मुख्यमंत्री को पत्र भेज चुके हैं। राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता आरपी सिंह चौहान ने कहा कि चीनी मिलों को चलते हुए 3 महीने से ज्यादा का समय हो गया है लेकिन अब तक सरकार गन्ने का लाभकारी मूल्य घोषित नहीं कर पाई है। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष भोला नाथ वर्मा, प्रशान त्रिपाठी, शिवम विश्वकर्मा, सुभांशु निगम, अमर बहादुर सिंह, मो तालिब, अमित शर्मा, पार्वती भार्गव, शांती विश्वकर्मा, कौशलेंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे।

### इलेक्ट्रिकल एंड मैकेनिकल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ का चुनाव सम्पन्न

**फतेहपुर।** इलेक्ट्रिकल एंड मैकेनिकल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ का गठन नलकूप खंड के प्रांगण में सहायक अभियंता इं. अशोक कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में किया गया?। जिसमें पुरानी कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने एवं वर्तमान जनपद अध्यक्ष अरूणेन्द्र कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने के कारण नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान सहायक अभियंता अशोक कुमार जयसवाल ने बतौर चुनाव अधिकारी चुनाव संपन्न कराया। जिसमें सर्व समाज से जनपद अध्यक्ष पद पर दिनेश सिंह को चुना गया। वही सचिव पद पर अभिषेक कुमार यादव, वित्त सचिव पद पर अजय कुमार सिंह यादव, संगठन सचिव पद पर संजय कुमार गुप्ता, सम्प्रेक्षक पद पर आशीष सिंह को चुना गया। इस अवसर पर सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। वही अध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि सभी पदाधिकारियों को साथ लेकर संगठन हित में कार्य करेंगे। इस अवसर पर इंजीनियर राजेश कुमार सरोज, बबलू भारती, सुरेश कुमार, अभिषेक कुमार यादव, अजय सिंह यादव, विजय राज विश्वकर्मा, राधेश्याम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### सड़क जागरूकता माह : जीवन अमूल्य है, सीट बेल्ट व हेलमेट का करें इस्तेमाल : एआरटीओ

**लखीमपुर खीरी।** मुख्य सचिवए उप्र शासन से प्राप्त निर्देशोंए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा के मार्गदर्शनए निर्देशन में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करनेए सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्दे?य से खीरी मे ष्सड़क सुरक्षा माहष् मनाया जा रहा। एआरटीओ प्रवर्तन रमेश कुमार चौबे ने टीएसआई जेपी यादव के साथ संयुक्त टीम ने शहर लखीमपुर के विभिन्न मार्गो पर संचालित वाहन ;दो पहिया एवं चार पहियाद्ध चालकों द्वारा नियमानुसार हेलमेटए सीट बेल्ट न लगाने के विरूद्ध सद्भावना पूर्ण चेकिंग की। उल्लंघनकर्ताओं के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए वाहन संचालन के दौरान बिना हेलमेटए सीट बेल्टए प्रेशर हार्न के अभियोग में कुल 20 चालान किए। एआरटीओ ;प्रवर्तनद्ध रमेश कुमार चौबे ने लखीमपुर.बहराइच मार्ग पर प्रवर्तन अभियान चलायाए जिसमें परमिट शर्तो के उल्लंघन करने पर एक बसए बिना फिटनेस के दो वाहनों को भी सीज किया। मार्ग पर चेकिंग के दौरान उक्त कार्यवाही के अलावा वाहन चालको से यह अपेक्षा की कि भविष्य में दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं व पीछे बैठे व्यक्ति को मानक वाले हेलमेट अवश्य पहनेंगे व पहनायेंगे तथा चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगायेगेंए जिससे बहुमूल्य जीवन को सुरक्षित किया जा सके। ट्रैफिक नियम लगाम नहीं है बल्कि सुरक्षित जीवन का पैगाम है।

### अवैध खनन और ओवरलोडिंग नहीं होगी बर्दाश्त- प्रमोद झां

**राजापुर(चित्रकूट)।** जहाँ एक ओर उत्तर प्रदेश सरकार अवैध बालू खनन, ओवरलोडिंग परिवहन न करने के कड़े निर्देश जारी किए हैं वहीं राजापुर तहसील के उपजिलाधिकारी के निर्देशन में तहसीलदार नायब तहसीलदार व खनिज अधिकारी द्वारा तीन ओवरलोड ट्रकों का ई-चालान व चार ट्रक का जब्ती चालान किया गया है तथा ट्रक चालकों में हड़कम्प मच गया और ओवरलोडिंग परिवहन करने वाले ट्रक मालिकों, ड्राइवरों में खलबली मच गई और मौके से फरार हो गए। राजापुर तहसील के उपजिलाधिकारी प्रमोद झाँ के निर्देशन में जिले की एक संयुक्त टीम जिसमें खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, तहसीलदार संजय अग्रहरी नायब तहसीलदार पुष्पेन्द्र सिंह गौतम व प्रभारी निरीक्षक सरधुवा प्रवीण सिंह ने सोमवार को तीर धुमाई गंगू बालू घाट में छापामारी करते हुए बालू से लदे 3 ओवरलोड ट्रकों का ई-चालान व चार ट्रक का जब्ती चालान करते हुए थाना सरधुवा के सुपुर्द किया गया है। औचक छापेमारी से ओवरलोड ट्रक संचालकों में खलबली मच गई और लोकेशन गैंग के द्वारा ट्रकों, ट्रैक्टरों के छिपने छिपाने का कार्य काफी देर तक चलता रहा। उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के रवन्ना के आधार पर ही बालू, गिट्टी, मोरम का परिवहन किया जाए। और यदि ओवरलोड परिवहन करते हुए ट्रक ट्रैक्टर पकड़े जाते हैं तो उन्हें किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा और बालू घाट संचालकों को निर्देशित किया गया है।

# शातिर कैदियों की जेल में हो सीसीटीवी से कड़ी निगरानी : अभिषेक आनंद



संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने हाई सिक्योरिटी जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर जेल में बन्द कैदियों की जामा तलाशी करवाकर उनसे खानपान की जानकारी ली।

मंगलवार को डीएम-एसपी ने जिला कारागार के हाई सिक्योरिटी बन्दीगृह, महिला बन्दीगृह, अस्पताल, पाकशाला, पृथक बैरक का निरीक्षण कर जेल में बन्द कैदियों की जामा तलाशी कराई। उन्होंने कैदियों से खानपान के बारे में जानकारी लेकर जिला कारागार अधीक्षक को निर्देश दिये कि हाई सिक्योरिटी की सुरक्षा में कोई चूक नहीं होनी चाहिए। लगातार सीसीटीवी कैमरे से निगरानी होती रहे। जेल अधीक्षक से कहा कि ठंड के मौसम में गर्म कपडों की व्यवस्था करायें। खेल कार्यक्रमों का आयोजन भी कराते रहें। महिला कैदियों व पुरुष कैदियों के खानपान व स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने कारागार में बन्द कैदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के निर्देश प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिये। चेताया कि किसी भी कैदी को एक्सपायरी दवायें न दी जायें। कोई कैदी बीमार नहीं होना चाहिए। निरीक्षण में उनके साथ जिला कारागार अधीक्षक अशोक कुमार सागर, जेलर संतोष कुमार, डिप्टी जेलर पीयूष पाण्डेय, प्रभारी चिकित्साधिकारी आशीष कंकोरिया मौजूद रहे।

# बुंदेलखण्ड के हर जनपद में विकसित होंगे रोजगार के अवसर

संवाददाता। उरई (जालौन)



- राजा बुंदेला ने मुख्यमंत्री से मिलकर बताया बुंदेलखंड का हाल
- ओरछा में होने वाले राम महोत्सव के लिए किया आमंत्रित

**बुंदेलखंड** विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष राजा बुंदेला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करके बुंदेलखंड की ताजा स्थिति से अवगत करवाया। इसके साथ ही राजा बुंदेला ने ओरछा में होने वाले श्री राम महोत्सव के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आमंत्रित किया। इस दौरान बुंदेलखंड के विकास पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुंदेलखंड के विकास के प्रति प्रतिबद्धता का आश्वासन भी दिया। गौरतलब हो कि बुंदेलखंड क्षेत्र को विकास के रास्ते पर ले जाने के लिये राजा बुंदेला निरंतर प्रयास करते रहते हैं।

चाहे देश की राजधानी में केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर बुंदेलखंड की समस्याओं के बारे में चर्चा हो या फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने बुंदेलखंड की समस्याओं को बेबांक तरीके से रखना हो। इसके पीछे राजा बुंदेला की एक ही सोच रहती है कि किसी भी तरह से विकास से पिछड़े बुंदेलखंड को विकास कार्यों से संतृप्त कराना ही रहता है। फिर चाहे क्षेत्रीय विकास का मुद्दा हो या फिर युवाओं के सामने रोजगार का मुद्दा हो वह हमेशा से सक्रियता से पहल करने का अवसर नहीं चूकते हैं।

**मेडिकल कॉलेज उरई में ट्रॉमा सेंटर, कार्डियोलॉजी सेंटर की स्थापना जल्द**-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल्द ही राजकीय मेडिकल कालेज जालौन में ट्रॉमा सेंटर व कार्डिलोजी सेंटर शुरू करने के प्रस्ताव मंजूरी देना का आश्वास दिया। इस संबंध जिला प्रशासन द्वार जमीन चिन्हित कर ली गई जल्द उसका जमीन आवंटन संबंधी अनुमोदन कर दिया जायेगा।

**राजकीय मेडिकल कालेज झांसी में शुरू होगा कैंसर सेंटर**-राजकीय मेडिकल कालेज झांसी में कैंसर के मरीजों के उपचार के लिए कैंसर सेंटर शुरू किया जायेगा ताकि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले बुन्देलखण्ड के मरीजों का उपचार किया जा सके और उन्हें दिल्ली, मुंबई जैसे बड़े शहरों के चक्कर न लगाने पड़े।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुंदेलखण्ड में डेयरी उत्पादन की दिशा में नये कदम उठाने की बात कही। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत ब्लाक स्तर पर चिल्लर प्लांट स्थापित किए जायेंगे ताकि किसानों को मुख्यालय न आना पड़े और दूध को वहीं पर दिया जा सके। उसके बाद विभाग दूध को टैंकर के मध्यम से मुख्यालय लायेगा फिर पैकिंग होकर बाजार में आयेगा। इससे बुंदेलखंड के किसान खेती किसानी के साथ-साथ पशु पालन करेंगे तो निश्चित रूप से बुंदेलखंड का किसान आर्थिक रूप से मजबूत होगा।

# विभिन्न सरकारी कार्यालयों में सेवानिवृत्तों को दी गई विदाई, भेट किये गये उपहार

संवाददाता। फतेहपुर

विकास भवन पर स्थित लघु सिंचाई विभाग के कार्यालय में श्रीमती कामना श्रीवास्तव वरिष्ठ सहायक का विदाई समारोह संपन्न हुआ। लघु सिंचाई सहायक अभियंता एसबी सिंह ने श्रीमती श्रीवास्तव को बुके व प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि कामना श्रीवास्तवने अपना सारा जीवन इस विभाग में लगा दिया।उन्होंने यह भी कहा कि कार्यालय में सभी के साथ मिलजुल कर एक दूसरे के सहयोग से काम करती थी। उन्होंने कहा कि उनके कार्यों को आजीवन याद किया जाएगा। अब वह अपने परिवार में जाकर अपने परिवार के साथ आगे का जीवन व्यतीत करेंगी। इस मौके पर अवर अभियंता अभय कुमार गुप्ता विनोद कुमार बसंत बाबू गुप्ता नीरज कुमार एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



इसी कड़ी में कृषि विभाग कार्यालय में कमलेश चंद्र व प्रेमपाल सिंह प्राविधिक सहायक कर्मचारी का विदाई समारोह संपन्न हुआ। कृषि अधिकारी बृजेश सिंह ने दोनों कर्मचारियों को फूल माला व शाल एवं मोमेंटो भेंट कर विदाई दी। इस अवसर पर उन्होंने उनकेकार्यों की सराहना की और उन्हें शुभ आशीष प्रदान किया। इस अवसर पर बबलू कुमार भूमि संरक्षण अधिकारी कैलाश पाल जितेंद्र कुमार अमजद अली जाफरी रमेश चंद धर्मेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में सेवानिवृत्त रामचंद्र का विदाई समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन गुलाब सिंह द्वारा किया गया। कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा रामचंद्र को फूल माला, साल एवं रामचरित मानस भेटकर विदाई दी गई। इस मौके पर सुजीत कुमार सिन्हा सहायक अभियंता मोहित श्रीवास्तव लेखाधिकारी कन्हैयालाल बृजभूषण मिश्रा एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा। इसी क्रम में सिंचाई खंड कार्यालय में रामानंद का विदाई समारोह संपन्न हुआ। अधिशासी अभियंता नंद गुप्ता द्वारा सेवानिवृत्त कर्मी को फूल माला वह मोमेंटो भेटकर विदाई दी गई।

# किसानों के लिए परेशानी का शबब बना सातनपुर मंडी के पास बना निजी बस अड्डा

संवाददाता। फर्रुखाबाद

- तथाकथित दलालों के बहकावे में आकर किसानों की बड़ी समस्या को दरकिनार कर रहा जिला प्रशासन

**सातनपुर** मंडी के पास बना निजी बस अड्डा किसानों के लिए मुसीबत बना हुआ है। मण्डी रोड पर निजी बस अड्डा की बजय से आये दिन जाम की स्थित बनी रहती है जिसके के कारण आये दिन मण्डी रोड पर जाम लग जाता है। बीते 21 दिसंबर को कलेक्ट्रेट में हुए किसान दिवस में किसानों ने जाम की समस्या को प्रमुखता से उठाया था। किसानों का आरोप अमानक ढंग से बने निजी बस अड्डे के चलते जाम की झाम में आये दिन किसान फंसते है उनके वाहनों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

एशिया की सबसे बड़ी सातनपुर आलू मंडी में प्रतिदिन सैकड़ों ट्रक, ट्रैक्टर समेंत बड़े वाहनों का आवागमन होता है । तथाकथित प्रभावशाली दलालों के संरक्षण के चलते नियमों को दरकिनार कर सातनपुर मंडी के पास बनाया गया है निजी बस अड्डा,जिसके के कारण आये दिन मण्डी रोड पर जाम लग जाता है। मंडी के पास जाम की समस्या से निजात को लेकर स्थाई समाधान निकालने को किसान डीएम से भी गुहार लगा चुके है। वहीं निजी बस अड्डे से संचालित होने वाली निजी बसों से प्रतिदिन टूरिस्ट के नाम पर रोडवेज को लग रहा है लाखों का प्रतिदिन लग रहा है चूना। जिले के आलाधिकारी भी जानकर भी अंजान बने हुए है।

# अस्पतालों में स्थापित किये जायेंगे डिजिटल गुड़िया गुड्डा

संवाददाता। हमीरपुर

**हमीरपुर** जिले में बेटी बचाओंएबेटी पढ़ाओं योजना में बजट खर्च की स्पष्ट गाइड अभी जारी होने से जिला प्रोवेशन विभाग तीस लाख रुपये दो माह में फटाफट खर्च करने के लिये हाथ पैर मारना शुरु कर दिया है।

जिला प्रोवेशन अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है इसमे जिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन जिसमे महिला डाक्टरए,महिला पुलिस कर्मी,शिक्षिकाओ को जोड़ना होता है।इसी प्रकार ग्रामीण व अस्पतालों में बालिकाओं के जन्म के बारे में अनुकूल वातावरण बना कर प्रायवेट व सरकारी अस्पतालों में डिजिटल गुड्डा गुड़िया बोर्ड की स्थापना करना, स्कूलों मे मेधावी छात्राओं को पुरस्कार धनराशि वितरण करना होता है इसके अलावा बालिकाओं से संबंधित लघु फिल्म का निर्माण व दीवार लेखन व होर्डिंग के माध्यम से लोगो कोजागरुक करनाएबालविवाह व भ्रूण हत्या रोकना आदि कई मुख्य विंदुओ पर कार्यक्रम आयोजित करना होता है। शासन ने इसके लिये एक कैलेंडर निर्धारित कर दिया है। प्रोवेशन अधिकारी ने बताया कि इसके लिये जिले को तीस लाख रुपये का बजट आवंटित हुआ थाएजिसमे पहले यह बजट धनराशि भारत सरकार से सीधे आ जाता था मगर अब भारत सरकार बजट की धनराशि राज्य सरकार को देगी इसके बाद जिले स्तर पर कार्यक्रम के तहत खाता खोलकर विभाग राज्य सरकार से बजट की मांग करेगी तब पैसा मिलेगा इसके बाद कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। सिंह का कहना है कि यह योजना वर्ष 2015 से संचालित है इसमे दो मर्तवा ही बजट आया है। शासन ने साफ कहा है कि कालेज में 15 फरवरी को योजना के तहत जिले में मेधावी छात्र छात्राओं को पुरुस्कार वितरित किये जाये दो फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किये जाये। बजट अभी विभाग को मिला नही है जनवरी माह के समस्त कार्यक्रम शासन ने निर्धारित कर दिये गये है।

# पेज एक का शेष

## निर्यात मोर्चे...

के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था आगे बढ़ी और 2021-22 में यह पूरी तरह से पटरी पर आ गई तथा इस मामले में कई देशों से आगे रही। देश की अर्थव्यवस्था ने 2022-23 में महामारी पूर्व स्तर पर आगे बढ़ती दिखी। इसके बावजूद चालू वर्ष में भारत को मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने के लिए चुनौती का भी सामना करना पड़ा। हालांकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में वृद्धि की संभावना को देखते हुए रुपए की विनिमय दर में गिरावट को लेकर चुनौती बनी हुई है। यह अलग बात है कि इसका प्रदर्शन अन्य प्रमुख देशों की मुद्राओं की तुलना में बेहतर रहा है। चालू खाते का घाटा (कैड) भी बना रह सकता है क्योंकि वैश्विक स्तर पर जिंस के दाम ऊंचे बने हुए हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि की गति मजबूत बनी हुई है। समीक्षा में कहा गया है कि आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान रखा है। यह उसके संतोषजनक स्तर की ऊपरी सीमा से अधिक है। लेकिन कीमत वृद्धि की दर इतनी ऊंची नहीं है कि यह निजी खपत को प्रभावित करे और न ही इतनी कम है कि निवेश प्रोत्साहन को कमजोर करे। देश का चालू खाते का घाटा चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में जीडीपी का 4.4 प्रतिशत रहा। एक इससे पिछली तिमाही में 2.2 प्रतिशत और एक साल पहले दूसरी तिमाही में 1.3 प्रतिशत के मुकाबले काफी ऊंचा है। जिंसों के दाम में तेजी तथा रुपए के मूल्य में कमी से निर्यात और आयात का अंतर बढ़ा है, जिसका असर कैड पर पड़ा है। समीक्षा में कहा गया है कि खपत में तेजी से रोजगार के मोर्चे पर स्थिति में सुधार है। लेकिन और रोजगार सृजित करने के लिए निजी निवेश जरूरी है। इसके अनुसार, चालू वर्ष की दूसरी छमाही में वैश्विक स्तर पर वृद्धि दर मंद पड़ने और व्यापार घटने से निर्यात की रफ्तार सुस्त हुई है। यह संकेत देता है कि मुद्रास्फीति उतनी चिंता की बात संभवत: नहीं हो, लेकिन कर्ज की लागत ऊंची बनी रह सकती है क्योंकि लंबे समय तक महंगाई के ऊंचे बने रहने से ब्याज दर का चक्र लंबा चल सकता है। समीक्षा के अनुसार महामारी के बाद देश में पुनरुद्धार तेजी से हुआ। वृद्धि को घरेलू मांग, पूंजी निवेश में तेजी से बल मिला है। लेकिन अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में वृद्धि से रुपए के स्तर पर चुनौती है। इसमें कहा गया है, स्थिर मूल्य पर जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वास्तव में वृद्धि दर 6 से 6.8 प्रतिशत के दायरे में रह सकता है। यह वैश्विक स्तर पर आर्थिक और राजनीतिक गतिविधियों पर निर्भर करेगा। समीक्षा के अनुसार चालू खाते का घाटा और बढ़ सकता है क्योंकि वैश्विक स्तर पर जिंसों के दाम ऊंचे बने हुए हैं और दूसरी तरफ आर्थिक वृद्धि में तेजी है। अगर कैड बढ़ता है, रुपए के मूल्य पर दबाव आ सकता है। हालांकि कुल मिलाकर बाह्य मोर्चे पर स्थिति काबू करने लायक है। निर्यात के बारे में कहा गया हे कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में वृद्धि नरम पड़ी है। वैश्विक स्तर पर वृद्धि दर मंद होने से निर्यात पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। समीक्षा में अर्थव्यवस्था की मजबूती का जिक्र करते हुए कहा गया है, महामारी के दौरान और यूरोप में संघर्ष के बाद से अर्थव्यवस्था ने जो गंवाया था, उसे लगभग फिर से प्राप्त कर लिया गया है, जो थम गया था उसमें नई जान आ गई है और जो मंद पड़ गया था, उसमें नई ऊर्जा आई है। इसमें वर्तमान मूल्य पर जीडीपी वृद्धि दर 2023-24 में 11 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। सतत निजी खपत, बैंकों कर्ज में वृद्धि और कंपनियों के पूंजीगत व्यय में सुधार से यह दुनिया के अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले मजबूत रहेगी।

## एलओसी व...

करते हुए विवादित टिप्पणी की थी। हालांकि, पार्टी नेता राहुल गांधी ने उनकी टिप्पणियों को हास्यास्पद बताया था। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से भी सीमावर्ती क्षेत्रों में अभूतपूर्व बुनियादी ढांचा बीते सालों में तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दशकों से राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत बड़ा खतरा बन चुकी वामपंथी हिंसा भी अब कुछ जिलों तक ही सीमित रह गई है। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार का साफ मानना है कि स्थाई शांति तभी संभव है, जब हम राजनीतिक और रणनीतिक रूप से सशक्त होंगे। इसीलिए अपनी सैन्य शक्ति के आधुनिकीकरण पर हम निरंतर बल दे रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि मेरी सरकार की नई पहल के परिणामस्वरूप हमारा रक्षा निर्यात छह गुना हो गया है। उन्होंने पहले स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत को सेना में शामिल किए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि आज के युग में हमारी सेनाओं का भी युवाशक्ति के संदर्भ में समृद्ध होना, युद्धशक्ति में निपुण होना, टेक्नोलॉजी के पावर से लैस रहना, बहुत अहम है। इन सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए अग्निवीर योजना शुरू की गई है। इससे देश की युवाशक्ति को सेनाओं के माध्यम से राष्ट्र की सेवा का अधिकतम अवसर मिलेगा। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि देश में स्थिर, निडर और निर्णायक सरकार है, जिसने विकास एवं विरासत पर जोर देते हुए कोई भेदभाव किए बिना सभी वर्गों के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसा भारत बनाना है जो आत्मनिर्भर हो और जो अपने मानवीय दायित्वों को पूरा करने में समर्थ हो। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता के 100 वर्ष 2047 में पूरे होंगे और सरकार ने इन 100 साल के अंतिम 25 वर्षों को अमृत काल की संज्ञा दी है। उन्होंने कहा कि अगले 25 साल में हमें ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना है, जो अतीत के गौरव से भी जुड़ा हो और जिसमें आधुनिकता का हर स्वर्णिम अध्याय हो। उन्होंने मोदी सरकार के शासनकाल में डिजिटल नेटवर्क के विस्तार और भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का भी उल्लेख किया। भारत की पहली आदिवासी राष्ट्रपति ने कहा कि नरेंद्र मोदी नीत सरकार ने सदैव राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखा है आवश्यकता पड़ने पर नीतियों एवं रणनीतियों में संपूर्ण परिवर्तन की इच्छाशक्ति दिखाई। वर्तमान सरकार के करीब नौ वर्षों के शासनकाल में भारत के लोगों ने कई सकारात्मक बदलाव पहली बार देखे हैं। उन्होंने कहा कि आज एक तरफ देश में अयोध्या धाम का निर्माण हो रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ आधुनिक संसद भवन भी बन रहा है। एक तरफ हमने केदारनाथ धाम, काशी विश्वनाथ धाम और महाकाल महालोक का निर्माण किया, तो वहीं हर जिले में हमारी सरकार मेडिकल कॉलेज भी बनवा रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार देश में तीर्थों और ऐतिहासिक धरोहरों का विकास कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ भारत दुनिया की बड़ी अंतरिक्ष ताकत बन रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत जहां योग और आयुर्वेद जैसी अपनी पुरातन विधाओं को पूरी दुनिया तक पहुंचा रहा है, वहीं दूसरी तरफ वह, विश्व की फार्मेसी की अपनी नई पहचान को भी सशक्त कर रहा है। राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान संसद के केंद्रीय कक्ष में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रिमंडल के विभिन्न मंत्री, संप्रग अध्यक्ष सोनिया गांधी, राज्यसभा में नेता सदन पीयूष गोयल और विभिन्न पार्टियों के नेता एवं सांसद मौजूद थे। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एवं पार्टी के कुछ अन्य नेता श्रीनगर में खराब मौसम के कारण उड़ानों में विलंब के चलते राष्ट्रपति अभिभाषण शुरू होने के समय केंद्रीय कक्ष में नहीं पहुंच पाए।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 1 फरवरी 2023



# भारतीय अर्थव्यवस्था बेहतर प्रदर्शन करने को तैयार दायरे में रहेगी महंगाई : मुख्य आर्थिक सलाहकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**मुख्य** आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने मंगलवार को कहा कि सरकार के सुधारों के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था बेहतर प्रदर्शन करने को तैयार है और इस दशक की शेष अवधि में आर्थिक वृद्धि दर 6.5 से सात प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के संसद में आर्थिक समीक्षा पेश किए जाने के बाद नागेश्वरन ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में विपरीत चुनौतियों को छोड़ दिया जाए, तो कुल मिलाकर मुद्रास्फीति के दायरे में ही रहने का अनुमान है।

उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितताओं को देखते हुए निर्यात संभावनाओं पर गौर किए बिना दशक की बची हुई अवधि में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 से सात प्रतिशत के बीच रहेगी।

सीईए ने कहा कि कंपनियों के मजबूत बही-खाते और वित्तीय क्षेत्र में सुधार से आने वाले वर्षों में वृद्धि दर को गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर नरमी भारत के पक्ष में है लेकिन जिंसों के दाम के स्तर पर अनिश्चितता और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव प्रमुख चुनौतियां हैं।




सीईए द्वारा तैयार वित्त वर्ष 2022-23 की आर्थिक समीक्षा के मुताबिक, रिजर्व बैंक का चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान न तो इतना अधिक है कि निजी खपत को रोके और न ही इतनी कम है कि निवेश के लिए प्रोत्साहन को कमजोर करे।

समीक्षा के अनुसार, देश की अर्थव्यवस्था कुछ धीमी पड़कर अगले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। इसके बावजूद यह दुनिया में तीव्र आर्थिक वृद्धि वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। इसका कारण यह है कि इसने दुनिया के सामने आने वाली असाधारण चुनौतियों से निपटने को लेकर बेहतर प्रदर्शन किया है।

नागेश्वरन ने कहा कि कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे बनी रहती है, तो अनुमानित वृद्धि दर पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार ने अब आठ प्रतिशत वृद्धि दर के अनुमान को छोड़ दिया है, उन्होंने कहा, निर्यात वृद्धि के बिना भी हम आठ प्रतिशत आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने में सक्षम हैं। सीईए ने कहा, सरकार के आठ प्रतिशत या नौ प्रतिशत वृद्धि दर पर गौर करने का कारण है। पहले दशक में वैश्विक अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही थी और अब यह नरमी के दौर में है। अगर वैश्विक अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन अच्छा रहता है और वैश्विक आपूर्ति व्यवस्था में कमी को दूर करने के लिए प्रयास सफल होते तथा निर्यात वृद्धि तेज होती, इससे वृद्धि दर को सात प्रतिशत से आठ प्रतिशत करने में मदद मिलती। उन्होंने यह भी कहा कि रोजगार सृजन महत्वपूर्ण नीतिगत लक्ष्य है और सरकार ने नौकरियां सृजित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। नोटबंदी के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर नागेश्वरन ने कहा, ...इसका डिजिटल अर्थव्यवस्था को गति देने और काले धन को हतोत्साहित करने में योगदान सकारात्मक था।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक व्यय की गुणवत्ता बेहतर हुई है और सरकार बजट घाटे के आंकड़ों को लेकर अधिक पारदर्शी हुई है। सार्वजनिक खरीद के मामले में भी पारदर्शिता आई है। सीईए ने यह भी कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में कर्ज वृद्धि बढ़ रही है और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) क्षेत्र को जनवरी, 2022 से ऋण में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में फंसा कर्ज 15 महीने पहले के मुकाबले कम हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में लक्ष्य से कहीं आगे है।

## कोष आवंटन में पर्याप्त वृद्धि के कारण तेजी से विकसित हुआ रेलवे का बुनियादी ढांचा: समीक्षा

**भाषा।** नई दिल्ली

**आर्थिक** समीक्षा 2022-23 के मुताबिक रेलवे के बुनियादी ढांचे में तेज वृद्धि की एक बड़ी वजह सरकार द्वारा कोष आवंटन में पर्याप्त बढ़ोतरी है। इसके साथ ही समीक्षा में कोविड महामारी के बाद यात्री और माल ढुलाई, दोनों क्षेत्रों में सुधार के लिए रेलवे के प्रयासों की सराहना की गई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2023-24 पेश करने से एक दिन पहले मंगलवार को संसद में आर्थिक समीक्षा प्रस्तुत की। समीक्षा में कहा गया है कि देशभर में बढ़ी हुई गतिशीलता और तेज ट्रेनों की मांग से आने वाले वर्षों में यात्री यातायात बढ़ेगा। कोविड महामारी से पहले (2019-20) भारतीय रेलवे की यात्री सेवाओं से प्राप्तियां 809 करोड़ रुपए थीं, जो 2020-21 में घटकर 125 करोड़ रुपए रह गईं। यह आंकड़ा 2021-22 में बढ़कर 351.9 करोड़ रुपए रह गया। समीक्षा में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष के दौरान यात्रियों की संख्या में मजबूत वृद्धि देखी गई है। इसी तरह वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के बीच माल ढुलाई में तेज वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में नवंबर तक माल ढुलाई सालाना आधार पर 8.3 प्रतिशत अधिक थी। इसमें आगे कहा गया कि रेलवे के बुनियादी ढांचे पर पूंजीगत व्यय में 2014 से तेज वृद्धि हुई। पिछले चार वर्षों से पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी हो रही है और 2022-23 में यह 2.5 लाख करोड़ रुपए रहा। यह आंकड़ा सालाना आधार पर 29 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। भारतीय रेलवे ने चालू वित्त वर्ष में 12 दिसंबर, 2022 तक 2022 ट्रैक किलोमीटर (टीकेएम) पूरा कर लिया था।

## अडाणी विवाद मामले में मुख्य आर्थिक सलाहकार का टिप्पणी से इंकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**मुख्य** आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने मंगलवार को अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में गिरावट के बारे में कुछ कहने से इनकार किया। अमेरिकी वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद समूह की कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई है।

संसद में आर्थिक समीक्षा पेश किए जाने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा, हम आर्थिक समीक्षा में किसी एक कंपनी के बारे में बात नहीं करते। नागेश्वरन ने अडाणी समूह संकट के बारे में पूछे जाने पर कहा, कंपनी क्षेत्र की बात करें तो कुल मिलाकर उनका कर्ज कम हुआ है और बही-खाता मजबूत है। किसी एक कंपनी समूह के साथ क्या हुआ है, यह बाजार और कॉरपोरेट समूह के बीच का मामला है। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन गिरावट रही। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में उद्योगपति गौतम अडाणी की अगुवाई वाले समूह पर खुले तौर पर शेयरों में गड़बड़ी और लेखा धोखाधड़ी में शामिल होने के आरोप लगाए गए हैं। हालांकि, समूह ने रिपोर्ट को सिरे से खारिज करते हुए कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

## बदनाम बाजारों की अमेरिकी सूची में इंडिया मार्ट, चार अन्य भारतीय बाजार शामिल

**भाषा।** वाशिंगटन


**भारत** की बड़ी ई-कॉमर्स वेबसाइट इंडियामार्ट के अलावा चार शहरों में मौजूद चार बाजारों को नकली उत्पादों की बिक्री करने के कारण अमेरिका की बदनाम बाजार सूची में शामिल किया गया है।

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) कैथरीन ताई की तरफ से मंगलवार को जारी इस सूची में 39 ऑनलाइन और 33 भौतिक बाजारों को जगह दी गई है जो ट्रेडमार्क के दुरुपयोग एवं कॉपीराइट उल्लंघन की गतिविधियों में संलिप्त पाए गए हैं। यूएसटीआर अमेरिकी व्यापार नीति के प्रोत्साहन के लिए काम करने वाली सरकारी एजेंसी है।

इन बदनाम बाजारों की सूची में भारत की तरफ से इंडियामार्ट वेबसाइट, मुंबई स्थित हीरा पन्ना बाजार, कोलकाता के किदरपुर बाजार, बेंगलुरु स्थित सदर पतरप्पा रोड बाजार और दिल्ली के टैंक रोड बाजार को शामिल किया गया है। तेई ने कहा कि नकली एवं जाली उत्पादों का अधिक व्यापार होने से अमेरिकी श्रमिकों की आर्थिक सुरक्षा पर चोट पहुंचती है। उन्होंने कहा, बदनाम बाजारों की सूची के जरिए हम अपने कारोबारी साझेदारों को इन नुकसानदेह तौर तरीकों के खिलाफ कदम उठाने का अनुरोध करते हैं। यूएसटीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, इंडियामार्ट बड़े आकार वाली ई-कॉमर्स वेबसाइट और मोबाइल ऐप है। यह खरीदारों को आपूर्तिकर्ताओं से जोड़ने का काम करती है।



नई दिल्ली में मंगलवार को वित्त राज्यमंत्री भागवत कराड़ और पंकज चौधरी के साथ केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सीबीआईसी अध्यक्ष विवेक चौधरी के साथ केन्द्रीय बजट 2023-24 को अंतिम रूप देने के दौरान नई पेश डेलू में फुंआस मुस्त्री में अपनी टीम के साथ फोटो खिंचवाते हुए।



हाइफ़ा पोर्ट में समारोह के दौरान अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ

## अडाणी समूह ने इजरायल के हाइफा बंदरगाह का किया अधिग्रहण

**हाइफा।** भारतीय उद्योगपति गौतम अडाणी की अगुवाई वाले अडाणी समूह ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इजरायल के हाइफा बंदरगाह का मंगलवार को 1.2 अरब डॉलर में अधिग्रहण कर लिया। इस सौदे के तहत अडाणी समूह तेल अवीव में कृत्रिम मेधा (एआई) प्रयोगशाला भी स्थापित करेगा। अडाणी ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मौजूदगी में हाइफा बंदरगाह के अधिग्रहण का समझौता किया और निवेश अवसरों के बारे में बात की। अमेरिकी निवेश शोध फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद अडाणी समूह के शेयरों में भारी गिरावट आई है।

## भारत की आर्थिक वृद्धि 2022 के 6.8 फीसदी से कम होकर 2023 में 6.1 फीसदी रहने का अनुमान: आईएमएफ

**भाषा।** वाशिंगटन

**अंतरराष्ट्रीय** मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मंगलवार को अनुमान जताया कि अगले वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि में कुछ नरमी आ सकती है और यह 6.1 फीसदी रह सकती है, जो 31 मार्च को खत्म होने जा रहे चालू वित्त वर्ष की 6.8 फीसदी की वृद्धि के मुकाबले कम है।

आईएमएफ ने जनवरी का विश्व आर्थिक परिदृश्य मंगलवार को जारी किया। इसमें कहा गया कि वैश्विक वृद्धि भी 2022 के 3.4 फीसदी से घटकर 2023 में 2.9 फीसदी पर आने का अनुमान है। हालांकि यह 2024 में बढ़कर 3.1 फीसदी पर पहुंच सकती है।

मुद्रा कोष में अनुसंधान विभाग के निदेशक एवं मुख्य अर्थशास्त्री पियरे ओलिवर गोरिंचेस ने कहा, वृद्धि के हमारे अनुमान वास्तव में भारत के लिए तो अक्टूबर के परिदृश्य की तुलना में अपरिवर्तित ही हैं। चालू वित्त वर्ष के लिए 6.8 फीसदी की वृद्धि हासिल करने की बात थी और यह वित्त वर्ष मार्च तक चलेगा। इसके बाद अगले वित्त वर्ष के लिए इसमें कुछ नरमी आने और वृद्धि के 6.1 फीसदी पर रहने का अनुमान है।

आईएमएफ के विश्व आर्थिक परिदृश्य को अद्यतन करते हुए कहा गया, भारत में वृद्धि 2022 की 6.8 फीसदी से कम होकर 2023 में 6.1 फीसदी रहने और प्रतिकूल बाहरी परिस्थितियों के बावजूद घरेलू मांग में जुझारुपन से इसके 2024 में फिर बढ़कर 6.8 फीसदी होने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक, विकासशील एवं उभरते एशिया में वृद्धि 2023 और 2024 में बढ़कर क्रमशः 5.3 फीसदी और 5.2 फीसदी रह सकती है। चीन की अर्थव्यवस्था में कमजोरी की वजह से यह 2022 में कम होकर 4.3 फीसदी पर आ गई थी।

गोरिंचेस ने कहा, अगर हम चीन और भारत को एक साथ देखें तो 2023 में विश्व की वृद्धि में उनकी हिस्सेदारी करीब 50 फीसदी होगी। यह एक उल्लेखनीय योगदान है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, हमारे अक्टूबर के पूर्वानुमान में भारत को लेकर हमारे जो सकारात्मक विचार थे, उनमें मोटे तौर पर अब भी कोई परिवर्तन नहीं आया है।

## क्रिप्टो तंत्र विनियमित करने के लिए सामान्य नज़रिये की जरूरत : समीक्षा

**भाषा।** नई दिल्ली

**क्रिप्टो** एक्सचेंज एफटीएक्स के हालिया पतन और क्रिप्टो बाजारों में बिकवाली ने क्रिप्टो पारिस्थितिकी तंत्र की कमजोरियों को उजागर किया है। संसद में मंगलवार को पेश आर्थिक समीक्षा में यह बात कही गई है। समीक्षा के मुताबिक, क्रिप्टो वित्तीय संपत्ति की कसौटी पर सख्ती से खरा नहीं उतरता है, क्योंकि इसमें कोई आंतरिक नकदी प्रवाह नहीं है।

अमेरिकी नियामकों ने बिटकॉइन, ईथर और विभिन्न अन्य क्रिप्टो संपत्तियों को प्रतिभूतियों के रूप में मान्यता नहीं दी है। समीक्षा में कहा गया है कि क्रिप्टो पारिस्थितिकी तंत्र की भौगोलिक रूप से व्यापक प्रकृति के चलते इन अस्थिर उपकरणों के विनियमन के लिए एक सामान्य नजरिए की जरूरत है। इसके मुताबिक, चूंकि क्रिप्टो संपत्ति क्रिप्टोग्राफिक तकनीकों का उपयोग करके तैयार की गई डिजिटल संपत्ति का नया रूप है, इसलिए इसका बाजार बहुत अस्थिर रहा है। क्रिप्टो संपत्ति का कुल मूल्यांकन नवंबर, 2021 में लगभग 3,000 अरब अमेरिकी डॉलर से घटकर जनवरी, 2023 में 1,000 अरब डॉलर से कम रह गया।

इस अस्थिरता ने क्रिप्टो संपत्ति के साथ जुड़ी समस्याओं और उनकी बढ़ती जटिलताओं तथा पारदर्शिता में कमी को सामने लाकर खड़ा कर दिया है। समीक्षा के मुताबिक, ये अब भी बड़े पैमाने पर अनियमित हैं, वैश्विक स्तर पर चिंता का कारण है। एक तथ्य यह भी है कि क्रिप्टो संपत्ति का बड़ा हिस्सा कुछ संस्थाओं के पास ही है। अनुमान बताते हैं कि चलन में शामिल बिटकॉइन का लगभग 85 प्रतिशत हिस्सा 4.5 प्रतिशत संस्थाओं के पास है।

## क्विक न्यूज

### कोरोना काल के दो साल बाद अब चढ़ने लगे हैं घरों के दाम

**नई दिल्ली।** घरो के दाम कोरोना काल के दो साल के दौरान मंद रहने के बाद अब फिर चढ़ने शुरू हुए है। मांग बढ़ने से खाली पड़े घरो की संख्या भी कम हो रही है। मंगलवार को संसद मे पेश आर्थिक समीक्षा मे यह जानकारी दी गई। समीक्षा मे कई निर्माण सामग्रियो पर आयात शुल्क कम किए जाने से आवासीय संपत्तियो के दाम कम होने की उम्मीद जताई गई है। समीक्षा के अनुसार, इस वित्त वर्ष मे आवास ऋण पर बढ़ती ब्याज दरो और संपत्ति की कीमतो मे वृद्धि जैसी बाधाओ के बावजूद घरो की बिक्री बढ़ी है। इससे देश के संपत्ति बाजार मे सुधार आया है। समीक्षा मे कहा गया है कि आवास ऋण की मांग बढ़ने की वजह से दबी मांग का निकलना है। समीक्षा मे कहा गया कि वैश्विक आपूर्ति को प्रभावित करने वाले रूस-यूक्रेन युद्ध से निर्माण लागत बढ़ने के चलते घरो के दाम चढ़े थे।

### 5जी की शुरुआत नए आर्थिक अवसरों को जन्म दे सकती है

**नई दिल्ली।** देश में 5जी सेवाओं की शुरुआत होने से नए आर्थिक अवसर खुलेंगे और भारत को विकास की राह में आने वाले पुराने अवरोधों को पार करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा स्टार्टअप और कारोबारों में नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा। आर्थिक समीक्षा 2022-23 मंगलवार को संसद में पेश की गई, जिसमें यह कहा गया। इसमें कहा गया कि बड़े पैमाने पर डिजिटलीकरण, स्मार्टफोन की बढ़ती पहुंच और प्रौद्योगिकी को अपनाने से परंपरागत और नए दौर के क्षेत्रों के लिए अवसरों का सृजन हुआ है। इसमें आगे कहा गया, 5जी सेवाओं की शुरुआत से नए आर्थिक अवसर मिल सकते है, देश को विकास की राह में आने वाले अवरोधकों को पार करने में मदद मिल सकती है, स्टार्टअप तथा कारोबारी उद्यम नवोन्मेष बढ़ा सकते है और डिजिटल इंडिया की संकल्पना को गति मिल सकती है। समीक्षा में, दूरसंचार की पहुंच के मामले में राज्यो के बीच विसंगति का जिक्र किया गया जिसमें ग्रामीण इलाके इस मामले में शहरी इलाकों से पिछड़ जाते हैं। हालांकि साथ ही यह भी कहा गया कि ग्रामीण इलाकों में भी इस क्षेत्र की पहुंच तेजी से बढ़ रही है। इसके अलावा समीक्षा में कहा गया कि इंटरनेट उपभोक्ताओं में सालाना आधार पर बदलाव के मामले में ग्रामीण क्षेत्र शहरी क्षेत्रों से आगे है। इसमें कहा गया, सरकार ने ताररहित लाइसेंसिंग में कई प्रक्रियागत सुधार किए है जिससे नवोन्मेष, विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

### इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं का निर्यात सालाना 55 प्रतिशत की दर से बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश मे पिछले सात वर्षों मे मोबाइल फोन का उत्पादन पांच गुना हो गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स सामान का निर्यात सालाना आधार पर 55.1 प्रतिशत की दर से बढ़ा है और यह शीर्ष पांच जिंस समूहों में आ गया है। मंगलवार को संसद मे पेश आर्थिक समीक्षा मे यह जानकारी दी गई। समीक्षा के अनुसार, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं से घरेलू कंपनियां विनिर्माण सुविधाओं के मामले मे व्यापक स्तर पर कार्य से बचत हासिल कर सकती हैं। आर्थिक समीक्षा में कहा गया है, पिछले पांच वर्षों में विनिर्माण और निर्यात में सुधार यह सुनिश्चित करता है कि देश इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सही राह पर है। इलेक्ट्रॉनिक सामान नवंबर, 2022 मे सकारात्मक निर्यात वृद्धि प्रदर्शित करने वाले शीर्ष पांच जिंस समूहों में से थे। इस श्रेणी में निर्यात मे सालाना 55.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आर्थिक समीक्षा के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग- मोबाइल फोन, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स की बदौलत जिंस समूहों में शीर्ष स्थान पर रहा। इसमें कहा गया है, मोबाइल फोन खंड में भारत वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माता बन गया है। वित्त वर्ष 2014-15 में मोबाइल का उत्पादन छह करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2021-22 मे 31 करोड़ इकाई हो गया। घरेलू और वैश्विक कंपनियां भारत मे अपनी उपस्थिति बढ़ा रही है जिससे इनमे और सुधार की उम्मीद है। समीक्षा मे कहा गया है, पीएलआई योजना मे भागीदारी से कई अन्य घरेलू कंपनियों को स्थानीयकरण से एक स्तर पाने में मदद मिलेगी। यह निर्यात प्रतिस्पर्धा को और बढ़ाएगा जिससे वैश्विक मूल्य श्रृंखला मे भारत की भागीदारी को बढ़ेगी।

### कर्जदारों के आचरण में बदलाव दिवाला संहिता का दूरगामी प्रभाव

**नई दिल्ली।** दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) से कर्जदारो के आचरण मे बदलाव आया है और यह आईबीसी के विभिन्न दूरगामी प्रभाव मे से एक है। साथ ही इस कानून से संकट मे फंसी कंपनियों को कारोबार से बाहर निकलने का मौका मिल रहा है और इससे दुर्लभ आर्थिक संसाधनो का अधिक उत्पादक कार्यों मे उपयोग हो रहा है। संसद मे पेश वित्त वर्ष 2022-23 की आर्थिक समीक्षा में यह कहा गया है। सितंबर, 2022 के अंत तक 5,893 मामलो में कंपनी ऋण शोधन अक्षमता समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) शुरू हुई। दिसंबर, 2016 में प्रभाव में आए आईबीसी के तहत इसमे से 67 प्रतिशत बंद हो चुकी है। समीक्षा मे भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ो का हवाला देते हुए कहा गया है कि वित्त वर्ष 2021-22 मे अनुसूचित बैंको ने आईबीसी के तहत जो राशि वसूली, वह अन्य किसी भी माध्यम से प्राप्त रकम से ज्यादा है। समीक्षा के आंकड़ों के अनुसार अनुसूचित वाणिज्यिक बैंको ने संहिता के जरिए 2021-22 मे 89,661 करोड़ रुपए वसूल किए है। इसी अवधि मे सरफेसी कानून (वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम) के तहत 27,349 करोड़ रुपए, कर्ज वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) के जरिए 12,114 करोड़ रुपए और लोक अदालतो के माध्यम से 2,777 करोड़ रुपए की वसूली हुई। समीक्षा मे कहा गया है, संहिता का एक दूरगामी प्रभाव कर्जदारो के बीच उनके आचरण मे बदलाव आना है। सीआईआरपी शुरू होने को लेकर नियंत्रण खत्म होने के भय से हजारो कर्जदारो ने अपने बकाए का निपटान दिवाला प्रक्रिया शुरू होने से पहले किया।

### आज के आर्थिक हालात वाजपेयी शासनकाल के समान : आर्थिक समीक्षा

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2022-23 की आर्थिक समीक्षा मे पिछले आठ वर्षों मे देश के आर्थिक हालात को 1998-2002 के अटल बिहारी वाजपेई सरकार के शासनकाल मे उत्पन्न स्थितियो के समान बताया है। इसमे उम्मीद जताई गई है कि महामारी के वैश्विक झटको से उबरने, जिंस कीमतो में कम बढ़ोतरी से भारतीय अर्थव्यवस्था आने वाले दशक मे अपनी क्षमता से बढ़ने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। संसद मे पेश वित्त वर्ष 2022-23 की आर्थिक समीक्षा मे कहा गया है कि वर्ष 2014-2022 के आर्थिक हालात 1998-2002 की स्थिति के ही समान है। इसमे कहा गया है कि घरेलू और वैश्विक आघातो की एक श्रृंखला 1998 से 2002 के बीच देखी गई थी जिसने निवेशकों के विश्वास को कमजोर कर दिया। भारत के परमाणु परीक्षण के बाद अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधो के कारण बाद के महीने मे भारत मे पूंजी प्रवाह मे तेजी से गिरावट आई। वही, वर्ष 2000 और 2002 के बीच की अवधि मे देश मे लगातार दो बार सूखा भी पड़ा। इन घरेलू आघातो से वृद्धि प्रभावित हुई और 9:11 आतंकी हमलो के परिणामस्वरूप बड़ी वैश्विक अनिश्चितता भी सामने थी। आर्थिक समीक्षा मे कहा गया है कि 1998 से 2002 के दौरान 1998 के परमाणु परीक्षण एवं इसके कारण प्रतिबंध, बैंकिंग और कॉरपोरेट क्षेत्र के बही-खातो को कम तरजीह देना, लगातार दो सूखे, आर्थिक मंदी और 9111 आतंकी हमले से अर्थव्यवस्था को झटका लगा। इसमें कहा गया है कि वर्ष 2014 से 2022 के दौरान बैंकिंग, गैर-बैंकिंग और गैर वित्तीय कारपोरेट क्षेत्र के बही-खाते पर दबाव, महामारी के अभूतपूर्व झटके के बाद मुद्रास्फीति, वैश्विक स्तर पर जिंस कीमतो का दबाव से वस्तु वित्तीय स्थिति पर प्रभाव पड़ा। रिपोर्ट मे कहा गया है कि 1998 से 2002 के दौरान ब्याज दर विनियमन, निजीकरण, बैंको के लिए सम्पत्ति वसूली, आधारभूत ढांचा क्षेत्र में स्वर्णिम चतुर्भुज, राजकोषीय दायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम लाने जैसे अर्थव्यवस्था में संस्थागत सुधार कदम उठाए गए।

## आम बजट के पहले शेयर बाजार में सतर्कता, सेंसेक्स 49 अंक चढ़ा

**भाषा।** मुंबई

**आम** बजट और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक बैठक के नतीजों से एक दिन पहले मंगलवार को निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से घरेलू शेयर बाजारों में मामूली तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 49 अंक की बढ़त पर रहा।



उतार-चढ़ाव से भरे कारोबार के अंतिम घंटे में लिवाली से 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 49.49 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,549.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 59,787.63 अंक के उच्चस्तर तक गया और 59,104.59 अंक के निचले स्तर तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 13.20 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 17,662.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा सर्वाधिक 3.53 प्रतिशत की बढ़त लेने में सफल रहा। अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, टाटा मोटर्स, टाइटन और आईसीआईसीआई बैंक भी लाभ में रहे। दूसरी तरफ, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, सन फार्मा, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक और एचडीएफसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू शेयर बाजार का प्रदर्शन दुनिया के अन्य बाजारों की तुलना में हल्का रहा। इसका कारण शेयरों का उच्च मूल्यांकन है। इसके अलावा बाजार पर अडाणी समूह प्रकरण का भी असर पड़ा है। एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) की बिकवाली बढ़ी है। अब निवेशकों की नजर बजट और फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति पर है। इस पर बाजार की मिली-जुली राय है। संसद में पेश आर्थिक समीक्षा में चालू वित्त वर्ष की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। इसमें वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि दर के धीमा पड़कर 6-6.8 प्रतिशत रहने की संभावना जताई गई है। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) अजित मिश्रा ने कहा, अब सबकी नजरें केंद्रीय बजट पर टिकी हैं और हम बुधवार को बाजार में तेज उतार-चढ़ाव की उम्मीद कर रहे हैं। दो दिनों से सूचकांक का लगभग स्थिर रहना गिरावट के बाद की राहत को दर्शाता है। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप में 2.21 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई। दुनियाभर के बाजार फेडरल रिजर्व की बैठक के पहले आशंकित नजर आए। एशिया के बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार में भी सोमवार को गिरावट रही। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83.90 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 6,792.80 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

## दिसंबर अंत में राजकोषीय घाटा समूचे वित्त वर्ष का 60 प्रतिशत हुआ

**भाषा।** नई दिल्ली

**राजस्व** संग्रह में सुस्त वृद्धि से दिसंबर के अंत में सरकार का राजकोषीय घाटा समूचे वित्त वर्ष के बजट अनुमान का 59.8 प्रतिशत हो गया। वित्त मंत्रालय द्वारा मंगलवार को यह आंकड़ा जारी किया गया।

मंत्रालय के मुताबिक, सरकार के राजस्व एवं व्यय के बीच के अंतर को दर्शाने वाला राजकोषीय घाटा वास्तविक संदर्भ में अप्रैल-दिसंबर, 2022 की अवधि में 9,92,976 करोड़ रुपए रहा। यह वित्त वर्ष 2022-23 के बजट अनुमान का 59.8 प्रतिशत है।

सरकार ने चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा 16.61 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान बजट में जताया था जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 6.4 प्रतिशत है। इस घाटे की भरपाई बाजार से कर्ज जुटाकर की जाती है। एक साल पहले की समान अवधि में अप्रैल-दिसंबर के दौरान राजकोषीय घाटा बजट अनुमान का 50.4 प्रतिशत रहा था। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) के आंकड़ों के मुताबिक, 15.55 लाख करोड़ रुपए का शुद्ध कर राजस्व वित्त वर्ष 2022-23 के बजट अनुमान का 80.4 प्रतिशत था। एक साल पहले की समान अवधि में यह तत्कालीन बजट अनुमान का 95.4 प्रतिशत था।

चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में गैर-कर राजस्व 2.14 लाख करोड़ रुपए रहा जो बजट अनुमान का 79.5 प्रतिशत है। वहीं वित्त वर्ष 2021-22 की समान अवधि में यह बजट अनुमान का 106.7 प्रतिशत था। अप्रैल-दिसंबर के दौरान सरकार का कुल व्यय समूचे वित्त वर्ष के बजट अनुमान का 71.4 प्रतिशत रहा है। यह एक साल पहले की समान अवधि के 72.4 प्रतिशत के बजट अनुमान से कम है।

# पाकिस्तान में मस्जिद में हुए विस्फोट में मृतक संख्या बढ़कर 100 हुई

**भाषा।** पेशावर



**पाकिस्तान** के पेशावर शहर में सोमवार को एक मस्जिद में नमाज के दौरान हुए आत्मघाती हमले में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 93 हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने उच्च सुरक्षा वाले पुलिस लाइंस इलाके में स्थित मस्जिद के भीतर हमले की जिम्मेदारी ली है। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, हमलावर दोपहर की नमाज के समय अग्रिम पंक्ति में था जब उसने विस्फोट कर खुद को उड़ा लिया। विस्फोट में मस्जिद के इमाम मौलाना साहिबजादा नूरुल अमीन की भी मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट में 93 लोगों की मौत हो गई जबकि 221 लोग घायल हो गए।

रेडियो पाकिस्तान ने एक खबर में कहा, पेशावर विस्फोट में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 93 हो गई है और अब भी मलबा हटाने का काम जारी है।

पेशावर पुलिस नियंत्रण कक्ष के अनुसार, 200 से अधिक घायलों को लेडी रीडिंग अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से करीब 100 का अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि अन्य को छुट्टी दे दी गई है।

पेशावर के कैपिटल सिटी पुलिस ऑफिसर (सीसीपीओ) एजाज़ खान ने मीडिया से कहा कि अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी क्योंकि अभी भी कई पुलिसकर्मी मलबे में दबे हुए हैं। उन्होंने कहा, करीब 300-400 पुलिसकर्मी आमतौर पर दोपहर के समय नमाज अदा करते हैं। अगर पुलिस लाइंस के अंदर धमाका हुआ है तो यह सुरक्षा में चूक है लेकिन मामले की जांच से ही आगे का खुलासा हो सकता है। खान ने कहा कि ऐसी संभावना है कि हमलावर सरकारी वाहन से मस्जिद परिसर में घुसा हो। उन्होंने कहा आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) मामले की जांच कर रहा है। जियो न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि विस्फोट की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भेज दी गई है।

सूत्रों ने कहा कि घटनास्थल पर मिले सबूतों से संकेत मिलता है कि यह एक आत्मघाती हमला था। रिपोर्ट के मुताबिक, खंभे गिरने से छत गिर गई, जिससे काफी नुकसान हुआ है। सुरक्षा खामियों पर गौर करने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हमले की निंदा की है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने भी हमले पर दुख जताया।

पिछले साल शहर के कोचा रिसलदार इलाके में एक शिया मस्जिद में ऐसे ही हमले में 63 लोगों की जान चली गई थी। टीटीपी पाकिस्तान सरकार के साथ संघर्षविराम से पीछे हट गया है और उसने अपने आतंकवादियों को देशभर में आतंकवादी हमला करने का हुक्म जारी किया है। उस पर 2009 में सेना मुख्यालय, सैन्य अड्डों पर हमले, 2008 में मैरिएट होटल में बम विस्फोट समेत कई घातक हमलों में शामिल होने का आरोप है। इसे अल कायदा का करीबी बताया जाता है।

## उत्तर कोरिया का जवाब देने के लिए अपनी आयुध तैनाती को बढ़ाएगा अमेरिका

**सियोल।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने मंगलवार को कहा कि उत्तर कोरिया की ओर से बढ़ते परमाणु खतरे के जवाब में उनका देश दक्षिण कोरिया के साथ अपनी संयुक्त प्रशिक्षण और अभियान योजना को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका कोरिया प्रायद्वीप में लड़ाकू विमान और बम वर्षक विमान की तैनाती बढ़ाएगा।

ऑस्टिन ने सियोल में दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री ली जोंग-सुप के साथ वार्ता के बाद ए टिप्पणियां कीं। उनके कार्यालयों के अनुसार दोनों नेताओं ने संयुक्त सैन्य अभ्यास और बढ़ाने पर सहमति जताई।

# तालिबान का महिला सहायताकर्मियों पर प्रतिबंध कई मानवीय कार्यक्रमों को खत्म करने जैसा : संरा

**एपी।** संयुक्त राष्ट्र



**संयुक्त** राष्ट्र के विश्वव्यापी मानवीय अभियानों के प्रमुख मार्टिन ग्रिफिथ्स ने सोमवार को आगाह किया कि अफगानिस्तान में महिला सहायताकर्मियों पर तालिबान का प्रतिबंध कई महत्वपूर्ण मानवीय कार्यक्रमों को खत्म करने जैसा है। मार्टिन ग्रिफिथ्स ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगर तालिबान ने अपने फरमान में कुछ अपवाद शामिल नहीं किए तो यह विनाशकारी होगा।

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहायता समूहों सहित एक प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह अफगानिस्तान के विदेश मामलों और वित्त मंत्रियों सहित तालिबान के नौ अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान यह मामला उठाया था कि मानवीय कार्यों में अफगानिस्तानी महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। ग्रिफिथ्स ने कहा, हमें धैर्य रखने के लिए कहा गया। हमें बताया गया कि तालिबान अधिकारियों द्वारा दिशानिर्देशों पर काम किया जा रहा है, जिसके तहत कथित तौर पर मानवीय कार्यों में महिलाओं की मौजूदगी की अनुमति दी जा सकती है।

उन्होंने कहा कि तालिबान का लगातार यह संदेश देना कि महिलाओं के काम करने के लिए एक जगह होगी, यह थोड़ा तसल्ली देने वाला साथ ही एक महत्वपूर्ण संदेश है। ग्रिफिथ्स ने गत वर्ष 24 दिसंबर को जारी किए गए तालिबान के फरमान का जिक्र किया जिसके बाद से सहायता समूह अफगानिस्तानी महिलाओं को रोजगार नहीं दे पा रहे हैं। वहीं संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के लिए प्रोग्रामिंग के उप कार्यकारी निदेशक उमर आब्दी ने कहा कि 60 लाख अफगानिस्तानी आपातकालीन स्तर की खाद्य समस्या का सामना कर रहे हैं और अकाल से महज एक कदम दूर हैं।

उन्होंने कहा कि इस साल 875,000 बच्चों के गंभीर कुपोषण से पीड़ित होने की आशंका है और यही कारण है कि इन कार्यों को जारी रखना महत्वपूर्ण है।

# तकनीकी आधिपत्य जमाना चाहता है वाशिंगटन : चीन

**एपी।** बीजिंग

**चीन** की सरकार ने मंगलवार को वाशिंगटन पर आरोप लगाया कि वह तकनीकी आधिपत्य स्थापित कर रहा है। चीन ने यह आरोप उन खबरों के बाद लगाया है जिनमें कहा है गया कि अमेरिका अपने देश के आपूर्तिकर्ताओं तक सभी प्रकार की पहुंच पर पाबंदी लगाकर तकनीकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी हुवावे पर दबाव बना सकता है। ब्लूमबर्ग न्यूज, द फाइनेंसियल टाइम्स और वाल स्ट्रीट जर्नल की खबर के मुताबिक संभावित कदम से वर्ष 2019 में लगाया गया प्रतिबंध और कठोर हो जाएगा जिससे प्रोसेसर चिप्स और अन्य तकनीक तक हुवावे की पहुंच सीमित हो जाएगी। नेटवर्क उपकरण और स्मार्टफोन बनाने वाली इस कंपनी को कुछ कम आधुनिक पुर्जों को खरीदने की अनुमति दी गई थी। हुवावे टेक्नोलॉजीस लिमिटेड चीन का पहला वैश्विक तकनीकी ब्रांड है, लेकिन तकनीकी और सुरक्षा को लेकर वाशिंगटन और बीजिंग के बीच के संघर्ष के केंद्र में है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि हुवावे से सुरक्षा जोखिम जुड़ा है और यह चीन को जासूसी करने में मदद कर सकती है।

# चीन ने ताइवान के साथ बातचीत को लेकर चेक गणराज्य के नए राष्ट्रपति की आलोचना की

**एपी।** बीजिंग



**चीन के** विरोध के बावजूद स्वशासित ताइवान ने मध्य यूरोपीय देश चेक गणराज्य के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति पेट्र पावेल के साथ फोन पर बातचीत में अपने संबंधों की पुनः पुष्टि की। इसके बाद चीन ने मंगलवार को पावेल पर उसकी दृढ़ राष्ट्रीय संप्रभुता को चुनौती देने का आरोप लगाया।

सोमवार को दोनों नेताओं के बीच बातचीत इस स्वशासित लोकतंत्र के अन्य देशों के साथ संबंधों को प्रतिबंधित करने के चीन के प्रयासों का सांकेतिक विरोध है। चीन ताइवान पर दड्डावा करता है और उसके अनुसार क्षेत्र को स्वतंत्र राजनयिक संबंध रखने का अधिकार नहीं है।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने आरोप लगाया कि पावेल ने चीन के बार-बार मना करने और शिकायतों की अवहेलना की। उन्होंने कहा, चीन इसका विरोध करता है और इसकी निंदा करता है और इस संबंध में चेक गणराज्य के साथ गंभीर शिकायतें की हैं।

माओ ने दैनिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि चेक गणराज्य को इस घटना के नकारात्मक प्रभाव को कम करने के लिए कदम उठाने चाहिए ताकि चीन-चेक संबंधों को व्यापक नुकसान होने से बचाया जा सके। चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला ने चीन की आलोचना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, चीन के प्रति चेक गणराज्य की नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है और यह हमारे सहयोगियों की नीति के अनुरूप है। चेक गणराज्य अपनी एक-चीन नीति का सम्मान करता है।

उन्होंने ट्वीट कर कहा, एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में, हमें यह तय करना है कि हम किसे बातचीत करते हैं या हम किससे मिलते हैं। पारंपरिक रूप से, लोकतांत्रिक ताइवान के साथ हमारे अच्छे आर्थिक, शैक्षिक और अनुसंधान संबंध हैं। इस बात का सम्मान करना भी आवश्यक है कि चीन एक महत्वपूर्ण एशियाई व्यापारिक भागीदार है। हम अपनी परंपरा पर कायम हैं और हम साझा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने की जरूरत पर जोर दे रहे हैं।

इससे पहले, ताइवान की आधिकारिक सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने राष्ट्रपति के प्रवक्ता लिन यू चान के हवाले से बताया कि बातचीत में राष्ट्रपति साई इंग-वेन ने कहा कि ताइवान एवं चेक गणराज्य के बीच गहरे संबंध हैं और दोनों स्वतंत्रता, लोकतंत्र एवं मानवाधिकारों के मूल्यों को साझा करते हैं।

लिन के हवाले से कहा गया है, सौहार्दपूर्ण संबंध के आधार पर ताइवान की सरकार चेक गणराज्य के साथ सेमीकंडक्टर डिजाइन, नए प्रौद्योगिकी में नई-नई प्रतिभाओं को जोड़ने और आपूर्ति श्रृंखला को पुनर्गठित करने सहित कई अहम क्षेत्रों में आदान प्रदान एवं सहयोग को लेकर आशान्वित है।

इससे पहले भी, चीन ने ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंध चाहने वाले देशों के खिलाफ प्रतिशोध की धमकी दी है, लेकिन डराने के उसके प्रयासों से यूरोप, जापान, अमेरिका और अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में विपरीत प्रतिक्रिया पैदा हुई है।

# अमेरिकी ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मिली से मिले डोभाल

**भाषा।** वाशिंगटन



**राष्ट्रीय** सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित के. डोभाल ने अमेरिका के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष, जनरल मार्क मिली से मुलाकात की और भारत-अमेरिका द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

डोभाल और मिली ने सोमवार को यहां इंडिया हाउस में मुलाकात की, जो अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू का आधिकारिक आवास है।

अमेरिका में भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया, ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल मार्क मिली ने आज एनएसए अजित डोभाल से मुलाकात की। भारत-अमेरिका द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर सार्थक चर्चा हुई।

डोभाल अपने अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन के साथ इनीशिएटिव फॉर क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (आईसीईटी) की पहली उच्च-स्तरीय बैठक के वास्ते एक प्रतिनिधिमंडल के साथ अमेरिका पहुंचे हैं।

मई 2022 में तोक्यो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच बैठक के बाद पहली बार एक संयुक्त बयान में आईसीईटी का उल्लेख किया गया था।

संधू ने डोभाल के सम्मान में शाम को एक स्वागत समारोह आयोजित किया, जिसमें अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन, वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो, उप विदेश मंत्री वेंडी शर्मन, राष्ट्रीय विज्ञान फाउंडेशन के निदेशक सेतुरमन पंचनाथन, नासा (राष्ट्रीय वैमानिकी और अंतरिक्ष प्रबंधन) के प्रशासक बिल नेल्सन सहित अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

स्वागत समारोह में उद्योग जगत के लोगों, शिक्षाविदों और शोध संस्थानों के सदस्यों ने शिरकत की। संधू ने ट्वीट किया, इंडिया हाउस में एक अनूठा और विशेष स्वागत।

भारत के एनएसए अजित डोभाल, अमेरिका के एनएसए जेक सुलविन, अमेरिका की वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो, भारत और अमेरिका के सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) और प्रमुख विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों की मेजबानी कर खुशी हुई। महत्वपूर्ण व उभरती हुई तकनीक में द्विपक्षीय सहयोग के निर्माण पर व्यावहारिक बातचीत हुई।

डोभाल ने सोमवार को यूएस चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के यूएस इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) द्वारा आयोजित एक उच्च स्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भी शिरकत की थी।

# संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने म्यांमा में लोकतंत्र का समर्थन किया

**एपी।** संयुक्त राष्ट्र

**म्यांमा** की सेना द्वारा सत्ता पर कब्जा किए जाने के दो साल बाद, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने इस देश के लोगों की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं का समर्थन किया है।

उन्होंने साथ ही चेतावनी दी कि नागरिकों और राजनीतिज्ञों पर कार्रवाई के बीच सेना द्वारा चुनाव कराए जाने की योजना से अस्थिरता बढ़ने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि महासचिव ने म्यांमा में सभी तरह की हिंसा की कड़ी निंदा की है और उनका कहना है कि हिंसा से देश में स्थिति और भी खराब होती है। सेना ने एक फरवरी, 2021 को आंग सान सू ची की चुनी हुई सरकार को बेदखल कर सत्ता पर कब्जा कर लिया था। सत्ता पर कब्जा किए जाने का लोगों ने व्यापक पैमाने पर विरोध किया था। इस दौरान सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुए संघर्ष में लगभग 2,900 नागरिक मारे गए थे और हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया था। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता ने बताया कि गुतारेस राजनीतिक नेताओं, आम जनता और पत्रकारों की गिरफ्तारी और हिंसा की घटनाओं के बीच चुनाव कराने संबंधी सेना की योजना से चिंतित हैं। महासचिव म्यांमा के लोगों के साथ खड़े हैं और एक समावेशी, शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण समाज और रोहिंग्या सहित सभी समुदायों की सुरक्षा के लिए उनकी लोकतांत्रिक आकांक्षाओं का समर्थन करते हैं। प्रवक्ता ने बताया कि गुतारेस ने 21 दिसंबर को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा म्यांमा को लेकर अपनाए गए प्रस्ताव का स्वागत किया है, जिसमें इस देश में हिंसा को तत्काल समाप्त करने और सैन्य शासकों से सू ची सहित सभी मनमाने ढंग से हिरासत में लिए गए सभी लोगों को रिहा करने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को बहाल करने का आग्रह किया है।

## सिरिसेना ने वर्ष 2019 में ईस्टर रविवार को हुए धमाके के लिए माफी मांगी

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना ने वर्ष 2019 में ईस्टर रविवार के दिन हुए धमाकों के लिए मंगलवार को देश के अल्पसंख्यक कैथोलिक ईसाई समुदाय से माफी मांगी। 21 अप्रैल 2019 में इस्लामिक स्टेट से संबद्ध स्थानीय इस्लामिक चरमपंथी समूह नेशनल तौहीद जमात (एनटीजे) के नौ आत्मघाती हमलावारों ने गिरजाघरों सहिता अहम ठिकानों पर सिलसिलेवार धमाके किए थे जिनमें 11 भारतीयों सहित 270 लोगों की मौत हो गई थी और करीब 500 लोग घायल हुए थे। सिरिसेना ने अपनी फ्रीडम पार्टी को संबोधित करते हुए कहा, मैं कुछ अन्य लोगों के कृत्यों के लिए कैथोलिक समुदाय से माफी मांगता हूं। पूर्व राष्ट्रपति की माफी उच्चतम न्यायालय के 12 जनवरी के फैसले के करीब दो सप्ताह बाद आई है जिसमें उन्हें 10 करोड़ श्रीलंकाई रुपए पीड़ितों को देने का आदेश दिया गया था।

# भ्रष्टाचार से जंग में 95 फीसदी देशों ने कोई प्रगति नहीं की

**एपी।** बर्लिन

**ट्रांसपेरेंसी** इंटरनेशनल ने मंगलवार को कहा कि उसके अध्ययन के अनुसार दुनिया के अधिकतर देश भ्रष्टाचार से लड़ने में विफल रहे हैं और 95 फीसदी देशों ने 2017 के बाद से बहुत कम या कोई प्रगति नहीं की है।

भ्रष्टाचार रोधी संस्था ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के 2022 भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक ने यह भी पाया कि भ्रष्टाचार से प्रभावित सरकारों में लोगों की रक्षा करने की क्षमता का अभाव है, जबकि सार्वजनिक असंतोष के हिंसा में बदलने की अधिक आशंका है। यह सूचकांक विशेषज्ञों और व्यवसायियों के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र के भ्रष्टाचार की धारणा का आकलन करता है। वर्ष 2022 के सूचकांक के मुताबिक डेनमार्क में सबसे कम भ्रष्टाचार देखा गया जबकि सोमालिया भ्रष्टाचार के मामले में अंतिम स्थान पर रहा।

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की अध्यक्ष डेलिया फरेरा रुबियो ने कहा, भ्रष्टाचार ने हमारी दुनिया को एक और खतरनाक जगह बना दिया है। जैसा कि सरकारें सामूहिक रूप से इसके खिलाफ प्रगति करने में विफल रही हैं, वे हिंसा और संघर्ष में मौजूदा वृद्धि को बढ़ावा देती हैं और हर जगह लोगों को खतरे में डालती हैं। उन्होंने कहा, देशों के लिए एकमात्र रास्ता कड़ी मेहनत करना है, सभी स्तर पर भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सरकारें केवल कुछ कुलीन वर्ग के लिए नहीं बल्कि सभी लोगों के लिए काम करती हैं।

रिपोर्ट देशों को अत्यधिक भ्रष्ट से भ्रष्टाचार मुक्त के बीच शून्य से 100 के पैमाने पर रैंकिंग करती है। डेनमार्क को इस वर्ष 90 अंकों के साथ सबसे कम भ्रष्ट के रूप में देखा गया और इसके बाद फिनलैंड तथा न्यूज़ीलैंड दोनों को समान 87 अंक मिले हैं। ब्रिटेन ने पांच अंक के नुकसान के साथ अब तक का सबसे कम स्कोर 73 हासिल किया। पूर्वी यूरोप में भ्रष्टाचार अभी भी बड़े पैमाने पर देखा जा रहा है क्योंकि कई देश ऐतिहासिक निम्न स्तर पर पहुंच गए हैं। रूस को विशेष रूप से शांति और स्थिरता पर भ्रष्टाचार के प्रभाव के एक स्पष्ट उदाहरण के रूप में रेखांकित किया गया। रूस ने 28 अंक हासिल किए। रिपोर्ट में कहा गया है, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की शक्ति पर किसी भी तरह नियंत्रण की अनुपस्थिति ने उन्हें अपनी भू-राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के दंड से मुक्त करने की अनुमति दी।

रिपोर्ट के मुताबिक रूस के हमले के पहले यूक्रेन ने कम अंक हासिल किए थे लेकिन वहां महत्वपूर्ण सुधार दृष्टिगोचर हुआ है। यूक्रेन को भ्रष्टाचार सूचकांक में 33 अंक मिले।

सूचकांक में 180 देशों और क्षेत्रों की रैंकिंग की गई। सोमालिया 12 अंकों के साथ सबसे नीचे रहा जबकि दक्षिण सूडान 13 अंक के साथ अंतिम स्थान से एक पहले सीरिया के साथ बराबरी पर रहा। वर्ष 1995 से संकलित, सूचकांक की गणना 13 विभिन्न डेटा स्रोतों का इस्तेमाल करके की जाती है। स्रोतों में विश्व बैंक, विश्व आर्थिक मंच और निजी जोखिम और परामर्श कंपनियां शामिल हैं।

# कीव को लड़ाकू विमानों की आपूर्ति की संभावना पश्चिमी एकता को डाल सकती है जोखिम में

**कीव।** यूक्रेन पर रूसी हमलों की शुरुआत के करीब एक साल बाद संघर्ष और तेज होने के आसार हैं और ऐसे में रूस के बलों को पीछे हटाने में मदद करने के लिए कीव को लड़ाकू विमान उपलब्ध कराने की संभावना यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगियों की एकता को जोखिम में डाल सकती है।

यूक्रेन के रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव मंगलवार को पेरिस पहुंच सकते हैं जहां आधिकारिक वार्ता के एजेंडे में यूक्रेन को लड़ाकू विमानों की संभावित आपूर्ति का विषय शामिल हो सकता है। कीव के अधिकारियों ने पश्चिमी देशों से बार-बार अपील की है कि उसे लड़ाकू विमानों की आपूर्ति की जाए। उन्होंने कहा कि रूस की हवाई क्षेत्र में सर्वोच्चता को चुनौती देने तथा भविष्य के हमलों का जवाब देने के लिए यह जरूरी है। माना जा रहा है कि यूक्रेन और रूस दोनों ही आने वाले महीनों में संभावित हमले के मद्देनजर अपने शस्त्र भंडार को बढ़ा रहे हैं। सर्दियों के मौसम में युद्ध व्यापक तौर पर रुका रहा है।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने सोमवार को कहा कि उनका देश यूक्रेन को लड़ाकू विमान भेजने की संभावना को खारिज नहीं करता, लेकिन उन्होंने इस तरह के महत्वपूर्ण कदम से पहले अनेक शर्तें गिनाईं। उन्होंने कहा कि इन शर्तों में तनाव नहीं बढ़ाना या रूस की जमीन पर उतारने के लिए विमान का इस्तेमाल नहीं करना शामिल है।


# कोविड के कारण बच्चों की सालाना पढ़ाई का हुआ भारी नुकसान

**भाषा।** लंदन

**(द कन्वरसेशन)** एक नए अध्ययन में यह पाया गया कि महामारी के दौरान लॉकडाउन ने बच्चों की पढ़ाई को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया और एक स्कूली वर्ष के दौरान बच्चों के सीखने की विशिष्ट प्रक्रिया के लगभग 35 प्रतिशत का नुकसान हुआ।

यह विश्लेषण मार्च 2020 और अगस्त 2022 के बीच 15 विभिन्न उच्च और मध्यम आय वाले देशों से प्रकाशित 42 अध्ययनों पर आधारित है (हालांकि अधिकांश आंकड़े अमेरिका, ब्रिटेन और नीदरलैंड से थे)।

शोधकर्ताओं ने पाया कि पढ़ने की तुलना में गणित में बच्चों में सीखने की कमी अधिक देखी गई। यह कमी महामारी की शुरुआत से ही दिखाई दी और स्थिर बनी रही, समय के साथ न तो हालात और बिगड़े (जैसा कि कुछ लोगों ने आशंका जताई थी) और न ही उल्लेखनीय रूप से सुधार देखने को मिला। इसलिए ऐसा प्रतीत होता है कि स्कूल बंद होने के नकारात्मक प्रभावों को सीमित करने के उद्देश्य से की गई पहल- जैसे कि घर पर पढ़ाई के लिए ऑनलाइन शिक्षण संसाधन- बच्चों की औपचारिक शिक्षा में रुकावट के शुरुआती प्रभाव को स्थिर करने में कुछ हद तक सफल रहे। ऐसा लगता है कि हम अभी तक बच्चों को उपलब्धि के उन स्तरों तक पहुंचने में सहायता करने के तरीके नहीं खोज पाए हैं जिनकी हम सामान्य परिस्थितियों में अपेक्षा कर सकते थे। और यह निम्न-आय वाले परिवारों के बच्चों के लिए विशेष रूप से सच है। यह अध्ययन सटन ट्रस्ट जैसे धर्मार्थ संस्थानों द्वारा महामारी में पहले व्यक्त की गई चिंताओं की पुष्टि करता है कि सीखने की प्रगति में सामाजिक आर्थिक असमानताएं बढ़ेंगी। उदाहरण के लिए, स्कूल बंद होने के दौरान ऑनलाइन सीखने में बदलाव ने कुछ बच्चों के लिए अतिरिक्त बाधाएं पैदा कीं। खासकर वहां जहां कंप्यूटर और इंटरनेट की उपलब्धता या तो नहीं थी या फिर बच्चों की उन तक सीधी पहुंच नहीं थी।



शिक्षा नीति संस्थान द्वारा 2017 में किए गए एक विश्लेषण में पाया गया कि लॉकडाउन के कारण वंचित पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों और उनके धनी साथियों के बीच ज्ञान प्राप्ति के अंतर को पाटने में ब्रिटेन को 50 साल का वक्त लग जाएगा। शिक्षा व बच्चों के सेवा क्षेत्र में शोध करने वाली धर्मार्थ संस्था नेशनल फाउंडेशन फॉर एजुकेशनल रिसर्च ने अनुमान लगाया कि महामारी से पहले बच्चों की शिक्षा पर गरीबी का प्रभाव कोविड के शिक्षा में व्यवधान के प्रभाव से कम से कम दोगुना था।

हालांकि अब ऐसा लग रहा है कि यह खाई और गहरी हुई है और इसे पाटने में और लंबा समय लगेगा। सवाल यह है कि क्या स्कूली बच्चों और उनके शिक्षकों के सामने आ रही चुनौतियों के बारे में विचार करने का यह सही तरीका है? छूट गई शिक्षा पर ध्यान और महामारी पूर्व के प्रदर्शन के स्तर पर बच्चों की उपलब्धि के मानदंड एक असुविधाजनक सच्चाई की उपेक्षा करते है। कई बच्चे अन्य तरीकों से महामारी से मूल रूप से प्रभावित हुए हैं जो उनकी सफलतापूर्वक सीखने की क्षमता को प्रभावित करेंगे। सीखने के पूर्व के स्तर को प्राप्त करने पर जोर देने से जरूरी नहीं कि उनपर पड़ने वाले प्रभाव का समाधान हो जाए। उदाहरण के लिए, नवंबर 2022 में हमने अहम चरण 2 (वर्ष 3-6) में बच्चों के बीच सकारात्मकता, सीखने की प्रेरणा, लचीलापन और आत्म-प्रभावशीलता पर महामारी के प्रभाव को लेकर एक श्वेत पत्र प्रकाशित किया। आत्म-प्रभावशीलता किसी व्यक्ति के इस विश्वास को संदर्भित करती है कि वे अपने लिए निर्धारित कार्यों या लक्ष्यों में सफल होने में सक्षम हैं।

हमने पाया कि महामारी के दौरान ए चारों क्षेत्र कुछ हद तक नकारात्मक रूप से प्रभावित हुए थे लेकिन बच्चों की आत्म-प्रभावकारिता की भावना सबसे अधिक प्रभावित हुई थी। अन्य सभी क्षेत्रों में हालांकि सुधार के मामूली संकेत दिखाई दिए हैं लेकिन आत्म-प्रभावशीलता विशेष रूप से कम बनी हुई है। मनोवैज्ञानिक अल्बर्ट बंडुरा के अनुसार, ऐसे कई तरीके हैं जिनसे हम अपनी आत्म-प्रभावशीलता की भावना का निर्माण करते हैं। एक ऐसे वातावरण में सफलता के प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से है जो इसे सुगम बना सकता है। यही स्कूल कर सकते हैं-वे बच्चों को सफल होने का अनुभव देने के लिए सीखने के कार्यों का प्रबंधन करते हैं। सामाजिक तुलना आत्म-प्रभावशीलता का निर्माण करने का दूसरा तरीका है। अपने जैसे दूसरों को सफल होते देख कर भी आत्म प्रभावशीलता हासिल की जा सकती है।

यदि हम बच्चों को सीखने में कमी और पिछड़ने के बारे में चर्चा करने के बजाय उपलब्धि हासिल करते हुए देखना चाहते हैं, तो हमें उन्हें पढ़ाने के अपने कुछ प्रयासों पर ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि वे अपनी क्षमताओं पर विश्वास कर सकें।

# सरकार हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ करने वालों का पासपोर्ट रद्द करे : मंदिर के पुजारी

**भाषा।** टोरंटो

**कनाडा** के ब्रैम्पटन स्थित गौरी शंकर मंदिर के संस्थापक और पुजारी ने मंगलवार को भारत सरकार से अपील की कि कनाडा में जो भी भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त हैं उनका पासपोर्ट रद्द किया जाए।

दो दशक से ब्रैम्पटन शहर में रह रहे धीरेंद्र त्रिपाठी ने कनाडा के अधिकारियों से मांग की है कि सोमवार को मंदिर में तोड-फोड़ करने और उसकी दीवारों पर भारत विरोधी संदेश लिखने वालों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाए, क्योंकि इन गतिविधियों से भारतीय समुदाय में आक्रोश है। त्रिपाठी ने कहा कि गौरी शंकर मंदिर में तोड़फोड़ की घटना को समाज विरोधी तत्वों ने सोमवार रात को अंजाम दिया।

पुजारी ने बताया कि जिस सड़क पर मंदिर है उसपर कैमरे नहीं लगे हैं।

उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, हम भारत सरकार से मांग करते हैं कि वह भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त भारतीयों का पासपोर्ट रद्द करने और कनाडा का पासपोर्ट धारण करने वालों को वीजा नहीं देने पर विचार करे ताकि वे कभी भारत नहीं लौट सके। त्रिपाठी ने कहा, खालिस्तानियों ने हमारे भीतर भय का माहौल पैदा कर दिया है। उनका हौसला बढ़ गया है और समुदाय उनकी अगली गतिविधि को लेकर अनिश्चय की स्थिति में है। कनाडा के अधिकारियों को उनकी गतिविधियों को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए।

टोरंटो स्थित भारतीय महा वाणिज्यदूतावास ने कहा कि मंदिर की दीवारों को विरूपित करने से कनाडा में रह रहे भारतीय समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं। महा वाणिज्यदूतावास ने मंगलवार को एक बयान में कहा, हमने अपनी चिंताओं से कनाडा के अधिकारियों को अवगत कराया है। कनाडा के अधिकारी इस तोड़फोड़ की घटना की जांच कर रहे हैं जो अकेला मामला नहीं है।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Thursday, 9th Feb., 2023, inter-alia, to consider and approve the Un-Audited Financial Results of the Company for the quarter ended on 31st Dec., 2022.

The information contained in this notice is also available on the Company's website www.cubical90.com as also on the website of the Stock Exchange viz. BSE Limited - www.bseindia.com

For **Cubical Financial Services Limited**
Sd/-
Place: New Delhi (Ashwani Kumar Gupta)
Date: 31-01-2023 Managing Director

**Public Notice**

This is to inform general public that Mrs. Kavita Aggarwal is the owner of the Entire Ground Floor (Without Roof Rights), "Said Floor", Built on Freehold Residential Property Bearing No. 161, area measuring 150 Sq. yds. in Block-B-2, Situated at Paschim Vihar, New Delhi-110063 vide Sale Deed dated 12.11.2020 (Doc. No. 4600). That, Mrs. Kavita Aggarwal has misplaced the below mentioned documents. **a)**Original Sale Deed dated 23.09.2005 executed by Mrs. Deepika Narang and Mrs. Sona Narang in favour of Mrs. Veena Ahuja in respect of said Floor. **b)**Original Sale Deed dated 02.09.2013 executed by Mrs. Veena Ahuja in favour of Mr. Jaideep Arora in respect of one-half Share of said Floor. **C)** Original Sale Deed dated 02.09.2013 executed by Mrs. Veena Ahuja in favour of Mrs. Monica Arora in respect of said one half of said Floor. **d)** Original Sale Deed dated 12.11.2020 executed by Mr. Jaideep Arora and Mrs. Monica Arora in favour of Mrs. Kavita Aggarwal in respect of said Floor as duly Registered with Sub-Registrar- II A Punjabi Bagh, as Doc No. 4600, Book No. 1, Vol No. 3980, Page No. 24-37 on 19.11.2020.Anyone who find the above said documents shall handover the same to the Manager of Axis Finance Ltd. having its 6/45 W.E.A. 1st Flat Gurudwara Road Karol Bagh, New Delhi – 110005. Now, Mrs. Kavita Aggarwal intending to sell the said property to Mrs. Indu Khatewala and further, Mrs. Indu Khatewala is availing loan on this property to Axis Bank Ltd. by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

# गुलामी के हर निशान, मानसिकता से मुक्ति दिलाने के लिए सरकार प्रयासरतः मुर्मू

## राष्ट्रपति का अभिभाषण

भाषा। नई दिल्ली

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू** ने मंगलवार को कहा कि आज़ादी के अमृतकाल में देश पंच प्राणों की प्रेरणा से आगे बढ़ रहा है और सरकार गुलामी के हर निशान, हर मानसिकता से मुक्ति दिलाने की दिशा में भी निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने संसद के बजट सत्र के पहले दिन, केंद्रीय कक्ष में हुई लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक में दिए गए अपने प्रथम अभिभाषण में कहा कि जो कभी राजपथ था, वह अब कर्तव्यपथ बन चुका है। उन्होंने कहा कि आज कर्तव्यपथ पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा हर भारतीय को गौरवान्वित कर रही है, तो अंडमान निकोबार में भी नेताजी और आज़ाद हिंद फौज के शौर्य को हमने सम्मान दिया है। राष्ट्रपति ने कहा, आज़ादी के अमृतकाल में देश पंच प्राणों की प्रेरणा से आगे बढ़ रहा है और सरकार गुलामी के हर निशान, हर मानसिकता से मुक्ति दिलाने की दिशा में भी निरंतर प्रयासरत है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में अमृत काल में विकसित भारत, गुलामी की हर सोच से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता व नागरिकों द्वारा अपने कर्तव्य पालन के पंच प्राण का आह्वान किया था।

मुर्मू ने कहा कि अभी कुछ ही दिन पहले सरकार ने अंडमान निकोबार द्वीप समूह में नेताजी सुभाषचंद्र बोस द्वीप पर नेताजी को समर्पित भव्य स्मारक और संग्रहालय का शिलान्यास भी किया है। मुर्मू ने कहा कि भारतीय सेना के परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर अंडमान निकोबार के 21 द्वीपों का नामकरण भी किया गया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ राष्ट्रीय समर स्मारक आज राष्ट्रीय शौर्य का प्रतीक बन गया है, वहीं नौसेना को भी अब छत्रपति वीर शिवाजी महाराज का दिया प्रतीक चिन्ह मिला है। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां भगवान बिरसा मुंडा सहित तमाम आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़े संग्रहालय बन रहे हैं, डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर के पंचतीर्थ बनाए गए हैं, वहीं दूसरी तरफ हर प्रधानमंत्री के योगदान को दर्शाने वाले प्रधानमंत्री संग्रहालय का निर्माण भी किया गया है। राष्ट्रपति ने कहा, देश ने प्रथम वीर बाल दिवस को भी पूरे गर्व और श्रद्धा से मनाया है। इतिहास की पीड़ाओं और उनके साथ जुड़ी शिक्षाओं को जागृत रखने के लिए देश में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की शुरुआत भी मेरी सरकार ने की है।



## सरकारी कदमों से बालिकाओं की ड्रॉप आउट दर में बहुत कमी आई



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि सरकार बेटियों की पढ़ाई से लेकर उनके करियर तक हर बाधा को दूर करने का प्रयास कर रही है और ऐसे कदमों से बालिकाओं की ड्रॉप आउट दर में बहुत कमी आई है। मेरी सरकार बेटियों की पढ़ाई से लेकर उनके करियर तक हर बाधा को दूर करने का प्रयास कर रही है। देश के सरकारी स्कूलों में बेटियों के लिए अलग शौचालयों का निर्माण हो या फिर सैनिटेरी पैड से जुड़ी योजना हो, इससे बेटियों की, स्कूल की पढ़ाई बीच में ही छोड़ देने की दर में बहुत कमी आई है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा जितनी भी कल्याणकारी योजनाएं शुरु की गई हैं, उनके केंद्र में महिलाओं का जीवन आसान बनाना, महिलाओं को रोजगार-स्वरोजगार के नए अवसर देना और महिला सशक्तिकरण रहा है। महिला उत्थान में जहां पुरानी धारणाओं और पुरानी मान्यताओं को तोड़ना भी पड़ा, उससे भी सरकार पीछे नहीं हटी है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की सफलता आज हम देख रहे हैं। सरकार के प्रयासों से समाज में जो चेतना आई, उससे बेटियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। देश में पहली बार पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या अधिक हुई है एवं महिलाओं का स्वास्थ्य भी पहले के मुकाबले और बेहतर हुआ है।

राष्ट्रपति बजट सत्र के पहले दिन संसद के ऐतिहासिक केंद्रीय कक्ष में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रही थीं। मुर्मू ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान हो या फिर प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना हो, इनसे मां और बच्चे, दोनों के जीवन को बचाने में सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना की भी लगभग 50 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं ही हैं। स्वच्छ भारत अभियान से महिलाओं की गरिमा तो बढ़ी ही है, इससे एक सुरक्षित माहौल भी उन्हें मिला है। सुकन्या समृद्धि योजना से देशभर की करोड़ों बेटियों के बेहतर भविष्य के लिए पहली बार बचत खाते खुले हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी बेटियों की शिक्षा के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि किसी भी काम, किसी भी कार्यक्षेत्र में महिलाओं के लिए कोई बंदिश न हो और इसीलिए खनन से लेकर सेना में अग्रिम मोर्चों तक, हर क्षेत्र में महिलाओं की भर्ती को खोल दिया गया है। सैनिक स्कूलों से लेकर मिलिट्री ट्रेनिंग स्कूलों तक में, अब हमारी बेटियां पढ़ाई और ट्रेनिंग कर रही हैं। यह मेरी सरकार ही है जिसने मातृत्व अवकाश को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह किया है।

## संसद में प्रयास मुश्किल लक्ष्य का निर्धारण और उन्हें हासिल करना होना चाहिए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की यात्रा अनंत गौरवों से भरी हुई है और ऐसे में लोकतंत्र के केंद्र के रूप में संसद में सभी का प्रयास मुश्किल लगने वाले लक्ष्य तय करना और उसे हासिल करने का होना चाहिए। राष्ट्रपति ने बजट सत्र के पहले दिन ऐतिहासिक केंद्रीय कक्ष में संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में कहा, लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की यात्रा अनंत गौरवों से भरी हुई है। हमने लोकतंत्र को एक मानवीय संस्कार के रूप में विकसित, समृद्ध किया है। उन्होंने कहा कि हज़ारों वर्षों के अतीत की तरह ही, आने वाली सदियों में भी भारत मानवीय सभ्यता की अविरल धारा की तरह अनवरत गतिमान रहेगा। मुर्मू ने कहा, भारत का लोकतंत्र समृद्ध था, सशक्त था, और आगे भी सशक्त होता रहेगा। भारत की जीवटता अमर थी, आगे भी अमर रहेगी। भारत का ज्ञान-विज्ञान और अध्यात्म सदियों से विश्व का मार्गदर्शन करता रहा है, और आने वाली सदियों में भी विश्व को इसी तरह राह दिखाएगा। उन्होंने कहा कि भारत के आदर्श और मूल्य, अंधकार से भरे गुलामी के दौर में भी अक्षुण्ण रहे हैं, और ए आगे भी अक्षुण्ण बने रहेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि एक राष्ट्र के रूप में भारत की पहचान अतीत में भी अमर थी, और भविष्य में भी अमर रहेगी। मुर्मू ने कहा, लोकतंत्र के केंद्र, इस संसद में हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम मुश्किल लगने वाले लक्ष्य तय करें और उन्हें हासिल करके दिखाएं। जो कल होना है उसे आज पूरा करने की कोशिश करें। जिसे दूसरा कोई आने वाले दिनों में करने के बारे में सोच रहा है उसे हम भारतवासी पहले करके दिखा दें। उन्होंने सदस्यों का आह्वान करते हुए कहा, आइए, अपने लोकतन्त्र को समृद्ध करते हुए हम उस वेद-वाक्य को आत्मसात करें जिसमें कहा गया है- संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम, जिसका अर्थ है कि हम सब एक साथ कदम से कदम मिलाकर चलें, हमारे संकल्प स्वरों में एकता का प्रवाह हो और हमारे अन्त:करण एक दूसरे से जुड़े हुए हों। राष्ट्रपति ने सदस्यों से यह भी आह्ववान किया कि राष्ट्र निर्माण के इस महायज्ञ में वे अपने कर्तव्य पथ पर चलते हुए संविधान की शपथ को पूरा करें।

## रेलवे आधुनिक अवतार में सामने आ रही, अनेक दुर्गम क्षेत्र भी जुड़ रहे हैं इसके नेटवर्क से

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि भारतीय रेलवे अपने आधुनिक अवतार में सामने आ रही है और देश के रेलवे मानचित्र में कई दुर्गम क्षेत्र भी जुड़ गए हैं। उन्होंने बजट सत्र के प्रथम दिन संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा, भारतीय रेलवे अपने आधुनिक अवतार में सामने आ रही है और देश के रेलवे मानचित्र में अनेक दुर्गम क्षेत्र भी जुड़ रहे हैं। जम्मू कश्मीर और पूर्वोत्तर के दुर्गम क्षेत्रों को भी रेलवे से जोड़ा जा रहा है। मुर्मू ने संसद के केंद्रीय कक्ष में अपने अभिभाषण में कहा, वंदे भारत एक्सप्रेस के रूप में एक आधुनिक और सेमी हाईस्पीड ट्रेन भारतीय रेल का हिस्सा बन चुकी है। देश के बड़े रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाया जा रहा है। भारतीय रेलवे दुनिया का सबसे बड़ा बिजली से चलने वाला रेलवे नेटवर्क बनने की दिशा में तेज़ी से अग्रसर है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय रेल को सुरक्षित बनाने के लिए स्वदेशी तकनीक कवच का भी तेजी से विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में पिछले आठ वर्षों के दौरान 55 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है और जल्द ही भारतमाला परियोजना के तहत देश के 550 से ज्यादा जिले राजमार्ग से जुड़ जाएंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि अर्थव्यवस्था को गति देने वाले गलियारों की संख्या छह से बढ़कर 50 होने वाली है। उन्होंने कहा कि देश का विमानन क्षेत्र भी तेजी से आगे बढ़ रहा है और 2014 में जहां देश में हवाई अड्डों की संख्या 74 थी वह अब बढ़कर 147 हो गई है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया का तीसरा बड़ा विमानन बाजार बन गया है और इसमें उड़ान योजना की भी अहम भूमिका रही है।



## आयुष्मान भारत योजना के कारण 50 करोड़ से अधिक लोगों का मुफ्त उपचार हुआ : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रव्यापी आयुष्मान भारत योजना गरीबों के लिए बेहद मददगार साबित हुई है और इसके तहत 50 करोड़ से अधिक देशवासियों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी गई है। बजट सत्र के पहले दिन संसद की संयुक्त बैठक में अपने पहले अभिभाषण में मुर्मू ने यह भी कहा कि भारत ने कोविड महामारी से बचाव के लिए दो साल में कोविड रोधी टीके की 220 करोड़ से अधिक खुराक लोगों को दी हैं। उन्होंने अपने अभिभाषण में कहा, गरीबी हटाओ- अब केवल नारा नहीं रह गया है। अब मेरी सरकार द्वारा गरीब की चिंताओं का स्थाई समाधान करते हुए, उसे सशक्त बनाने का काम किया जा रहा है।



राष्ट्रपति ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना ने देश के करोड़ों गरीबों को और गरीब होने से बचाया है और उनके 80 हजार करोड़ रुपए बीमारियों के इलाज पर खर्च होने से बचाए हैं। उन्होंने कहा, गरीबी का एक बहुत बड़ा कारण बीमारी होती है। गंभीर बीमारी की वजह से गरीब परिवार का हौसला पूरी तरह से टूट जाता है, और इलाज पर भारी भरकम खर्च की वजह से उसकी पीढ़ियां कर्ज में डूब जाती हैं। गरीब को इस चिंता से मुक्त करने के लिए राष्ट्रव्यापी आयुष्मान भारत योजना शुरु की गई। इसके तहत 50 करोड़ से अधिक देशवासियों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी गई।

मुर्मू ने कहा, आयुष्मान भारत योजना ने देश के करोड़ों गरीबों को और अधिक गरीब होने से बचाया है, उनके 80 हजार करोड़ रुपए बीमारियों के इलाज पर खर्च होने से बचाए हैं। उन्होंने कहा कि आज देशभर में करीब नौ हजार जन औषधि केन्द्रों में बहुत कम कीमत में दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं जिससे बीते कुछ सालों में गरीबों के करीब 20 हजार करोड़ रुपए बचे हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि इस तरह सिर्फ आयुष्मान भारत और जन औषधि परियोजना से ही देशवासियों को एक लाख करोड़ रुपए की मदद हुई है। मुर्मू ने यह भी कहा कि भारत ने कोविड महामारी से बचाव के लिए दो साल में कोविड रोधी टीके की 220 करोड़ से अधिक खुराक लोगों को दी हैं। उन्होंने कहा कि आज हर जिले में सरकार मेडिकल कॉलेज भी बनवा रही है। उन्होंने कहा साल 2004 से 2014 के बीच देश में जहां 145 मेडिकल कॉलेज खुले थे, वहीं मेरी सरकार के दौरान 2014 से 2022 तक 260 से अधिक मेडिकल कॉलेज खोले जा चुके हैं। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट सीटों की संख्या अब पहले के मुकाबले देश में दोगुनी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि आज भारत जहां योग और आयुर्वेद जैसी अपनी पुरातन विधाओं को पूरी दुनिया तक पहुंचा रहा है, वहीं दूसरी तरफ वह, विश्व की फार्मेसी की नई पहचान को भी सशक्त कर रहा है।

## इस्तेमाल करो और छोड़ो की प्रवृत्ति नीतीश कुमार की कार्य संस्कृति में शामिलः चिराग

**नई दिल्ली।** लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के नेता चिराग पासवान ने मंगलवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस दावे के लिए उन पर चुटकी ली कि वह मरते दम तक भाजपा के साथ दोबारा हाथ नहीं मिलाएंगे। चिराग ने कहा कि नीतीश की कार्य संस्कृति में इस्तेमाल करो और छोड़ो की प्रवृत्ति शामिल है और वह पहले भी इस तरह के बयान दे चुके हैं। चिराग पासवान ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि नीतीश कुमार पर भरोसा नहीं किया जा सकता क्योंकि उन्होंने सत्ता की चाह में बार-बार राजनीतिक दलों और लोगों का इस्तेमाल किया है और पहले भी अपने सहयोगी राजद और भाजपा को छोड़कर उन्होंने यही दावा किया था कि फिर कभी इनसे हाथ नहीं मिलाएंगे। इस्तेमाल करना और छोड़ना उनकी संस्कृति का हिस्सा है। इसी तरह का व्यवहार उन्होंने जॉर्ज फर्नांडीज और शरद यादव के साथ किया था। वह उपेंद्र कुशवाहा के साथ भी इसी तरह का बर्ताव कर रहे हैं।

## मैं अपना हिस्सा चाहता हूं जैसे नीतीश ने लालू को चुनौती देते हुए मांगा था : कुशवाहा

**पटना।** जनता दल (यूनाइटेड) के असंतुष्ट नेता उपेंद्र कुशवाहा ने मंगलवार को अपनी बगावत की तुलना उस चुनौती से की जो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तीन दशक पहले राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को दी थी। जद(यू) संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष कुशवाहा ने कहा कि कुमार के लिए उनके मन में अगाध श्रद्धा है, लेकिन जोर दिया कि वह (नीतीश) अपने निर्णय नहीं ले पा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप जद (यू) कमजोर हो गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री कुशवाहा ने कहा, मुझे यह स्पष्ट करने के लिए कहा गया कि पार्टी में अपने हिस्से का दावा करने से मेरा क्या मतलब है। मैं आज वह कर रहा हूं। मैं उसी हिस्से की बात कर रहा हूं जो नीतीश कुमार ने 1994 की प्रसिद्ध रैली में मांगा था जब लालू प्रसाद हमारे नेता को उनका हक देने से हिचक रहे थे।

कुशवाहा पटना में आयोजित लव कुश रैली का जिक्र कर रहे थे जिसका मकसद बिहार में यादव जाति के राजनीतिक वर्चस्व में पीछे छूटे कुर्मी-कोइरी जाति के लोगों को एकजुट करना था। रैली में कुमार की उपस्थिति ने अविभाजित जनता दल से उनके अलग होने और एक स्वतंत्र राजनीतिक यात्रा की रूपरेखा तय की थी। कुशवाहा मार्च, 2017 में अपनी राष्ट्रीय लोक समता पार्टी का विलय करने के बाद जद (यू) में लौटे थे। कुशवाहा ने कहा कि संसदीय बोर्ड के प्रमुख के रूप में उनके पास कोई शक्तियां नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह पद एक तरह का झुनझुना है।

कुशवाहा ने कहा, मैं अतीत में राज्यसभा छोड़ चुका हूं और केंद्रीय मंत्रिपरिषद से भी हट गया था...अगर उन्हें लगता है कि ए मेरे लिए बड़े विशेषाधिकार हैं तो पार्टी मेरे सभी पद वापस ले सकती है और विधान परिषद सदस्य का दर्जा भी छीन सकती है। कुशवाहा ने दावा किया कि 2013 के विपरीत जब जद (यू) ने पहली बार भाजपा से नाता तोड़ा था, बिखराव का खतरा अब हमारी पार्टी पर मंडरा रहा है। क्या वह उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव के उभार से खतरा महसूस करते हैं, इस सवाल के सीधे जवाब से बचते हुए उन्होंने कहा, मुझे यह कहना होगा कि मुख्यमंत्री अपने सार्वजनिक बयानों में यह कहते रहे हैं कि उनके सभी कदम, 2017 में भाजपा के साथ फिर से जुड़ना, पिछले साल अलग होना और महागठबंधन में शामिल होना और यहां तक कि चुनावों में उम्मीदवारों का चयन भी दूसरों के इशारे पर किया गया...वहीं समस्या है। वह अपना निर्णय नहीं ले पा रहे। कुशवाहा ने यह भी दावा किया कि अति पिछड़ा वर्ग का जद (यू) से मोहभंग हो रहा है। भोजपुर जिले में अपने काफिले पर हुए हमले का जिक्र करते हुए कुशवाहा ने आरोप लगाया कि स्थानीय प्रशासन ने मामले को दबाने की कोशिश की और उन्होंने इस मामले में पुलिस महानिदेशक या मुख्य सचिव के व्यक्तिगत हस्तक्षेप की मांग की।

## विशाखापत्तनम राज्य की नई राजधानी होगीः आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई. एस. जगन मोहन रेड्डी ने मंगलवार को कहा कि राज्य की राजधानी को विशाखापत्तनम स्थानांतरित किया जाएगा। मार्च में विशाखापत्तनम में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारी संबंधी बैठक को संबोधित करते हुए रेड्डी ने कहा कि वह आने वाले महीनों में बंदरगाह शहर में अपना कार्यालय स्थानांतरित करेंगे। उन्होंने कहा, यहां मैं आपको विशाखापत्तनम में आमंत्रित कर रहा हूं, जो आने वाले दिनों में हमारी राजधानी बनने जा रहा है। मैं खुद भी आने वाले महीनों में विशाखापत्तनम से कामकाज करूंगा। आंध्र प्रदेश की राजधानी अभी अमरावती है। जगन मोहन रेड्डी सरकार ने पिछले साल नवंबर में, विवादास्पद आंध्र प्रदेश विकेंद्रीकरण और सभी क्षेत्रों का समावेशी विकास अधिनियम, 2020 को निरस्त कर दिया था। उनका मकसद राज्य के लिए तीन राजधानियां स्थापित करना है।

## केंद्र का बेनामी कानून पर पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई करने का अनुरोध

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बेनामी लेनदेन (निषेध) संशोधन कानून, 2016 के कई प्रावधानों को रद्द करने वाले फैसले की समीक्षा करने की उसकी याचिका पर मंगलवार को उच्चतम न्यायालय से खुली अदालत में सुनवाई करने का अनुरोध किया। तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण की अगुवाई वाली तीन सदस्ईय पीठ ने पिछले साल 23 अगस्त को बेनामी लेनदेन (निषेध) कानून, 1988 की धारा 3(2) और धारा 5 तथा उस प्रावधान को रद्द कर दिया था जिसके तहत बेनामी लेनदेन में शामिल होने पर तीन साल की अधिकतम जेल की सजा या जुर्माना या दोनों सजा दी जा सकती थी।

केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा की पीठ से अनुरोध किया कि मामले की महत्ता को ध्यान में रखते हुए पुनर्विचार याचिका पर खुली अदालत में सुनवाई की जाए। मेहता ने कहा, यह एक असामान्य अनुरोध है। हम फैसले की समीक्षा को लेकर खुली अदालत में सुनवाई करने का अनुरोध करते हैं। इस फैसले के कारण कई आदेश पारित किए जा रहे हैं जबकि बेनामी कानून के कुछ प्रावधानों को चुनौती तक नहीं दी गई है।

इस पर सीजेआई ने कहा, हम इस पर विचार करेंगे। मृत्युदंड के मामलों को छोड़कर पुनर्विचार याचिका पर फैसला आमतौर पर संबंधित न्यायाधीश अपने चैम्बर में करते हैं। शीर्ष न्यायालय ने पिछले साल 23 अगस्त को बेनामी कानून के कुछ प्रावधानों को रद्द कर दिया था। इनमें से एक प्रावधान के तहत बेनामी लेनदेन में शामिल होने पर तीन साल की अधिकतम जेल की सजा या जुर्माना या दोनों सजा दी जा सकती थी। उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट रूप से मनमाना होने के आधार पर इस प्रावधान को असंवैधानिक करार दिया था।

## बाबासाहेब आम्बेडकर की जन्मस्थली महू को खंडवा से जोड़ने वाली 150 साल पुरानी छोटी रेल लाइन बंद

**इंदौर।** पश्चिमी मध्य प्रदेश में रेलवे की विरासत से जुड़ी करीब 150 साल पुरानी छोटी (मीटर गेज) रेल लाइन पर ट्रेनों की आवाजाही इसके गेज में बदलाव की जारी परियोजना के चलते मंगलवार से अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर से संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जन्मस्थली महू को जोड़ने वाली यात्री ट्रेन के मंजिल पर पहुंचते ही यह रेल लाइन इतिहास के पन्नों में समा गई। चश्मदीदों ने बताया कि ओंकारेश्वर रोड स्टेशन से इस रेलगाड़ी को उसके आखिरी सफर पर रवाना किए जाने से पहले यात्रियों ने ट्रेन के लोको पायलट (चालक) दौलतराम मीणा और उनके सहयोगियों को माला पहनाई। यात्रियों ने ट्रेन पर "मीटर गेज को आखिरी सलाम" और "छोटी लाइन बहुत याद आओगी" जैसे भावुक संदेश भी लिखे। इंदौर से करीब 70 किलोमीटर दूर ओंकारेश्वर रोड स्टेशन से ट्रेन में सवार यात्रियों में शामिल मोहम्मद शाहिद ने कहा, इस रेल के आखिरी सफर का गवाह बनने पर हमें काफी दु:ख हो रहा है। महू (डॉ. आम्बेडकर नगर) और इंदौर आने-जाने के लिए यह ट्रेन हमारा आसान और सुविधाजनक जरिया था। अब हमें मजबूरन बस से सफर करना पड़ेगा। पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीणा ने बताया कि महू से खंडवा के बीच करीब 90 किलोमीटर में फैली छोटी लाइन को बड़ी लाइन (ब्रॉडगेज) में बदले जाने की जारी परियोजना के चलते छोटी लाइन को अनिश्चितकाल के लिए बंद किया गया है। उन्होंने बताया कि इस लाइन पर महू-ओंकारेश्वर रोड-महू यात्री ट्रेन का परिचालन किया जा रहा था, जिसे अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है। महू से खंडवा के बीच की छोटी लाइन के पातालपानी-कालाकुंड खंड को विरासत ट्रैक घोषित किए जाने के बाद रेलवे ने इस पर 25 दिसंबर 2018 से महू-कालाकुंड-महू हैरिटेज ट्रेन चलानी शुरू की थी। मीणा ने बताया कि छोटी लाइन पर रेलों की आवाजाही थमने के बाद यह हैरिटेज ट्रेन भी अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दी गई है।

## मोरबी पुल का संचालन करने वाली कंपनी के प्रबंध निदेशक ने अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण किया

भाषा। मोरबी (गुजरात)

**पिछले साल मोरबी** में झूलता पुल टूटने की घटना में आरोपी ओरेवा समूह के प्रबंध निदेशक जयसुख पटेल ने मंगलवार को एक अदालत में आत्मसमर्पण किया, जिसने उन्हें जेल भेज दिया। पटेल पर मामले में गैर इरादतन हत्या का आरोप है। पिछले साल 30 अक्टूबर को गुजरात के मोरबी शहर में पुल के टूट जाने से कम से कम 135 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। पटेल की कंपनी पर पुल के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी थी। पटेल ने मोरबी स्थित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) की अदालत के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, जिसने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। अदालत ने आत्मसमर्पण की पटेल की अर्जी को स्वीकार करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

पुलिस द्वारा 27 जनवरी को दाखिल आरोप पत्र में पटेल को एक आरोपी के रूप में नामजद किया गया था। अजंता मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड (ओरेवा ग्रुप) मोरबी में मच्छू नदी पर ब्रिटिश काल के झूलता पुल के संचालन और रखरखाव के लिए जिम्मेदार थी, जो मरम्मत के कुछ दिनों बाद पिछले साल 30 अक्टूबर को टूट गया था। मामले में पीड़ितों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील दिलीप अगेचानिया ने कहा, जयसुख पटेल ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एम जे खान की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया, जिसने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 70 के तहत उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

जैसे ही ओरेवा समूह के प्रबंध निदेशक आत्मसमर्पण के लिए पहुंचे, अदालत के बाहर एकत्र पीड़ितों के नाराज परिजन उनके खिलाफ नारेबाजी करने लगे। आत्मसमर्पण के बाद पटेल को चिकित्सीय जांच के लिए ले जाया गया। मोरबी के पुलिस अधीक्षक राहुल त्रिपाठी ने कहा, जयसुख पटेल ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। हम जल्द ही अदालत से उनकी हिरासत मांगने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। सीजेएम की अदालत में पुलिस उपाधीक्षक पी एस जाला द्वारा दाखिल।,200 से अधिक पन्नों के आरोप पत्र में, पटेल का जिक्र दसवें आरोपी के रूप में किया गया था। उन्होंने गिरफ्तारी की आशंका के मद्देनजर अग्रिम जमानत याचिका भी दायर की थी। पुल टूटने की घटना के एक दिन बाद पुलिस ने मामले में नौ लोगों को गिरफ्तार किया था, जिनमें ओरेवा समूह के दो प्रबंधक, टिकट बेचने वाले दो क्लर्क, पुल की मरम्मत करने वाले दो उप-ठेकेदार और भीड़ प्रबंधन करने वाले तीन सुरक्षा गार्ड थे। जांच रिपोर्ट से यह भी पता चला कि अहमदाबाद के ओरेवा समूह ने मरम्मत और नवीनीकरण कार्य के बाद लोगों के लिए खोलने से पहले पुल की भार वहन क्षमता का आकलन करने के लिए किसी विशेषज्ञ एजेंसी को नियुक्त नहीं किया था।

## हत्या और आगजनी में वांछित माओवादी ने आत्मसमर्पण किया

भाषा। दंतेवाड़ा

**हत्या और आगजनी** के कम से कम नौ मामलों में कथित तौर पर संलिप्त एक माओवादी ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ के दांतेवाड़ा जिले में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजू लेकाम (35) पड़ोसी बीजापुर जिले के बैरमगढ़ क्षेत्र में माओवादियों के जनताना सरकार इकाई में सक्रिय था और उसके सिर पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित था। अधिकारी ने बताया कि पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने के दौरान लेकाम ने बताया कि उसने पुलिस के पुनर्वास कार्यक्रम लोन र्वातु से प्रभावित होकर और माओवादियों की खोखली विचारधारा से हताश होकर यह कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि लेकाम एक दशक से अधिक समय से प्रतिबंधित संगठन से जुड़ा हुआ था और हत्या, पुलिस टीम पर हमले, इलाके में रेल पटरियों को उखाड़ने सहित कम से कम नौ मामलों में वांछित था। अधिकारी ने बताया कि लेकाम वर्ष 2013 से 2020 तक दक्षिण बस्तर में चार लोगों की हत्या के अलग-अलग मामले में वांछित था जिन पर उसने पुलिस मुखबिर होने का आरोप लगाया था। उन्होंने बताया कि जून 2020 में पुलिस द्वारा शुरू लोन र्वातु (अपने घर या गांव को लौटो) योजना के तहत अब तक 150 इनामी सहित कुल 592 माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

## नगालैंड में सरकार बनाने के लिए चुनाव बाद गठबंधन के लिए तैयार एनपीएफ

भाषा। कोहिमा

**नगालैंड** के सबसे पुराने क्षेत्रीय दलों में से एक, नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) का कहना है कि यदि विधानसभा चुनाव के बाद पार्टी सत्ता में आती है तो नगा राजनीतिक मुद्दे के समाधान के लिए जोर दिया जाएगा। नगालैंड की 60 सदस्ईय विधानसभा के लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है। एनपीएफ विधायक दल के नेता कुझोलुजो नीनू ने दिए एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि चुनाव पूर्व गठबंधन नहीं होने से एनपीएफ अगली सरकार बनाने के लिए किसी भी राजनीतिक दल के साथ चुनाव बाद की रणनीति तय करने को तैयार है। उन्होंने कहा, हम राज्य में किसी भी राजनीतिक दल के साथ सरकार बनाने या उसमें शामिल होने के लिए तैयार हैं, क्योंकि चुनाव के बाद नगा राजनीतिक मुद्दे का समाधान बहुत आवश्यक होगा।

एनपीएफ की केंद्रीय कार्यकारिणी परिषद (सीईसी) ने फैसला किया है कि एनपीएफ अगली सरकार बनाने के लिए नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) और भाजपा सहित किसी भी राजनीतिक दल के साथ चुनाव के बाद गठबंधन के लिए तैयार रहेगी।

एनपीएफ ने 2003 से 2018 तक राज्य में तीन बार शासन किया था। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में एनपीएफ ने 60 सदस्ईय सदन में 58 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए थे और 26 सीटों पर जीत हासिल की थी। सितंबर 2021 में, यह संयुक्त लोकतांत्रिक गठबंधन बनाने के लिए सत्तारूढ़ एनडीपीपी और भाजपा के साथ आ गई। हालांकि, अप्रैल 2022 में, पूर्व मुख्यमंत्री टीआर जेलियांग के नेतृत्व वाले 21 विधायकों के एक समूह का एनडीपीपी में विलय हो गया था। उन्होंने कहा, भारत सरकार नगा राजनीतिक मुद्दे को हल करने के प्रति बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। हम इस मुद्दे पर संतुष्ट नहीं हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 1 फरवरी, 2023



# निर्णायक मुकाबले में नजरें भारत के शीर्ष क्रम पर




**भाषा।** अहमदाबाद

**भारतीय** टीम बुधवार को यहां तीसरे और निर्णायक टी20 अंतरराष्ट्रीय में जब न्यूजीलैंड से भिड़ेगी तो मेजबान देश के शीर्ष क्रम के युवा बल्लेबाजों पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होगा। यह कहना उचित होगा कि रोहित शर्मा, विराट कोहली और लोकेश राहुल जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में शुभमन गिल, इशान किशन और राहुल त्रिपाठी की तिकड़ी मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रही है।

बुधवार को होने वाले मुकाबले के बाद भारत लंबे समय तक टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले नहीं खेलेगा जिसके चलते युवा खिलाड़ियों के पास ऑस्टेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले अपनी छाप छोड़ने का अंतिम मौका है। बांग्लादेश में दोहरा शतक जड़ने के बाद से इशान बल्लेबाजी में लय हासिल करने में नाकाम रहे हैं जबकि टर्न होती गेंद के खिलाफ गिल को भी परेशानी का सामना करना पड़ा है। गिल एकदिवसीय प्रारूप की फॉर्म को टी20 में दोहराने में विफल रहे हैं। नियमित रूप से तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले कोहली की गैरमौजूदगी में मिले मौकों का त्रिपाठी फायदा नहीं उठा पाए हैं। रविवार को सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या की पारियों ने भारत बड़ी मुश्किल से 100 रन के लक्ष्य को हासिल करने में सफल हो पाया। श्रृंखला की पिचें समीक्षा के दायरे में हैं और देखना होगा कि नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खिलाड़ियों को एक बार फिर स्पिन की अनुकूल पिच का सामना करना पड़ता है या नहीं। गेंदबाजी विभाग में युजवेंद्र चहल और कुलदीप यादव के एक साथ खेलने से भारत को विरोधी टीम पर दबाव बनाने में मदद मिली है। दूसरे टी20 में पिच से काफी मदद मिलने के बावजूद चहल से सिर्फ दो ओवर गेंदबाजी कराना काफी हैरानी भरा था जबकि इस लेग स्पिनर ने सलामी बल्लेबाज फिन एलेन को भी आउट किया था। नोबॉल से जूझने के बाद तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह लखनऊ में शानदार लय में दिखे जिससे निर्णायक मुकाबले से पहले उनका मनोबल बढ़ा होगा। इस श्रृंखला के साथ वापसी करने वाले पृथ्वी साव को खिलाने की मांग हो रही है लेकिन निर्णायक मैच में कप्तान पंड्या के अंतिम एकादश में बदलाव करने की संभावना नहीं है।

दूसरी तरफ न्यूजीलैंड को अपने मध्यक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। भारत में श्रृंखला जीतने की उपलब्धि न्यूजीलैंड की टीम को प्रेरित करने के लिए काफी है। ग्लेन फिलिप्स अब तक अपनी आक्रामक बल्लेबाजी का नजारा पेश नहीं कर पाए हैं और टीम को बुधवार को उनसे मैच विजेता पारी की उम्मीद होगी। एकदिवसीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने वाले माइकल ब्रेसबेल से भी बड़ी पारी की उम्मीद है। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले मार्क चैपमैन की नजरें भी बड़ी पारी पर टिकी हैं। न्यूजीलैंड ने पिछले मैच में आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया जिसमें चार स्पिनरों ने अपने कोटे के ओवर पूरे किए। दो साल पहले यहां खेले गए पिछले टी20 में 200 से अधिक रन बने थे और लखनऊ में कम स्कोर वाले मैच के बाद प्रशंसकों को एक बार फिर बड़ा स्कोर देखने की उम्मीद होगी।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत:**- हार्दिक पंड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, इशान किशन, शुभमन गिल, पृथ्वी साव, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक, शिवम मावी और मुकेश कुमार।

**न्यूजीलैंड:**- मिशेल सेंटनर (कप्तान), फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, डेन क्लीवर, जेकब डफी, लॉकी फर्ग्युसन, बेंजामिन लिस्टर, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, माइकल रिपन, हेनरी शिपले, ईश सोढ़ी और ब्लेयर टिकनर।

**समय:**- मैच शाम सात बजे शुरू होगा।

## भुट की शतकीय पारी ने सौराष्ट्र को संभाला

**राजकोट (भाषा)।** नौवें क्रम पर बल्लेबाजी करने आए पार्थ भुट की नाबाद शतकीय पारी से सौराष्ट्र ने खराब शुरूआत से उबरते हुए रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मंगलवार को पंजाब के खिलाफ शुरूआती दिन अपनी पहली पारी में 303 रन बनाए। भुट जब क्रीज पर आए थे तब सौराष्ट्र का स्कोर सात विकेट पर 147 रन था और टीम ने इसी स्कोर पर आठवां विकेट भी गंवा दिया। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने बल्ले से कमाल करते हुए 155 गेंद की पारी में 11 चौके और चार छक्के की मदद से नाबाद 111 रन बनाने के अलावा आखिरी दो बल्लेबाजों के साथ 156 रन की जोड़कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। भुट ने तेज गेंदबाज चेतन सकारिया (22) के साथ नौवें विकेट के लिए 61 और युवराज सिंह डोडिया के साथ 10वें विकेट के लिए 95 रन की साझेदारी की। पंजाब के लिए स्पिन गेंदबाज मयंक मारकंडे ने चार तो वही तेज गेंदबाज बलतेज सिंह ने तीन विकेट लिए।

# मेजबान टीम का विरोधी को स्तरीय तैयारी का मौका न देना पसंद नहीं: इयान हीली

**भाषा।** मेलबर्न



**ऑस्ट्रेलिया** के पूर्व दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज इयान हीली ने भारत पर निशाना साधते हुए कहा कि पैट कमिंस की टीम आगामी टेस्ट दौरे से पहले उपमहाद्वीप में अभ्यास मैच इसलिए नहीं खेल रही क्योंकि वे मेजबान देश द्वारा मुहैया कराई जाने वाली सुविधाओं पर विश्वास नहीं करते। ऑस्ट्रेलिया चार टेस्ट मैचों की बोर्डर-गावस्कर श्रृंखला से पहले दौरे पर एक भी अभ्यास मैच नहीं खेलेगा।

टीम के एक सदस्य उस्मान ख्वाजा ने हाल ही में कहा था कि अभ्यास मैच खेलने का कोई मतलब नहीं था क्योंकि भारत में अभ्यास मैच और वास्तविक मैच के लिए तैयार विकेट काफी अलग थे। ख्वाजा ने इस महीने की शुरुआत में संवाददाता में कहा था, क्या आप कभी हमारे (ऑस्ट्रेलिया) साथ दौरे से पहले गए हैं? जब हम खेलते हैं तो वे स्पिन के अनुकूल विकेट हो सकते हैं लेकिन हम अभ्यास मैचों में उतरते हैं तो वहां (भारत में) वे हमें गाबा जैसे हरे विकेट देते हैं, तो फिर खेलने का क्या मतलब है। हीली ने ख्वाजा के सुझाव का समर्थन करते हुए कहा कि दौरे पर जाने से पहले स्पिनरों को सिडनी में भारत के जैसी पिचों से सामंजस्य बैठाने का मौका देना बेहतर विचार था। हीली ने सोमवार को एसईएन रेडियो पर कहा, हमने सिडनी में अपने स्पिनरों को रणनीतिक चर्चा(भारत जैसी पिचों पर) के लिए एकत्रित किया ... हमें अब भरोसा नहीं है कि देश को वे सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी जिनका आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि वैसे हम भी इसका हिस्सा रहे हैं... जब (इंग्लैंड में) हमारी संभावनाएं खत्म हो जाती हैं तो हम अपना समय उन कमजोर काउंटी टीमों के बारे में शिकायत करने में बिताते हैं जिन्हें इंग्लैंड ने श्रृंखला से पहले हमारा विरोधी बनाया था।

हीली ने कहा कि वह दौरे के अभ्यास मैच और वास्तविक मैचों के लिए अलग-अलग तरह के विकेट तैयार करने के चलन को पसंद नहीं करते हैं क्योंकि यह विश्वास का उल्लंघन है। उन्होंने कहा, क्रिकेट में हमारा ध्यान अपने सर्वश्रेष्ठ और उभरते हुए क्रिकेटरों को अवसर और अनुभव हासिल कराने से हट गया है... अब हम बहुप्रतीक्षित श्रृंखला से पहले दौरे पर आने वाली टीमों की स्तरीय तैयारी मुहैया नहीं कराते और मुझे यह पसंद नहीं है।

## लखनऊ की पिच तैयार करने वाले क्यूरेटर को बर्खास्त किया गया

**नई दिल्ली( भाषा )।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम की पिच तैयार करने वाले क्यूरेटर को पद से हटा दिया गया है। इस मुकाबले की पिच उम्मीद के मुताबिक नहीं थी और इस पर बल्लेबाजों को काफी जूझना पड़ा था। भारत ने भले ही यह मुकाबला एक गेंद शेष रहते जीत लिया हो लेकिन कप्तान हार्दिक पंड्या ने पिच की आलोचना करते हुए इसे स्तब्ध करने वाली करार दिया था। न्यूजीलैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 99 रन ही बना सकी जबकि भारत को भी स्पिन की अनुकूल पिच पर लक्ष्य का पीछा करते हुए काफी समस्या हुई। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, क्यूरेटर को हटा दिया गया है और उसकी जगह संजीव कुमार अग्रवाल लेंगे जो काफी अनुभवी क्यूरेटर हैं। हम एक महीने में चीजों को बदल देंगे।

# जैसी भी पिच मिले उससे कोई शिकायत नहीं: सूर्यकुमार

**भाषा।** अहमदाबाद



**भारतीय** टी-20 टीम के उपकप्तान सूर्यकुमार यादव ने इकाना स्टेडियम की पिच विवाद को तवज्जो नहीं देते हुए मंगलवार को कहा कि पिच ज्यादा मायने नहीं रखती और वे किसी भी तरह की सतह पर खेलने के लिए तैयार है। भारतीय कप्तान हार्दिक पंड्या ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 रन के लक्ष्य को आखिरी ओवर में मुश्किल से हासिल करने के बाद लखनऊ की पिच को हैरान करने वाला बताया था।

पिच के असामान्य व्यवहार के लिए क्यूरेटर को दोषी ठहराया गया और उसे बर्खास्त कर दिया गया। सूर्यकुमार ने श्रृंखला के तीसरे और आखिरी टी20 मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हमने (हार्दिक और मैंने) बाद में इस बारे में बात की, और यह तय किया कि भविष्य में हमें जो भी (पिच) मिलेगी, हम उसकी शिकायत नहीं करेंगे। यह पूरी तरह ठीक है। इस आतिशी बल्लेबाज ने कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किस मिट्टी (पिच) पर खेलते हैं। ए चीजें आपके नियंत्रण में नहीं है। हमने वही किया जो हमारे नियंत्रण में था, हमें उसके अनुकूल ढलना था और उन परिस्थितियों के साथ आगे बढ़ना था। लेकिन यह रोमांचक मैच था।

सूर्यकुमार ने कहा, कोई भी मैच हो, एकदिवसीय या टी20 अंतरराष्ट्रीय, कम स्कोर वाला हो या अधिक स्कोर वाला अगर मैच प्रतिस्पर्धी होता है तो मुझे नहीं लगता है कि विकेट (पिच) मायने रखता है।

# बंगाल के तेज गेंदबाजों ने झारखंड को मात्र 173 रन पर समेट दिया

**भाषा।** कोलकाता



**आकाशदीप** की अगुआई में तेज गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से बंगाल ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के पहले दिन मंगलवार को यहां झारखंड को पहली पारी में 173 रन पर समेट दिया। आकाशदीप (62 रन पर चार विकेट), मुकेश कुमार (61 रन पर तीन विकेट) और इशान पोरेल (26 रन पर एक विकेट) की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने ईडन गार्डन्स की तेज गेंदबाजी की अनुकूल पिच का फायदा उठाते हुए मिलकर सात विकेट चटकाए।

झारखंड की ओर से आधे से अधिक रन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कुमार सूरज ने बनाए जिन्होंने नाबाद 89 रन की पारी खेली। सूरज ने कुछ आकर्षक शॉट खेले और मैदान में चारों तरफ रन जुटाए। वह हालांकि सिर्फ 11 रन से अपना तीसरा प्रथम श्रेणी शतक पूरा नहीं कर पाए। सूरज के अलावा पंकज कुमार (21), आशीष कुमार (12) और शाहबाज नदीम (10) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। आशीष के रन आउट होने से झारखंड की पारी 66.2 ओवर में सिमट गई। खराब रोशनी के कारण बंगाल की टीम बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरी और 21 ओवर पहले ही दिन का खेल खत्म करना पड़ा। बंगाल के कप्तान मनोज तिवारी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद मेहमान टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। झारखंड ने 77 रन तक ही पांच विकेट गंवा दिए थे लेकिन सूरज ने टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

### क्विक न्यूज

## विहारी की चोट के बावजूद रिकी भुई और करण शिंदे ने आंध्र को संभाला

**इंदौर।** रिकी भुई के शतक और करण शिंदे के साथ बड़ी साझेदारी की मदद से आंध्र ने गत चैम्पियन मध्यप्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच के पहले दिन मंगलवार को कप्तान हनुमा विहारी के चोटिल होने के बावजूद मजबूत शुरूआत की। भुई 115 और शिंदे 83 रन बनाकर खेल रहे है। आंध्र ने पहले दिन दो विकेट पर 262 रन बना लिए। मध्यप्रदेश के कप्तान आदित्य श्रीवास्तव ने टॉस जीतकर आंध्र को बल्लेबाजी के लिए भेजा। आंध्र ने सी आर ज्ञानेश्वर (24) और अभिषेक रेड्डी (22) के विकेट जल्दी गंवा दिए। रेड्डी को मध्यम तेज गेंदबाज गौरव यादव ने पगबाधा आउट किया। उन्होने ही ज्ञानेश्वर को भी पवेलियन भेजा। विहारी को आवेश खान की बाउंसर पर चोट लगी जिस समय आंध्र का स्कोर दो विकेट पर 72 रन था। वह मैदान छोड़कर चले गए और बाद मे स्कैन मे पता चला कि उनकी कलाई मे फ्रेक्चर हुआ है। इसके बाद भुई और शिंदे ने पारी को संभाला। आवेश ने 19 ओवर गेंदबाजी की और 12 चौके दे डाले। दोनों बल्लेबाज अब तक 190 रन की साझेदारी कर चुके है।

## वेस्ट हैम ने एफए कप में डर्बी को 2-0 से हराया, मैनचेस्टर यूनाइटेड से होगी भिड़ंत

**डर्बी।** वेस्ट हैम ने सोमवार को यहां तीसरे टीयर की टीम डर्बी को 2-0 से हराकर पांचवे दौर मे जगह बनाई जहां उसकी भिड़ंत मैनचेस्टर यूनाईटेड से होगी। जेरेड बोवेन ने एक गोल करने के अलावा माइकल एंटोनियो के गोल मे मदद भी की जिससे इंग्लिश प्रीमियर लीग टीम वेस्ट हैम ने आसान जीत दर्ज की। वेस्ट हैम इस तरह शीर्ष 16 मे जगह बनाने मे नाकाम रहने वाला 12वां शीर्ष क्लब बनने से बच गया। इससे पहले मैनचेस्टर यूनाईटेड और वेस्ट हैम दो साल पहले पांचवें दौर के मुकाबले मे ओल्ड ट्रैफर्ड मे भिड़े थे और तब मैनचेस्टर यूनाईटेड ने 1-0 से जीत दर्ज करके अगले दौर मे जगह बनाई थी।

## एआईटीए ने मार्च में राष्ट्रीय व्हीलचेयर चैंपियनशिप कराने की घोषणा की

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने राष्ट्रीय व्हीलचेयर टेनिस चैंपियनशिप का पहला सत्र 27 से 31 मार्च तक इंदौर मे करने की मंगलवार को घोषणा की। एआईटीए से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, एआईटीए ने भारतीय टेनिस के इतिहास मे पहली बार राष्ट्रीय व्हीलचेयर चैंपियनशिप 2023 का आयोजन करने की घोषणा की है। इसका आयोजन 27 से 31 मार्च 2023 तक इंदौर टेनिस क्लब मे होगा। उन्होंने बताया, इसमे पुरुष और महिला दोनो वर्गो के मुकाबले होंगे। पुरुषों की स्पर्धा के लिए पुरस्कार राशि ढाई लाख रूपए होगी तो वही महिलाओ की चैंपियनशिप मे पुरस्कार राशि एक लाख रूपए होगी।

## एशियाई मिश्रित टीम बैडमिंटन में भारत ग्रुप में मलेशिया, यूएई और कजाखस्तान के साथ

**नई दिल्ली।** भारत को दुबई मे 14 से 19 फरवरी तक होने वाली एशिया मिश्रित टीम बैडमिंटन चैम्पियनशिप में मलेशिया, यूएई और कजाखस्तान के साथ ग्रुप बी मे रखा गया है। टूर्नामेंट मे 17 टीमें भाग लेगी जिसके ड्रॉ दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू की मौजूदगी में दुबई खेल परिषद में निकाले गए। यह टूर्नामेंट 2021 में कोरोना महामारी के कारण नही हो सका था। गत चैम्पियन चीन, कोरिया, सिंगापुर और उजबेकिस्तान को ग्रुप ए मे रखा गया है जबकि ग्रुप सी मे इंडोनेशिया, थाईलैंड, बहरीन, सीरिया और लेबनान है। ग्रुप डी मे 2017 की चैम्पियन जापान, चीनी ताइपै, हांगकांग और पाकिस्तान है। सभी टीमे राउंड रॉबिन प्रारूप मे खेलेंगी और शीर्ष दो टीमे नॉकआउट चरण मे जाएंगी। हर मैच मे दो एकल और तीन युगल मुकाबले होंगे।

# दीप्ति टी-20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंची

**भाषा।** दुबई



**भारत** की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा मंगलवार को जारी नवीनतम आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं और उनकी नजरें अब शीर्ष रैंकिंग पर टिकी हैं जिस इंग्लैंड की सोफी एकलेस्टोन काबिज हैं। दक्षिण अफ्रीका में चल रही महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला में नौ विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज 25 साल की ऑफ स्पिनर दीप्ति और इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर एकलेस्टोन के बीच अब सिर्फ 26 अंक का अंतर है।

दीप्ति के 737 अंक हैं और उन्हें नवीनतम रैंकिंग में एक स्थान का फायदा हुआ है। त्रिकोणीय श्रृंखला में चार विकेट चटकाने वाले दक्षिण अफ्रीका की बाएं हाथ की स्पिनर नोनकुलुलेको मलाबा भी एक स्थान के फायदे से 732 अंक के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। ये दोनों अगर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखती हैं तो इनके पास 10 फरवरी से दक्षिण अफ्रीका में शुरू होने वाले महिला टी20 विश्व कप से पहले एकलेस्टोन को पछाड़कर शीर्ष पर काबिज होने का मौका होगा। भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमें गुरुवार को ईस्ट लंदन में टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में भिड़ेंगे। भारत की बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ भी चार स्थान के फायदे से 14वें पायदान पर पहुंच गई हैं। इस हफ्ते शीर्ष 10 गेंदबाजों की रैंकिंग में काफी बदलाव हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज मेगान शुट छह स्थान आगे बढ़कर पांचवें और इंग्लैंड की तेज गेंदबाज कैथरीन स्किवर ब्रंट दो स्थान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गई हैं।

ऑस्ट्रेलिया की दाएं हाथ की बल्लेबाज ताहलिया मैकग्रा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर अपनी मजबूत स्थिति बरकरार रखी है। दक्षिण अफ्रीका की शीर्ष क्रम की बल्लेबाज लॉरा वूलवार्ट चार स्थान आगे बढ़कर नौवें स्थान पर पहुंच गई हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज और भारत के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया। पिछले हफ्ते अर्धशतक जड़ने वाली दक्षिण अफ्रीका की तजमीन ब्रिट्स 10 स्थान की छलांग के साथ 18वें पायदान पर हैं। वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज बल्लेबाजों की रैंकिंग में चार स्थान के फायदे से 22वें स्थान पर हैं।

# भारतीयों पिचों पर अभ्यास मैच खेलना अप्रासंगिक

**भाषा।** सिडनी




**ऑस्ट्रेलिया** के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ का कहना है कि चार टेस्ट मैचों की बोर्डर-गावस्कर श्रृंखला से पूर्व अप्रासंगिक भारतीय पिचों पर अभ्यास मैच खेलने के बजाय उनकी टीम का अकेले अभ्यास करना बेहतर है। ऑस्ट्रेलिया ने महीने भर चलने वाली टेस्ट श्रृंखला के दौरान भारत में एक भी अभ्यास मैच नहीं खेलने का फैसला किया है। इसका मुख्य कारण यह है कि मेजबान देश अभ्यास के लिए घास वाला विकेट मुहैया कराता जबकि वास्तविक मुकाबलों के लिए स्पिन की अनुकूल पिचें तैयार की जाएंगी।

सोमवार को अपने करियर में चौथी बार देश के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले स्मिथ ने कहा कि उनकी टीम को अभ्यास मैच की तुलना में नेट सत्र से अधिक फायदा होगा। पैट कमिंस की अगुआई वाली 18 सदस्ईय टीम ने श्रृंखला से पूर्व सिडनी में स्पिन की अनुकूल पिचों पर शिविर का आयोजन किया और नागपुर में नौ फरवरी से शुरू हो रहे पहले टेस्ट से पूर्व टीम बेंगलुरू में एक हफ्ते अभ्यास करेगी। टीम के भारत रवाना होने से पहले सोमवार को न्यूज.कॉम.एयू ने स्मिथ के हवाले से कहा, हम आम तौर पर इंग्लैंड में दो अभ्यास मैच खेलते हैं। इस बार भारत में कोई अभ्यास मैच नहीं है। उन्होंने कहा, पिछली बार जब हम वहां (भारत में) थे तो मुझे पूरा यकीन है कि हमें घास वाली विकेट मिली थी (अभ्यास करने के लिए) और यह अप्रासंगिक थी। उम्मीद है कि हमें वास्तव में अच्छी प्रशिक्षण सुविधाएं मिलेंगी जहां गेंद के वही करने की संभावना है जैसा पिच पर होने की उम्मीद है। स्मिथ ने ट्रेविस हेड और डेविड वार्नर को पछाड़कर एलेन बोर्डर मेडल जीता। भारत दौरे पर अभ्यास मैच शामिल नहीं करने के लिए ऑस्ट्रेलिया की आलोचना हो रही है क्योंकि यह लंबी श्रृंखला का अभिन्न हिस्सा होता है। स्मिथ ने हालांकि कहा कि कड़े नेट सत्र से स्पिनरों को बेहतर अभ्यास करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, बेहतर है कि हम अपने नेट पर अभ्यास करें और स्पिनरों को जितना मर्जी वह चाहें उतना गेंदबाजी करने का मौका मिले। स्मिथ की टीम को 2017 में भारत दौरे पर 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था।

उन्होंने संकेत दिए कि काफी सोच-विचार के बाद यह फैसला किया गया। उन्होंने कहा, हम इंतजार करेंगे और जब मैदान पर उतरेंगे तो देखेंगे। मुझे लगता है कि हमने अभ्यास मैच नहीं खेलने का सही फैसला किया है। जैसा कि मैंने कहा, पिछली बार उन्होंने हमारे लिए घास वाली पिच तैयार की थी (अभ्यास मैच के लिए) और हमने बामुश्किल स्पिनरों का सामना किया था इसलिए यह अप्रासंगिक है।

## दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय जूनियर महिला टीम का ऐलान

**भाषा।** बेंगलुरू

**हॉकी** इंडिया ने मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय जूनियर महिला टीम का ऐलान किया जिसमें प्रीति को कप्तान बनाया गया है। रूतुजा दादासो पिसल उपकप्तान होंगी। भारतीय टीम 17 से 25 फरवरी के बीच दक्षिण अफ्रीका जूनियर महिला टीम और ए टीम के खिलाफ मैच खेलेगी। भारतीय फॉरवर्ड पंक्ति में दीपिका सोरेंग, दीपिका, सुनेलिता टोप्पो, मदुगुला भवानी, अन्नु और तरणप्रीत कौर हैं। वहीं मिडफील्ड में ज्योति छत्री, मंजू चौरसिया, हिना बानू, निकिता टोप्पो, रितिका सिंह, साक्षी राणा और रूतुजा दादासो पिसल होंगी। डिफेंस का जिम्मा ज्योति सिंह, नीलम, महिमा टेटे और ममिता ओरम पर होगा। इनके अलावा अदिति माहेश्वरी, अंजलि बारवा, एडुला ज्योति और भूमिक्षा साहू रिजर्व खिलाड़ी होंगी। भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने कहा, यह दौरा अपने युवा खिलाड़ियों को आजमाने और उन्हें सही एक्सपोजर देने का सुनहरा मौका है।

## रहाणे आईपीएल के बाद लीसेस्टरशर के लिए काउंटी क्रिकेट खेलेंगे

**भाषा।** लीसेस्टर



**भारतीय** टीम से बाहर चल रहे अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे इस साल काउंटी क्रिकेट में लीसेस्टरशर का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस 34 बरस के खिलाड़ी ने पिछले साल जनवरी में भारत के लिए अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला था। क्लब से मंगलवार को हुई घोषणा के मुताबिक वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सत्र के बाद आठ काउंटी मैचों और वनडे कप के पूरे सत्र के लिए इस टीम को अपनी सेवाएं देंगे। आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व करने वाले रहाणे ने लीसेस्टरशर क्रिकेट टीम की वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, मैं आगामी सत्र के लिए लीसेस्टरशर से जुड़कर खुश हूं। मैं अपने नए साथियों के साथ खेलने और लीसेस्टर शहर का लुत्फ उठाने का इंतजार कर रहा हूं। रहाणे ने 2019 में हैम्पशायर का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने काउंटी पदार्पण पर नॉटिंघमशर के खिलाफ शतक बनाया था। इस रणजी सत्र में मुंबई का नेतृत्व करते हुए उन्होंने ने सात मैचों में 57.63 की औसत और एक दोहरे शतक की मदद से 634 रन बनाए हैं।

## बबीता फोगाट समिति में शामिल

### कुश्ती विवाद

**भाषा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रमंडल** खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पहलवान बबीता फोगाट भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ विभिन्न आरोपों की जांच के लिए गठित समिति में शामिल की गई हैं। खेल मंत्रालय द्वारा गठित समिति डब्ल्यूएफआई और उसके अध्यक्ष के खिलाफ यौन दुराचार, उत्पीड़न, धमकी देना, वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं की जांच कर रही है। विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और रवि दहिया जैसे नामी पहलवानों ने ए आरोप लगाए हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पूर्व पहलवान बबीता फोगाट को खेल मंत्रालय द्वारा गठित समिति में शामिल किया गया है जो भारतीय कुश्ती महासंघ का दैनंदिनी कामकाज देखेगी। इस समिति में महान मुक्केबाज एम सी मेरीकोम, पूर्व पहलवान योगेश्वर दत्त , पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी तृप्ति मुरगुंडे, पूर्व साइ अधिकारी राधिका श्रीमन और टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना के पूर्व सीईओ राजेश राजगोपालन शामिल है। खेलमंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा समिति का गठन किए जाने के बाद पहलवानों ने जंतर मंतर पर तीन दिन से चल रहा अपना धरना खत्म किया था। बाद में हालांकि पहलवानों ने कहा था कि समिति का गठन करने से पहले उनसे सलाह नहीं ली गई थी।

# इंडियन ऑयल ने 39वीं पीएसपीबी इंटर यूनिट हॉकी टूर्नामेंट का किया आयोजन

**लखनऊ।** अपनी समृद्ध प्राचीन विरासत को सहेजे हुए, अपनी गंगा-जमुनी तहज़ीब को साथ लिए चलते हुए एक आधुनिक और विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार के दृढ़ संकल्प से उत्तर प्रदेश आज सतत प्रगति और विकास के एक मॉडल के रूप में उभर रहा है।

देश की सबसे बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाला राज्य उत्तर प्रदेश में अपने विविध पहलों के माध्यम से अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए देश को गौरवान्वित कर रहा है। इन्हीं पहलों को अगले चरण में ले जाते हुए 10 से 12 फरवरी, 2023 तक लखनऊ में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का आयोजन किया जा रहा है। हॉकी दशकों तक हमारी कई पीढ़ियों के की भावनाओं से जुड़ा रहा है और आज भी है। इंडियनऑयल भी 'भारत की ऊर्जा' के रूप में राज्य के सपनों और आकांक्षाओं के साथ पूरी तरह से जुड़ा हुआ है और उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

